ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित


शनिवार, 7 जून 2025
वर्ष 35, अंक 132, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com


भगदड़ के जिम्मेदारों पर कार्रवाई शुरू 12

क्रूज ने सर्वाधिक छलांग लगाने का बनाया रिकॉर्ड 14


## तीन अगस्त को होगी नीट पीजी की परीक्षा

- सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड को दी अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीई) को शीर्ष अदालत के निर्देशों के अनुरूप तीन अगस्त को एक पाली में नीट-पीजी 2025 परीक्षा आयोजित कराने की अनुमति दे दी।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने शुरू में एनबीई द्वारा परीक्षा आयोजित करने के लिए दो महीने से अधिक का समय देने के अनुरोध पर सवाल उठाया था। पीठ ने कहा कि बोर्ड की दलील उचित प्रतीत होती है। हालांकि, शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि नीट-पीजी 2025 परीक्षा कराने के लिए एनबीई को और समय नहीं दिया जाएगा। एनबीई ने दलील दी कि शीर्ष अदालत के 30 मई के आदेश के अनुसार परीक्षा एक पाली में आयोजित की जानी है, इसके लिए लगभग 1,000 परीक्षा केंद्रों की आवश्यकता है। एनबीई की याचिका में कहा गया है कि वह 15 जून को होने वाली परीक्षा तीन अगस्त को सुबह नौ बजे से दोपहर साढ़े 12 बजे के बीच आयोजित करेगा।

# पहलगाम में इंसानियत व कश्मीरियत पर हुआ था हमला

- प्रधानमंत्री मोदी ने कश्मीर घाटी के लिए पहली रेल लाइन और चिनाब नदी पर निर्मित दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल का किया लोकार्पण

कटरा (जम्मू), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पाकिस्तान पर आरोप लगाया कि उसने पहलगाम में पर्यटकों को निशाना बनाकर इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला किया। इस हमले का मकसद भारत में सांप्रदायिक दंगे भड़काना और पर्यटन पर निर्भर कश्मीरी लोगों की आजीविका छीनना था।

प्रधानमंत्री ने कश्मीर घाटी के लिए पहली रेल सेवा को हरी झंडी दिखाने और चिनाब नदी पर बनाए गए दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल और भारत के पहले केबल-स्टेड अंजी पुल सहित कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद कटरा में आयोजित एक जनसभा में पाकिस्तान पर जमकर निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने कहा कि पर्यटन रोजगार उपलब्ध कराता है और लोगों को जोड़ने वाली कड़ी का काम करता है, लेकिन दुर्भाग्य से पड़ोसी देश मानवता, सद्भाव और पर्यटन का दुश्मन है। मोदी ने कहा कि मानवता के साथ पाकिस्तान गरीबों की रोजी-रोटी का भी दुश्मन है। 22 अप्रैल को पहलगाम में जो हुआ, वह इसका उदाहरण है।

मोदी ने कहा कि पिछले पांच वर्षों से जम्मू-कश्मीर में पर्यटन जोर पकड़ रहा था और रिकॉर्ड संख्या में पर्यटक आ रहे थे। कहा कि पर्यटन जम्मू-कश्मीर में गरीबों की रसोई का ईंधन है और पाकिस्तान ने जानबूझकर इस क्षेत्र को निशाना बनाया। कहा कि पाकिस्तान पर्यटन पर निर्भर पर्यटक गाइड, टट्टू संचालकों, गेस्ट हाउस मालिकों, दुकानदारों और ढाबा संचालकों की आजीविका के साधन को नष्ट करना चाहता था। आदिल, जिसने आतंकवादियों को चुनौती दी थी, वह भी रोजी-रोटी कमाने के लिए वहां गया था।



चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी, रेल मंत्री वैष्णव, राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला। ● एजेंसी

### नई रेल लाइन सशक्त जम्मू-कश्मीर का प्रतीक

प्रधानमंत्री ने कहा कि उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लाइन परियोजना एक नए और सशक्त जम्मू-कश्मीर का प्रतीक है तथा भारत की बढ़ती ताकत का स्पष्ट उद्घोष है। कहा कि चिनाब और अंजी पुल जम्मू-कश्मीर के लिए समृद्धि के प्रवेश द्वार के रूप में काम करेंगे। 272 किमी लंबी उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लिंक परियोजना के पूरा होने के उपलक्ष्य में वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने से पहले मोदी ने दो अत्याधुनिक पुल का उद्घाटन किया। रियासी जिले में वैष्णो देवी मंदिर के आधार शिविर कटरा के लिए 46,000 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।

# 5 साल बाद रेपो रेट में सबसे बड़ी कटौती

## भारतीय रिजर्व बैंक ने 0.5% घटाकर किया 5.5, आवास, वाहन ऋण समेत सभी तरह के कर्ज होंगे सस्ते

- एमपीसी के छह सदस्यों में पांच ने दरें घटाने के पक्ष में किया मतदान

मुंबई, अमृत विचार नेटवर्क/एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक ने आर्थिक वृद्धि तेज करने के मकसद से शुक्रवार को प्रमुख नीतिगत दर रेपो को उम्मीद से अधिक 0.5 प्रतिशत घटाकर 5.5 प्रतिशत कर दिया। रेपो दर में पांच साल में की गई यह सबसे बड़ी कटौती है।

इसके साथ ही अप्रत्याशित रूप से नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में भी एक प्रतिशत की कटौती की घोषणा की गई है। पहले यह 4 प्रतिशत थी, जो अब 3% होगी। यह कटौती चार हिस्सों में 6 सितंबर, 4 अक्टूबर, 1 नवंबर और 29 नवंबर से 0.25 प्रतिशत की दर से होगी। इससे बैंकिंग सिस्टम में 2.5 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त नकदी मिलेगी। आरबीआई के इस कदम से बैंकों के पास कर्ज देने के लिए अधिक नकदी उपलब्ध होगी जो अर्थव्यवस्था को गति देने का काम करेगी। इससे मकान, वाहन और अन्य कर्ज सस्ते होने की उम्मीद है।

आरबीआई ने यह कदम ऐसे समय उठाया है जब मुद्रास्फीति अप्रैल में घटकर लगभग छह साल के निचले स्तर 3.16 प्रतिशत और आर्थिक वृद्धि दर 2024-25 में चार साल के न्यूनतम स्तर 6.5 प्रतिशत पर आ गई है।

आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अगुवाई वाली छह-सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने प्रमुख ब्याज दर रेपो दर 0.50 प्रतिशत घटाकर 5.5 प्रतिशत करने का निर्णय किया। समिति के छह में से पांच सदस्यों ने इसके पक्ष में मतदान किया। इस कटौती के साथ आरबीआई इस साल फरवरी से लेकर अबतक रेपो दर में कुल एक प्रतिशत की कटौती कर चुका है। इस साल फरवरी और अप्रैल की मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर में 0.25-0.25 प्रतिशत की कटौती की गई थी। आरबीआई ने मई 2020 के बाद पहली कटौती फरवरी में की थी। मल्होत्रा ने कहा, रेपो दर में एक प्रतिशत की कटौती के बाद मौद्रिक नीति के पास वृद्धि को समर्थन देने के लिए अब सीमित गुंजाइश बची है।



केंद्रीय बैंक को विश्वास है कि उसकी घोषणाएं कर्ज देने को बढ़ावा देने में मदद करेंगी। चूंकि वैश्विक परिवेश अनिश्चित बना हुआ है, इसलिए निरंतर मूल्य स्थिरता के बीच घरेलू वृद्धि पर ध्यान देना और भी महत्वपूर्ण हो गया है। एमपीसी की अगली बैठक चार से छह अगस्त के बीच होगी।
– **संजय मल्होत्रा**, आरबीआई गवर्नर।

### चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए ग्रोथ के अनुमान को रखा बरकरार

यह कटौती ऐसे समय में की गई है जब मार्च में समाप्त वित्त वर्ष 2024-25 में आर्थिक वृद्धि चार साल के निचले स्तर 6.5 प्रतिशत पर पहुंच गई है। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भी समान आर्थिक वृद्धि का ही अनुमान लगाया है। इसका कारण अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शुल्क नीतियों के बाद बढ़ता व्यापार तनाव है। भारत को विकसित राष्ट्र बनने के लिए अगले 20 वर्षों तक औसतन 8% की सालाना ग्रोथ रेट को बनाए रखना होगा। यह चुनौती भरा लक्ष्य है। केंद्रीय बैंक ने 2025-26 के लिए अपने मुद्रास्फीति अनुमान को चार प्रतिशत से घटाकर 3.7 प्रतिशत कर दिया है।

### रेपो रेट क्या है

जब हमें पैसे की जरूरत हो और खाता खाली हो तो हम बैंक से कर्ज लेते हैं। बदले में बैंक को ब्याज चुकाते हैं। इसी तरह बैंक को भी जरूरत या रोजमर्रा के कामकाज के लिए रकम की जरूरत पड़ती है। इसके लिए बैंक आरबीआई से कर्ज लेते हैं। बैंक इस लोन पर रिजर्व बैंक को जिस दर पर ब्याज चुकाते हैं, उसे रेपो रेट कहते हैं।

### 50 लाख रुपये के 20 साल के लोन पर मासिक ईएमआई पर घटेंगे 1570 रुपये

बरेली के चार्टर्ड अकाउंटेंट राजेन विद्यार्थी ने बताया कि अगर आपने 50 लाख रुपये का होम लोन 20 साल के लिए लिया है, जिसके लिए आप 8.5% का ब्याज दे रहे हैं तो आपकी मंथली ईएमआई 43,392 रुपये बनेगी। अब रेपो रेट में कटौती के बाद आपके बैंक की ईएमआई में बड़ी कमी होगी। यह ब्याज घटकर 8 फीसदी रह जाएगा, जिस कारण आपके होम लोन की ईएमआई 41,822 हो जाएगी। यानी मंथली किश्त में 1570 रुपये की कमी होगी।

### क्या पड़ेगा रेपो रेट का आपके ऊपर असर

जब बैंक को रिजर्व बैंक से कम ब्याज दर पर लोन मिलेगा तो उनके फंड जुटाने की लागत कम होगी। इस वजह से वे ग्राहकों को सस्ता कर्ज दे सकते हैं। मतलब यह है कि रेपो रेट कम होने पर होम, कार या पर्सनल लोन पर ब्याज की दरें कम होंगी।

# ढाई साल की बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में ढेर

- आरोपी पर घोषित किया गया था एक लाख रुपये का इनाम
- एसीपी कैंट आफिस के पीछे चेकिंग के दौरान हुई मुठभेड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



दुष्कर्म का आरोपी।

**अमृत विचार :** राजधानी लखनऊ में आलमबाग मेट्रो स्टेशन के नीचे से ढाई वर्षीय बच्ची को अगवा कर दुष्कर्म करने के आरोपी को शुक्रवार तड़के आलमबाग पुलिस ने मुठभेड़ में ढेर कर दिया। एसीपी कैंट कार्यालय के पीछे हुई मुठभेड़ में आरोपी के सीने में दो गोलियां लगीं। सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस ने आरोपी की पहचान दीपक वर्मा के रूप में की थी। पुलिस आयुक्त ने 1 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। आरोपी के पास से तमंचा, खोखा, 2 कारतूस और स्कूटी बरामद हुई है। आरोपी दीपक वारदात के बाद छिपते हुए शहर से भागने की फिराक में था।

डीसीपी मध्य आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि मुठभेड़ में मारा गया आरोपी दीपक वर्मा मूल रूप से ऐशबाग स्थित रामनगर कालोनी निवासी था। वर्तमान में वह पारा के डूडा कालोनी में रह रहा था। आरोपी दीपक ट्रेनों में अवैध तरीके से पानी बेचने और जागरण में झांकी आदि लगाने का काम करता था। आरोपी ने 4 जून की रात आलमबाग मेट्रो स्टेशन के नीचे परिवार संग सो रही बच्ची को अगवा किया। उसके बाद 50 मीटर दूर लिफ्ट के पास दुष्कर्म किया था। मेट्रो स्टेशन पर लगे सीसी कैमरे में पूरी घटना कैद हो गई थी।

सीसी कैमरे में कैद आरोपी की स्कूटी नंबर की आरटीओ से जानकारी हुई। पता चला कि स्कूटी डूडा कालोनी में रहने वाले विष्णु वर्मा के नाम से रजिस्टर्ड है। पुलिस टीम वहां पहुंची तो पता चला स्कूटी छोटा भाई दीपक चलाता है। सर्विलांस से पुलिस उसकी तलाश में लग गई। तड़के करीब 3:45 बजे इंस्पेक्टर आलमबाग सुभाष चंद्र सरोज और अन्य पुलिस कर्मी स्कूटी सवार की तलाश में लग गए। इसी बीच गन्ना संस्थान रोड पर देवीखेड़ा के पास सफेद रंग की संदिग्ध स्कूटी दिखी तो पुलिस टीम ने रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगा जिसमें स्कूटी स्लिप होने से वह गिर गया और भागकर झाड़ियों में छिप गया और पुलिस पर फायरिंग करने लगा। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दीपक के सीने पर दो गोलियां लगीं और वहीं पर गिर पड़ा। दोपहर डॉक्टरों के पैनल ने वीडियोग्राफी में दीपक के शव का पोस्टमार्टम किया।

### 400 से अधिक सीसी कैमरों की फुटेज खंगाली

डीसीपी मध्य आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस की 5 टीमें इस मामले की छानबीन में लगाई गई थीं। दो टीमों को सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक करने के लिए लगाया गया था। आलमबाग मेट्रो स्टेशन समेत 400 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की गई। फुटेज की मदद से पुलिस ने आरोपी की पहचान के साथ ही उसके आने-जाने के रूट का पूरा ब्योरा तैयार किया था।

### सूचना

ईद-उल-अजहा (बकरीद) के अवसर पर अमृत विचार के लखनऊ कार्यालय में शनिवार (7 जून) को अवकाश रहेगा। अत: समाचार पत्र का अगला अंक सोमवार को प्रकाशित होगा।

–संपादक

### एक नजर

#### जी-7 की बैठक में भाग लेने कनाडा जाएंगे मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने कनाडा के कनानास्किस में होने वाली जी-7 के शिखर सम्मेलन बैठक में भाग लेंगे। मोदी ने शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क जे कार्नें ने फोन किया और उन्हें जी-7 की बैठक में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है।

## सहारनपुर में सेना के हेलीकॉप्टर अपाचे की हुई इमरजेंसी लैंडिंग

- तकनीकी खराबी के चलते खेत में उतारा गया

**लखनऊ, अमृत विचार :** सहारनपुर के चिलकाना इलाके में सेना के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। तकनीकी खराबी के कारण पायलट ने खेत में सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। इसके दोनों पायलट पूरी तरह से सुरक्षित हैं। घटना की सूचना मिलते ही सेना और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गए।

स्थानीय पुलिस-प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को सहारनपुर के जोधेबांस गांव में सेना के एक अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी के चलते आपात लैंडिंग कराई गई। हेलीकॉप्टर सरसावा एयरफोर्स स्टेशन से नियमित अभ्यास पर था। पायलटों ने सूझबूझ दिखाते हुए खेतों में सुरक्षित लैंडिंग कराई। घटना में कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। सेना की तकनीकी टीम ने मौके पर हेलीकॉप्टर की जांच की और सुधार के बाद उसे एयरबेस वापस भेज दिया गया।

## डिनो मोरिया, बीएमसी अफसरों के यहां छापा

- मीठी नदी से गाद निकालने के मामले में ईडी की कार्रवाई

मुंबई, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मीठी नदी से गाद निकाले जाने से जुड़े घोटाले' से संबंधित धन शोधन मामले की जांच के तहत शुक्रवार को महाराष्ट्र में अभिनेता डिनो मोरिया, बीएमसी के कुछ अधिकारियों और ठेकेदारों समेत अन्य के परिसरों पर तलाशी ली।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ये छापे महाराष्ट्र के मुंबई और केरल के कोच्चि में 15 से अधिक स्थानों पर मारे गए। इनमें मुंबई के बांद्रा (पश्चिम) में मोरिया के परिसर, उनके भाई सेंटिनो के ठिकाने शामिल हैं। इनमें बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) के अधिकारियों, ठेकेदारों और कुछ अन्य के परिसर शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि बीएमसी को गाद निकालने का उपकरण प्रदान करने वाली एक कंपनी- मेटप्रोप टेक्निकल सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड कोच्चि की है, इसलिए वहां भी तलाशी ली गई। आरोप है कि इस घोटाले के कारण बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) को 65 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि जांच धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत की जा रही है।

## हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी के बैंक खातों की होगी कुर्की

- 2.1 करोड़ बकाया वसूली के लिए सेबी ने दिया आदेश

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने गीतांजलि जेम्स के शेयरों में भेदिया कारोबार नियमों के उल्लंघन मामले में 2.1 करोड़ रुपये का बकाया वसूलने के लिए फरार हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी के बैंक खातों, शेयरों एवं म्यूचुअल फंड को कुर्क करने का आदेश दिया है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने यह कदम 15 मई को चोकसी को भेजे गए एक नोटिस के बाद उठाया है, जिसमें 15 दिन के भीतर भुगतान न करने पर संपत्ति के साथ बैंक खाते भी जब्त करने की चेतावनी दी गई थी।

चोकसी ने गीतांजलि जेम्स लिमिटेड के शेयरों में भेदिया कारोबार नियमों के उल्लंघन मामले में जनवरी, 2022 में सेबी द्वारा लगाए गए जुर्माने का भुगतान नहीं किया था जिसके बाद यह नोटिस जारी किया गया था। चोकसी गीतांजलि जेम्स का चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक होने के साथ प्रवर्तक समूह का हिस्सा भी था।

## मस्क की स्टारलिंक को भारत में मिला लाइसेंस

- देश में प्रदान करेगी उपग्रह आधारित इंटरनेट सेवा

नई दिल्ली, एजेंसी

उद्योगपति एलन मस्क की स्टारलिंक को भारत में उपग्रह संचार (सैटकॉम) सेवाओं के लिए लाइसेंस मिल गया है। यह कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो उसे देश में वाणिज्यिक परिचालन शुरू करने के और करीब ले जाएगी।

यूटेलसैट वनवेब और जियो सैटेलाइट कम्युनिकेशंस के बाद स्टारलिंक देश में उपग्रह आधारित इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए दूरसंचार विभाग से लाइसेंस प्राप्त करने वाली तीसरी कंपनी है। चौथी आवेदक, अमेज़न की कुइपर अभी भी अनुमोदन की प्रतीक्षा कर रह है।

सूत्रों ने बताया कि स्टारलिंक को लाइसेंस प्राप्त हुआ है। कंपनी को आवेदन करने के 15-20 दिनों में परीक्षण स्पेक्ट्रम प्रदान किया जाएगा। स्टारलिंक को अब सेवाएं शुरू करने से पहले वैध अवरोधन के लिए पहुंच प्रदान करने जैसे सुरक्षा मानदंडों का पालन करना होगा। यह लाइसेंस मस्क और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच सार्वजनिक रूप से हुए बड़े विवाद के कुछ घंटों बाद आया।

## बिजनौर में छह साल की बच्ची को आवारा कुत्तों ने नोचकर मार डाला

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर



- मां के साथ दूध लेने गई थी, बच्ची का पेट तक फाड़ दिया

**अमृत विचार :** दूध लेने मां के साथ गई 6 साल की बच्ची को लौटते समय कुत्तों के झुंड ने घेरकर बुरी तरह नोच डाला। घायल बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मामला थाना अफजलगढ़ के मोहल्ला फैजी कालोनी का है, जहां बच्ची यासमीन अपनी मां के साथ दूध लेने गई थी। लौटते समय मां, बेटी से करीब 100 मीटर आगे निकल गई और इस बीच बच्ची पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। कुत्तों ने बच्ची को 50 से अधिक जगहों पर काटा, उसका पेट तक फाड़ दिया। कुत्ते बच्ची के सिर व पेट का काफी मांस खा गए। कुत्ते बच्ची को घसीट रहे थे तो मां गुलशन ने चिल्लाकर लोगों से मदद मांगी। जब तक बच्ची को कुत्तों से छुड़ाया गया, उसकी मौत हो चुकी थी। बच्ची की मां ने बताया कि घर में दूध नहीं था, इसलिए दूध लेने गई थी। लौटते समय बेटी पीछे रह गई थी, तभी बच्ची को कुत्तों ने घेर लिया और बुरी तरह नोचा। बच्ची की चीख सुन शोर मचाया तो पीछे काम कर रहे मजदूरों ने कुत्तों को भगाया। मां गुलशन शादियों में बर्तन धोने का काम करती है और पिता मजदूरी करते हैं। बता दें कि चार माह पहले भी अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर आबाद में एक बच्चे की कुत्तों के हमले में मौत हो गई थी। नगरपालिका ईओ का कहना है कि घटना पालिका क्षेत्र से बाहर की है, कुत्तों को पकड़वाने की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की है।

# पर्यावरण व स्वच्छता के लिए बनाएं मोहल्ला समिति

### समाज की जरूरत के अनुरूप संसाधन व सुविधाएं जुटाना सरकार का दायित्व : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पार्षदों से अपील की है कि वे अपने वार्डों में मोहल्ला समितियां गठित कराएं। सफाई की निगरानी इस समिति के जिम्मे हो। साथ ही पौधरोपण और पर्यावरण संरक्षण से भी जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी सभ्य समाज के लिए उसकी जरूरत के अनुरूप आवश्यक सुविधाएं और संसाधन जुटाना सरकार का दायित्व होना चाहिए।

वे शुक्रवार को 4.52 करोड़ रुपये की लागत से नगर निगम गोरखपुर के सूरजकुंड कॉलोनी में बने प्रदेश के पहले कल्याण मंडपम का लोकार्पण करने के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। योगी ने नागरिकों को स्वच्छता और और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि किसी भी अच्छी व्यवस्था के लिए पहल करनी पड़ती है और यह सामूहिक जिम्मेदारी होती है। पीएम मोदी स्वच्छता को प्राथमिकता देते हैं। यह हम सबका भी दायित्व होना चाहिए। उन्होंने आश्वस्त किया कि हमारा प्रयास समाज के सभी तबके को उनकी आय के अनुरूप बेहतरीन सुविधाएं देना है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि गोरखपुर नगर निगम द्वारा बनाया जाने वाला 75 बेडेड वर्किंग वूमेन हॉस्टल महिला सशक्तिकरण की प्रतिमान लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर होगा।



### स्मार्ट सिटी के साथ सेफ सिटी पर भी जोर

योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्मार्ट सिटी का जो विजन दिया है, उसे सेफ सिटी में भी बदलना है। ऐसा शहर बनाना है जहां बेटी, व्यापारी, बच्चे, संभ्रांत समेत समाज का हर व्यक्ति खुद को सुरक्षित महसूस कर सके। इसके लिए पुख्ता व्यवस्था करनी होगी ताकि सुरक्षा में सेंध लगाने की हिम्मत करने वाले जान लें कि उन्हें इसकी क्या कीमत चुकानी पड़ेगी। योगी ने आह्वान किया कि हर व्यक्ति अपने घर के बाहर कैमरे लगवाए इससे प्रौद्योगिकी सुरक्षा का बड़ा माध्यम बनेगी।

### सभी को प्रकृति की शरण में जाना होगा

मुख्यमंत्री ने जलवायु परिवर्तन के कारण अत्यधिक बारिश, असमय बारिश और सूखा पड़ने के संकट की चर्चा करते हुए कहा कि ऐसे संकट पूरे क्षेत्र को चपेट में लेते हैं। मानव जनित समस्या के समाधान का मार्ग भी मानव को ही बनाना होगा। योगी ने कहा कि क्लाइमेट चेंज की भयावह स्थितियों से बचने के लिए प्रकृति की शरण में जाना होगा। उन्होंने पर्यावरण की समस्या के समाधान के पीएम मोदी के आह्वान के अनुरूप एक पेड़ मां के नाम लगाने, नदियों के कैचमेंट एरिया में दोनों तरफ पौधरोपण करने का अनुरोध किया।

# हर समस्या पर होगी प्रभावी कार्रवाई : सीएम

## जनता दर्शन में सुनीं समस्याएं, अपराधियों व भू माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में अपराधियों व भूमाफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। लोगों को आश्वस्त किया कि हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई होगी।

जनता दर्शन के दौरान योगी करीब 200 लोगों से मिले। अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं। समस्या से जुड़ी शिकायत पर तेजी से कार्रवाई करते हुए गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिपरक समाधान सुनिश्चित कराएं। अपराध व जमीन कब्जा किए जाने से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों व भूमाफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा यदि कोई दबंग, माफिया किसी की जमीन जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए। गरीबों को उजाड़ने वाले कतई न बख्शे जाएं। इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए लोगों को भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा।

उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। इस दौरान यह निर्देश भी दिया कि अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि जिन लोगों के पास आयुष्मान कार्ड है, उन्हें इलाज में किसी तरह की दिक्कत न आए। साथ ही जो पात्र लोग किन्हीं कारणों से वंचित हैं, उनके आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएं।


गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी

# असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा की उच्च स्तरीय जांच की मांग

**प्रयागराज, अमृत विचार।** बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज की ओर से पिछले दिनों संपन्न हुई असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा में दो दर्जन अभ्यर्थियों के सादी ओएमआर शीट जमा करने का दावा किया जा रहा है, के मामले की प्रदेश के मुख्यमंत्री और उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज से उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए आज फिर से पत्र लिखा है।

अभ्यर्थियों का आरोप है कि उच्च शिक्षा सेवा चयन आयोग का एक संविदा कर्मी भर्ती के दौरान गड़बड़ी के आरोप में अभी भी एसटीएफ की गिरफ्त में हैं, इससे पूर्व भर्ती प्रक्रिया पर उंगली उठ रही है। उच्च स्तरीय जांच के बाद मामले की सच्चाई सामने आएगी। उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज के वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि मामले की जानकारी मिली है जिसकी जांच हो रही है कि क्या इन अभ्यर्थियों ने परीक्षा के दौरान सादी ओएमआर सीट जमा किया था या नहीं। अगर सादी ओएमआर शीट जमा किया है तो जांच के बाद सख्त कार्रवाई होगी। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार दर्जनभर ऐसे अभ्यर्थी है जिन्होंने परीक्षा के दौरान ओएमआर शीट सेटिंग के तहत सादी जमा कर दिया है। अभ्यर्थियों का कहना है कि उच्च स्तरीय जांच के बाद मामले की सच्चाई सामने आएगी।

## एक नजर

### बीडीओ ने अस्थायी गोशाला का किया निरीक्षण

**पट्टी, प्रतापगढ़ :** बीडीओ मंगरौरा सुरेन्द्र बहादुर सिंह ने ग्राम पंचायत मलाक एवं पूरबपट्टी में अस्थाई गौशाला चन्द्रभानपुर एवं पूरबपट्टी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केयरटेकर उपस्थित रहे। निरीक्षण के समय गोशाला में साफ-सफाईजगोवंशों हेतु पानी की व्यवस्था ठीक मिली। भूसा प्रचुर मात्रा में भण्डारित मिला। चूनी चोकर 16 एवं 10 बोरी, गोवंश की स्थिति सामान्य थी। हरा चारा भी गोवंशों के लिये उपलब्ध है। गोशाला चन्द्रभानपुर में व्यवस्था समग्र रूप से अच्छी पायी गयी।

### युवक की हत्या के आरोपी ने कोर्ट में किया सरेंडर

**कोहड़ौर, प्रतापगढ़ :** अयोध्या-प्रयागराज हाईवे स्थित पूरे कोलाहल गांव की दर्शना देवी पत्नी जय शंकर विश्वकर्मा ने गांव के ही अजय विश्वकर्मा के खिलाफ कोतवाली नगर में तहरीर देकर केस कराया था कि वह उनके बेटे राज उर्फ राजन विश्वकर्मा को बीते 20 मई को घर से अपनी पल्सर से लेकर गया। कहा कि चलो घूम कर आते हैं और बेटे की हत्या करके शव को रेलवे ट्रैक पर रख दिया। जिसका शव ट्रेनों के आने जाने से क्षत विक्षत हो गया। पुलिस ने तहरीर पर केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। शुक्रवार दोपहर आरोपी अजय विश्वकर्मा ने सीजीएम कोर्ट में सरेंडर कर दिया।

### तबादले से जिले में आए 237 शिक्षक

**प्रयागराज।** शैक्षिक सत्र 2024-25 में पारस्परिक अंतर जनपदीय तबदले में प्रयागराज जिले के परिषदीय विद्यालयों को 237 शिक्षक, शिक्षिकाएं मिले हैं। बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने आवंटित विद्यालयों की सूची सभी खंड शिक्षाधिकारियों को भेजते हुए निर्देशित किया है कि संबंधित स्कूल में शिक्षक, शिक्षिकाओं को कार्यभार ग्रहण कराना सुनिश्चित करें जिससे कि शिक्षण में कोई परेशानी ना आने पाए।

# प्रयागराज के लिए शुरू की गई नियमित बस सेवा

संवाददाता, रानीगंज, प्रतापगढ़

**सुविधा**

**ब्लाक प्रमुख शिवगढ़ सत्यम ओझा व एआरएम आरपी सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया**

**अमृत विचार :** प्रयागराज के लिए परिवहन विभाग की नियमित बस सेवा शुक्रवार से शुरू हुई। ब्लाक प्रमुख व एआरएम ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। रानीगंज विधानसभा अंतर्गत दिलीपपुर क्षेत्र वासियों को प्रयागराज आवागमन के लिए जिला मुख्यालय पड़ता था। इससे असुविधा होती थी, इस समस्या को लेकर लोगों ने पूर्व विधायक धीरज ओझा से मिलकर बस सेवा की मांग की थी। धीरज ओझा ने प्रयागराज के लिए रोडवेज बस चलाये जाने की मांग प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से की। गुरुवार को ब्लाक प्रमुख शिवगढ़ सत्यम ओझा व एआरएम आरपी सिंह ने पूजन के बाद हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। क्षेत्रीय लोगों ने खुशी जताते हुए एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रमोद दुबे, एसआई हरिमोहन राजपूत, विपिन मिश्र,महेश मिश्र,राधा कृष्ण मिश्र,पूर्व प्रधान राकेश दत्त मिश्र,विवेक चंद्र त्रिपाठी,इंद्रजीत शर्मा,अमित उमर वैश्य हृदेश कृष्ण शास्त्री,चालक राम प्रकाश, परिचालक अनिल कुमार,गिरीश पाल आदि रहे।

# भारत गौरव विशेष ट्रेन से सावन में करें सात ज्योतिर्लिंग की यात्रा

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** इंडियन रेलवे केटरिंग एंड टूरिज्म कार्पोरेशन भारत गौरव विशेष ट्रेन से देश के सात ज्योतिर्लिंग यात्रा पूरा कराएगा।

लखनऊ रेल मंडल के अफसरों ने बताया है कि 30 जून से 11 जुलाई तक ट्रेन का संचालन किया जा रहा है उज्जैन में स्थित महाकालेश्वर ज्योतिलिंग,ओंमकारेश्वर ज्योतिर्लिंग, गुजरात में द्वारिकाधीश, भेटद्वारिका, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, सिग्नेचर ब्रिज, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नासिक में त्रियंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, पंचवटी, कालाराम मंदिर, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, औरंगाबाद में घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग एवं स्थानीय मंदिर के दर्शन के लिए विशेष ट्रेन चलाई जा रही है। यह ट्रेन गोरखपुर, मनकापुर जंक्शन, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज संगम, रायबरेली, लखनऊ, कानपुर, ओरई, झाँसी, ललितपुर जंक्शन से होकर गुजरेगी।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

खुली ई-निविदा सूचना संख्याः ETender-GSU-TRD-L04-25-26
दिनांकः 05-06-2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/गतिशक्ति, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ''खुली'' ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

**क्रम सं.-01,** कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल में टेकनिवास यार्ड में एक रनिंग लाइन और एक रेक हैंडलिंग प्लेटफार्म (प्लेसमेंट के प्रतीक्षा समय को कम करने के लिये छपरा ग्रामीण के विकल्प/अतिरिक्त के रूप में) के साथ नये गुड्स शेड के प्रावधान के सम्बन्ध में 25 केवी ओएचई विद्युतीकरण कार्य। टेंडर रिफरेंस नं.: ETender-GSU-TRD-L04-25-26, कार्य का अनुमानित लागत रूपया में: ₹ 64,72,175.46, धरोहर राशि रूपया में: ₹ 1,29,500/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया में: शून्य, निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः 27-06-2025 upto 14:45 Hrs., कार्य पूरा करने की अवधिः 06 माह।

• खुली ई-निविदा दिनांक 27-06-2025 को 14:45 बजे तक जमा कर सकेंगे।
• पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/गति शक्ति**
मुजाधि/विद्युत-56 **वाराणसी**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# डयूटी से गायब लेखपाल का बंद मिला मोबाइल, निलंबित

**प्रतापगढ़ :** डयूटी से नदारद लेखपाल का मोबाइल लगातार बंद मिला। लापरवाही पर सडीएम ने निलंबन की कार्रवाई की है। लालगंज तहसील में तैनात लेखपाल सुजीत कुमार यादव के पास सांगीपुर ब्लाक के खानीपुर, राजापुर, पूरे भगवत, अठेहा आदि गांवों का कार्यभार दिया है। इन दिनों आईजीआरएस के मामले को निस्तारण करने के लिए एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने लेखपाल से संपर्क करने का प्रयास किया तो उनका मोबाइल बंद मिला। लेखपाल का 27 से 31 मई के बीच लगातार मोबाइल बंद रहा और इस बीच वह न तो तहसील कार्यालय पहुंचे और न ही किसी राजस्व कार्यो में उपस्थित हुए।

**डा. हरिवंश राय बच्चन परास्नातक महाविद्यालय, ललऊखेड़ा (डीह) उन्नाव**

आवश्यकता है -

डी.एल.एड. पाठ्यक्रम हेतु प्राचार्य/ विभागाध्यक्ष एक पद एवं डी.एल.एड. के समस्त विषयों हेतु (एक-एक पद), प्राचार्य हेतु- एक पद।बीएड संकायाध्यक्ष हेतु- एक पद, बीएड संकाय के समस्त विषयों हेतु (प्रवक्ता), एक-एक पद परास्नातक स्तर हेतु। विज्ञान संकाय हेतु (प्रवक्ता) वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान, जन्तु विज्ञान (एक-एक पद), कला संकाय हेतु (प्रवक्ता) समाजशास्त्र, हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, राजनीति विज्ञान, इतिहास, अर्थशास्त्र (एक-एक पद) स्नातक स्तर हेतु। विज्ञान संकाय हेतु (प्रवक्ता) बायोटेक्नोलॉजी, आईटी गणित, जन्तु विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, वनस्पति विज्ञान (एक-एक पद) कला संकाय हेतु (प्रवक्ता) समाजशास्त्र, इतिहास, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, गृह विज्ञान, शिक्षा शास्त्र, संस्कृत (एक-एक पद) वाणिज्य संकाय हेतु- बी.कॉम के सभी विषयों हेतु (दो पद) । व्यवसायिक संकाय हेतु - बी.कॉम के सभी विषयों हेतु (दो पद) । व्यवसायिक वर्ग हेतु - बी.बी.ए., बी.सी.ए., बी.लिब (एक-एक पद)
नोट- योग्यता यू.जी.सी. के मानकानुसार।

**विज्ञापन के एक सप्ताह के भीतर महाविद्यालय में सम्पर्क करें।**

**सम्पर्क सूत्र मो.** - 7054211507, 7054211502
**ईमेल**-dhrbdc@gmail.com, **वेबसाइट** - www.dhrbm.com

**कार्यालय सेनानायक द्वितीय वाहिनी पी०ए०सी० सीतापुर**

**पत्रांक: क-07/2025** **दिनांक: जून 6, 2025**

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है द्वितीय वाहिनी पीएसी सीतापुर के परिधान केन्द्र को जवानो के वर्दी कपड़ा आदि सुख सुविधा एवं अन्य कल्याणकारी कार्य हेतु मासिक किराये पर दिया जाना है जिसके लिए टेण्डर दिनांक 11.06.2025 को 1200 बजे किया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक व्यक्ति/ठेकेदार किसी भी कार्य दिवस में रू0 300.00 फीस जमा कर टेण्डर फार्म प्रधानलिपिक कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है तथा रू0 5000.00 अर्नेस्ट मनी फार्म के साथ संलग्न कर प्रशासनिक कार्यालय में रखे टेण्डर बॉक्स में डाल कर टेण्डर में भाग ले सकते है। टेण्डर उसी दिन मेरे अथवा मेरे द्वारा अधिकृत अधिकारी द्वारा खोले जायेंगे, जिसका टेण्डर प्रतिमाह रिवेट पर अधिक पाया जायेगा उसका टेण्डर स्वीकृत किया जायेगा। अधोहस्ताक्षरी को टेण्डर बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

**सेनानायक**
**द्वितीय वाहिनी पीएसी सीतापुर**

# दर्जनभर गोवंश 15 मवेशी बरामद सात गिरफ्तार

**नैनी/प्रयागराज, अमृत विचार।** थाना नैनी एवं एसओजी यमुनानगर जोन की संयुक्त पुलिस टीम ने शुक्रवार को गौ-तस्करों के गिरोह का भंडाफोड़ कर दो महिला समेत सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से पुलिस ने मांस, 15 पड़वा व 11 छोटे बड़े गोवंश तथा घटना में प्रयुक्त एक मैजिक लोडर, दो स्कूटी व अन्य उपकरण बरामद किया है।

पुलिस के मुताबिक थाना नैनी व एसओजी यमुनानगर जोन की संयुक्त पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार नैनी के पुरा फतेह मोहम्मद मे पेट्रोल पंप से पहले सुफियान के घर दबिश देकर मोहल्ले के मो आशिफ पुत्र मो आदिल, मो सालिम पुत्र मो फाजिल, यासीफ उर्फ हसीब पुत्र सगीर, मो आदिल पुत्र मो सादिक, शबीहा उर्फ शमीमा पत्नी मो इब्राहिम एवं अरसला पुत्री मो इब्राहिम तथा मो समीर पुत्र मो नईम निवासी ग्राम कोनार थाना फूलपुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस को इनके पास से मांस, 15 पड़वा व 11 छोटे बड़े गोवंश तथा घटना में प्रयुक्त एक लोडर व दो स्कूटी व अन्य उपकरण ( लकड़ी का ठीहा, चार चापड़ लोहे का, 13 चाकू छोटा बड़ा, एक लोहे की कुल्हाड़ी लोहे की बेत लगी, एक लोहे की सुम्मी, 23 रस्सी ( पगहा) एवं एक इलेक्ट्रानिक कांटा) बरामद हुआ। पूछताछ में अभियुक्तों ने पुलिस को बताया कि हम लोग मैजिक लोडर से गोवंश की तस्करी करते हैं तथा गोवंश का वध कर स्कूटी से गोमांश बेचने का काम करते हैं। इस धंधे में जो मुनाफा होता है, उसे आपस में बांट लेते है।

**उत्तर प्रदेश सरकार कार्यालय क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एंव यूनानी अधिकारी, जिला पंचायत परिसर सुलतानपुर।**

संख्याः-2025-26/39/शास्त्रोक्त औषधि/यू0/502 दिनांकः 04.06..2025

निविदा-सूचना

एतद द्वारा क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एंव यूनानी अधिकारी जनपद सुलतानपुर एंव अमेठी के अधीनस्थ संचालित यूनानी चिकित्सालयों के लिए शास्त्रोक्त औषधि क्रय हेतु वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड-5भाग-1 के परिशिष्ट-19 में निविदा से सम्बन्धित सामान्य सिद्वान्त में निहित निर्देश के अनुसार सूचित किया जाता है कि राजकीय यूनानी चिकित्सालयों के लिए निर्मित औषधि आपूर्ति हेतु टेण्डर दिनांक 10.07.2025 समय 02.00 बजे अपराह्न तक क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एंव यूनानी अधिकारी कार्यालय सुलतानपुर कक्ष में टेंण्डर वाक्स में डाला जायेगा। दिनांक 10.07.2025 कों समय 03.00बजे अपराह्न में क्रय समिति के समक्ष टेण्डर खोला जायेगा। निविदा फार्म व शर्ते दिनांक 01.07.2025 से दिनांक 05.07.2025 तक कार्यालय कार्य दिवस में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एंव यूनानी अधिकारी कार्यालय सुलतानपुर से प्राप्त किया जा सकता है। यह निविदा वित्तीय वर्ष 2025-26 (दिनांक 31.03.2026 तक) के लिए मान्य होगा।

UP - 234711 **दिनांक:** 05/06/2025
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एंव यूनानी अधिकारी
सुलतानपुर

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड-2, लोक निर्माण विभाग, रायबरेली**

No. 1025/ 2Lekha/2025 Dated : 31-05-2025

ई-निविदा सूचना

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-2, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग, रायबरेली द्वारा प्रतिशत दर पर ई-टेण्डरिंग के माध्यम से समान प्रकृति के कार्य के अनुभव वाले ट्रान्सपोटरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने के नियमों से अवगत हो लें।

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | कार्य सम्पादन हेतु अधिशासी अभि0 का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभि0 का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | रायबरेली | आई0ओ0सी0एल0 मथुरा रिफाईनरी से निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0, रायबरेली केन्द्रीय भण्डार तक बल्क बिटुमिन की ढुलाई का कार्य। | 22.40 | 2.24 | 944.00 | 09 माह | निर्माण खण्ड-2, लो0.नि.वि, रायबरेली | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि. लखनऊ |

बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें सभी करो को जोड़ते हुये तथा जी0एस0टी0 करों को छोड़ते हुये लगाई गयी है।

बिड डाक्यूमेंट की धनराशि (निविदा शुल्क) कॉलम-6 के अनुसार केवल नेट-बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाइन यू0पी0 ई0-टेण्डर पोर्टल खाता में देय होगा। निविदा शुल्क की धनराशि की वापसी नहीं की जायेगी।

बिड डाक्यूमेंट से सम्बन्धित धरोहर धनराशि कॉलम-5 के अनुसार केवल नेट-बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाइन यू0पी0 ई0-टेण्डर पोर्टल खाता में देय होगा।

निविदा आनलाइन दिनांक 10.06.2025 की पूर्वान्ह 9:00 बजे से दिनांक 20.06.2025 की अपरान्ह 12:00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 20.06.2025 की अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 20.06.2025 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगीं। शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78-2-2018/42 आई0टी0/2017 (22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्ते http//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

UP - 234583 **दिनांक:** 06/06/2025
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

(प्रमोद कुमार सिंह राणा)
अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0,
रायबरेली

**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**सूचना**
मेरे पांच पुत्र क्रमशः प्रदीप कुमार, पिकू उर्फ आलोक, लालजी, रिंकू, शनि उर्फ सुमित हैं। जिनमें शनि उर्फ सुमित का चाल चलन ठीक नहीं है। वह अपराधिक प्रवृति का व्यक्ति है और हम लोगों से अलग रहता है। उसके गलत आचरण एवं चाल चलन के चलते मैंने व मेरे सभी पुत्रों ने उससे संबंध विच्छेद कर लिये हैं। मैंने उसे समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य या लेन देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा। वह स्वयं जिम्मेदार होगा- **मुन्नी देवी पत्नी राम आसरे, निवासी- बरौनाकलां, थाना -ऐरवाकटरा, तहसील -बिधूना, औरैया।**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे पुत्र SURENDRA KUMAR JC 675289M, Rank SUB/SKT के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम KUSHMA DEVI एवं जन्मतिथि 01.07.1962 दर्ज है। जो कि गलत है। जबकि मेरा सही नाम KUSUMA DEVI एवं सही जन्मतिथि 02.11.1961 है जो कि मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में भी अंकित है। KUSHMA DEVI एव KUSUMA DEVI दोनों मेरे ही नाम हैं। **कुसमा देवी पत्नी स्व0 अर्जुन निवासी-ई-1/750, विनय खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ**

**सूचना**
मेरी एल आई सी पालिसी नंबर 276750937 में मेरा घरेलू नाम श्रीमती पत्नी राम सजीवन दर्ज है, जबकि आधार आदि अभिलेखों के अनुसार मेरा सही नाम **निशा पत्नी राम सजीवन नि0- ग्राम जगतपुर भिचकौरा पो0 बेहटा कला जिला रायबरेली** है।

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र अभिनव वर्मा उर्फ साजन पुत्र शशि कुमार से सभी प्रकार के संबंध समाप्त कर लिया है और उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा उससे कोई वास्ता सरोकार नहीं है। अपने द्वारा किए गए कार्यो का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **शशि कुमार पुत्र बाबूलाल निवासी गौवनहा थाना खीरों जिवरायबरेली।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **अफरीन बानो पत्नी मो. आसिफ कुरैशी सुल्तानपुर रोड, इस्लामिया कालेज, राही जिला रायबरेली** का निवासी हूं। मेरी पुत्री के आधार कार्ड में शहनूर बानो लिखा है, जो गलत है। उसके जन्म प्रमाण पत्र में अनम कुरैशी लिखा हुआ है, जो कि सही है। अतः मेरी पुत्री के आधार कार्ड में शहनूर बानो के बजाय अनम कुरैशी किया जाए, जो कि सही है।

**सूचना**
मेरे सभी दस्तावेज में मेरा नाम जकाउल्लाह खान है, जबकि मेरी एलआईसी पॉलिसी नंबर-277234849 में गलती से जफरुल्लाह खान हो गया है,जबकि जफरुल्लाह खान और जकाउल्लाह खान एक ही आदमी हैं। मेरा सही नाम जकाउल्लाह खान ही है, भविष्य में मुझे जकाउल्लाह खान के नाम से जाना-पहचाना जाए। - **जकाउल्लाह खान पुत्र ऐजाज मोहम्मद खां, निवासी सिपहिया कोटवा, फैज़ाबाद, उ.प्र.।**

**सूचना**
मैं **मकबूल अहमद उम्र 54 वर्ष पुत्र हबीब अहमद निवासी-ग्राम हुनहुना परगना बसोढी तहसील रुदौली जिला अयोध्या उ.प्र.** का मूल निवासी हूँ। मेरी पांच संतान क्रमशः मंसूर भट्ट, मासूम महफूज पुत्रगण मकबूल अहमद व साबरीन (तलाक शुदा) आफरीन अविवाहित है। मंसूर भटट की शादी हो चुकी है। अन्य पुत्र-पुत्रियों की शादी और परिवार की जिम्मेदारी मेरे ऊपर है। मैं अक्सर बीमार रहता हूँ, परिवार की आय का कोई साधन नहीं है। इस समय मेरे पुत्र मंसूर भट्ट व बहू सुरैया मेरे कहने-सुनने में नहीं हैं। उनका चाल-चलन भी ठीक नहीं है। आये दिन नाजायज काम करते हैं। दोनों मुझसे कोई वास्ता व सरोकार नहीं रखते और असामाजिक तत्वों के बहकावे में आकर मुझको बहुत तंग कर रहे हैं। मैं अपने पुत्र मंसूर भट्ट व बहू सुरैया को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर इनसे हर प्रकार के सम्बंध समाप्त कर रहा हूँ। इनके द्वारा जो भी लेन-देन, कृत्य अब या भविष्य में किया जाता है तो मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सूचना**
जन साधरण को सूचित किया जाता है की नीरू बरूआ एवं रत्ना बरूआ एक ही महिला का नाम है। इनका आधार कार्ड रत्ना बरुआ के नाम पर बना है। **पता - बी/9 गेट न0 08 राज भवन परिसर उ0प्र0 लखनऊ, मो0- 9125744069**



**कार्यालय अधिषासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड नं0-2 (सिविल), लो0नि0वि0, लखनऊ**

पत्रांकः 1345/ई-टेन्डर/2025-26 दिनांक : 29.05.2025

**ई-प्रोक्योरमेण्ट नोटिस (विज्ञप्ति)**

1. अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड-2, (सिविल) लो0नि0वि0, लखनऊ महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के श्रेणी-ए, बी, सी एवं डी में भवन कार्य हेतु पंजीकृत निविदा दाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निम्नलिखित कार्य जिनकी निर्माण लागत सम्मुख अंकित है, प्रतिषत दर पर निविदा आमंत्रित करते है।

| क्रम सं0 | जनपद | कार्य का नाम | निविदा लागत (लाख में) | बिड सिक्योरिटी रू0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) जी.एस.टी. सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि (दिनो में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | लखनऊ | विधायक निवास-4 रायल होटल स्थित आवास सं0-37-38 में किचेन की टाइल्स, कैबिनेट बनाने का कार्य, एक बाथरूम के नवीनीकरण व पर्दा राड एवं अन्य सिविल सम्बन्धित कार्य। | 2.25 | 22500.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 2 | लखनऊ | राजभवन कालोनी स्थित आवास सं0-24 टाइप-5 में गैराज की फ्लोर को ऊंचा करने का कार्य एवं बाथरूम के क्षतिग्रस्त दो दरवाजों को बदलने एवं गैराज के क्षतिग्रस्त प्लास्टर को तोड़कर पुनः प्लास्टर कर रंगाई पुताई का कार्य। | 1.02 | 10200.00 | 680.00 | 30 दिन |
| 3 | लखनऊ | राजभवन कालोनी स्थित आवास सं0-8 टाइप-5 में किचेन कैबिनेट एवं किचेन वार्डरोब बनाने का कार्य, खुली अलमारी में पल्ले लगाने का कार्य एवं स्टोर में एक अलमारी बनाने का कार्य, एक खिड़की की मरम्मत एवं गैराज के फर्ष को ऊंचा करने, क्षतिग्रस्त शेड को बदलने का कार्य एवं अन्य आवष्यक मरम्मती कार्य। | 3.99 | 39900.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 4 | लखनऊ | विधायक निवास-2 के प्रांगण में गेट सं0-01 से लेकर गैराज सं0-07 तक व आवास सं0-117बी से लेकर 114बी तक क्षतिग्रस्त हो चुकी लाइन के स्थान पर नई सीवर लाइन डालने का कार्य। | 6.30 | 63000.00 | 860.00 | 30 दिन |
| 5 | लखनऊ | नवनिर्मित विधायक निवास दारूलषफा स्थित आवास सं0-1001 में दीमक की वजह से क्षतिग्रस्त वार्डरोब, किचेन कैबिनेट व कपबोर्ड को बदलने का कार्य एवं अन्य सिविल सम्बन्धित कार्य। | 2.30 | 23000.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 6 | लखनऊ | अपर डालीबाग कालोनी स्थित आवास सं0-12/1 टाइप-5 में क्षतिग्रस्त एक बाथरूम व किचेन की मरम्मत, क्षतिग्रस्त खिड़की बदलने, अस्थायी क्षतिग्रस्त शेड का कार्य एवं अन्य आवष्यक मरम्मती कार्य। | 2.49 | 24900.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 7 | लखनऊ | कालिदास मार्ग स्थित आवास सं0-5ए में आफिस रूम की क्षतिग्रस्त विण्डो को हटाकर यू0पी0वी0सी0 की विण्डो लगाना, क्षतिग्रस्त व पुरानी पानी की टंकी बदलना, क्षतिग्रस्त किचेन की कैबिनट, कपबोर्ड एंव जंगयुक्त बास्केट बदलना व अन्य आवष्यक विविध मरम्मती कार्य। | 4.21 | 42100.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 8 | लखनऊ | कालिदास मार्ग स्थित आवास सं0-14 में एक अस्थाई बाथरूम का निर्माण करना व अन्य आवष्यक विभिन्न मरम्मती कार्य। | 4.15 | 41500.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 9 | लखनऊ | विधायक निवास-1 स्थित गेट नं0-1, 2 का सुन्दरीकरण हेतु फाल्स सीलिंग का कार्य। | 2.07 | 20700.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 10 | लखनऊ | विधायक निवास-4, रायल होटल स्थित आवास सं0-55-56 में एक बाथरूम के टाइल्स को बदलने का कार्य एवं किचेन कैबिनेट, कपबोर्ड बनाने, आवास के तीन खराब दरवाजों खिड़कियों व पल्लों का कार्य, वनपीस सीट व सिविल सम्बन्धी मरम्मती कार्य। | 3.25 | 32500.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 11 | लखनऊ | विक्रमादित्य मार्ग स्थित नया मंत्री आवास सं0-03 में सिविल अनुरक्षण एवं रंगाई पुताई का कार्य। | 2.50 | 25000.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 12 | लखनऊ | नवनिर्मित विधायक निवास दारूलषफा स्थित स्टैरकेस पर खुली खिड़कियों पर यू0पी0वी0सी0 से ढकने का कार्य एवं अन्य आवष्यक कार्य। | 5.13 | 51300.00 | 860.00 | 30 दिन |
| 13 | लखनऊ | विधायक निवास-2 (नया) की छत एवं दोनों सिस्टर विंग्स की छत पर पुरानी व जर्जर जी0आई0 लाइन को हटाकर नई सी0पी0वी0सी0 लाइन डालने एवं बिल्डिंग की छत पर पूर्व निर्मित आर0सी0सी0 टैंक संख्या-1 के क्षतिग्रस्त आर0सी0सी0 कवर को तोड़कर पुनः बनाने का कार्य। | 9.60 | 96000.00 | 860.00 | 60 दिन |
| 14 | लखनऊ | दारूलषफा कम्पाउण्ड स्थित बंगला न0-10 डा0 भीमराव अम्बेडकर महासभा कार्यालय में बाबा साहेब के जन्म दिवस समारोह हेतु परिसर में टेंट, फर्नीचर, कार्पेट बिछाने व अन्य सजावटी कार्य एवं रंगाई पुताई तथा तथा अन्य सिविल अनुरक्षण सम्बन्धी कार्य। | 1.50 | 15000.00 | 680.00 | 15 दिन |
| 15 | लखनऊ | विधायक निवास-2 (नया) के आवास सं0-113बी के दो बाथरूमों के पूर्ण नवीनीकरण करने, क्षतिग्रस्त फिटिंग्स व फिक्चर्स बदलने, आवास में दीमक रोधी उपचार कराने, एक कमरें की क्षतिग्रस्त अलमारी को बदलने, किचेन में वाल एवं फ्लोर टाइल्स लगाने, किचेन टाप बदलने व अन्य आवष्यक विभिन्न सिविल सम्बन्धी कार्य। | 4.19 | 41900.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 16 | लखनऊ | विधायक निवास-2 (नया) स्थित आवास सं0-125-126बी में किचेन कैबिनेट व कपबोर्ड बनाने, आवास सं0-125बी के दोनों कमरों की अलमारी के पल्लों को बदलने, किचेन की अलमारी में पल्ले लगाने व अन्य आवष्यक सिविल सम्बन्धी कार्य। | 3.36 | 33600.00 | 770.00 | 30 दिन |
| | | (द्वितीय बार निविदा आमंत्रण हेतु कार्य।) | | | | |
| 17 | लखनऊ | विक्रमादित्य मार्ग स्थित नया मंत्री आवास सं0-1 में बेडरूम की क्षतिग्रस्त फ्लोर टाइल्स की जगह पुनः टाइल्स लगाना, पीछे बने शेड में ब्रिक वर्क का पार्टीशन करना, आवास में बन हट के चारों तरफ पेबल स्टोन लगाना, आन्तरिक भाग की रंगाई पुताई करना व अन्य आवश्यक विभिन्न मरम्मती कार्य। | 2.43 | 24300.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 18 | लखनऊ | विक्रमादित्य मार्ग स्थित नया उपमंत्री आवास सं0-08 में मुख्य गेट एवं गैलरी के ऊपर धूप एवं बारिश के बचाव हेतु टीन शेड डालने का कार्य। | 1.07 | 10700.00 | 680.00 | 30 दिन |
| 19 | लखनऊ | गौतमपल्ली कालोनी स्थित आवास सं0-12 में किचेन में क्षतिग्रस्त किचेन कैबिनेट व किचेन कप बोर्ड को पुनः बनाना एवं स्टोर रूम की क्षतिग्रस्त टाइल्स बदलने का कार्य। | 1.22 | 12200.00 | 680.00 | 30 दिन |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 11.06.2025 से 16.06.2025 तक उपलब्ध है जो दिनांक 16.06.2025 को समय दोपहर 12:00 बजे तक निविदादाता द्वारा सबमिट/अपलोड किये जा सकते है। इसकी निविदा दिनांक 16.06.2025 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी दिनांक 11.06.2025 से वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

**UP-234647 दिनांक 05.06.2025 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

**अधिषासी अभियन्ता**
**अनुरक्षण खण्ड-2 (सिविल),**
**लो0नि0वि0, लखनऊ**
**ई-मेल : maintenancedivision2pwd@gmail.com**




# बकरीद आज, बाजारों में उमड़ी खरीदारों की भीड़

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


दुकान में सामान खरीदतीं महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार :** ईद-उल-अजहा यानी बकरीद पर्व आज मनाया जाएगा। सुबह होने वाली नमाज को लेकर जिले भर मे सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। शनिवार को ईदगाह व मस्जिदों में अलग-अलग समय पर नमाज के बाद कुर्बानी की सिलसिला शुरू होगा। शहर में सबसे बड़ी नमाज ईदगाह में अदा की जाएगी।

शुक्रवार को शहर व जिले की सभी ईदगाह मस्जिदों व आसपास के मार्गों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त कर ली गई और बिजली व पानी की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा के भी कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। नगर पालिका समेत सभी नगर निकायों को साफ-सफाई, पेयजल के साथ मस्जिदों के आसपास चूने के छिड़काव कराया गया। शहर के मोहल्ला पीरबटावन स्थित बड़ी ईदगाह में ईद-उल-अजहा की नमाज सुबह अदा की जाएगी। शहर के साथ फतेहपुर, कुर्सी, देवा, बंकी, जहांगीराबाद, मसौली, जैदपुर, सुबेहा, सिद्धौर, कोठी, हैदरगढ़, नई सड़क, दरियाबाद, रामसनेहीघाट, अलियाबाद, रामनगर, टिकैतनगर, सिरौलीगौसपुर, बांसा, सआदतगंज में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। ईदगाह कमेटियों ने रंग-रोगन भी कराया है। ईदगाह के इमाम ईद-उल-अजहा की नमाज के समय का एलान पहले ही करा चुके हैं। उधर बकरीद पर्व को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में रहीं। भीषण गर्मी के बावजूद बाजारों में खरीदारों की भारी भीड़ देखी गई। महिलाएं सूट के साथ चूड़ियों की मैचिंग करती दिखीं तो युवा कुर्ता, पायजामा, जींस और इत्र की खरीदारी करते नजर आए। धनोखर, सट्टी बाजार और घंटाघर जैसे प्रमुख बाजारों के अलावा निबलेट, नगरपालिका मार्केट, इंदिरा मार्केट और विभिन्न शॉपिंग मॉल्स में दिन भर भीड़ रही।

### एसपी ने फोर्स के साथ शहर में किया भ्रमण

पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा ईद-उल-अजहा त्योहार के दृष्टिगत थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल के साथ पैदल गश्त/भ्रमण करते हुए स्थानीय लोगों व आमजनमानस को सुरक्षा का अहसास कराया गया एवं सम्बन्धित को दिशा निर्देश दिये गये। गश्त के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक रामकिशन राना, प्रभारी यातायात रामयतन यादव व अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।


फोर्स के साथ गश्त करते एसपी।

## एक नजर

### चार आरोपी गिरफ्तार पिकअप बरामद

**बाराबंक, अमृत विचार :** सतरिख पुलिस ने अमन कुमार, सुनील कुमार, राशिद उर्फ अब्बा व विपिन को बरगदहा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से चोरी का एक जीवित पडवा, 3 एंड्रायड मोबाइल, 2120 रुपये नकद व घटना में प्रयुक्त एक पिकअप बरामद की गयी।

### पुलिस के हत्थे चढ़ा वांछित

**बाराबंकी, अमृत विचार :** फतेहपुर पुलिस ने शुक्रवार को बीएनएस व पॉक्सो एक्ट में वांछित रंजीत कुमार को फतेहपुर-रामनगर रोड से गिरफ्तार किया। विधिक कार्रवाई के बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।

### गिले-शिकवे भूल साथ रहने को राजी हुए दो जोड़े

**बाराबंकी, अमृत विचार :** महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा काउंसिलिंग कर दो जोड़ों के मध्य सुलह करायी गयी। महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन प्रभारी (परिवार परामर्श केन्द्र) उपनिरीक्षक साधना सिंह ने दो जोड़ों के मध्य समझौता कराया।

### चौपाल में सुनीं समस्याएं

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** करौंदी में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। बीडीओ संजीव कुमार गुप्ता ने जन समस्याओं को सुना। उन्होंने बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जोड़ने के लिए सचिव को निर्देशित किया। इस दौरान ग्राम प्रधान व सचिव पवन कुमार व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### किसान के बयान दर्ज

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** खेत में बीज बोने के बावजूद फसल न होने की शिकायत पर पहुंचे जिला अपर कृषि अधिकारी ने किसान के बयान दर्ज किए। एंडौरा गांव के संजय सिंह ने जिला कृषि अधिकारी को दिए पत्र में बताया था कि उसने खरबूजे के बीज रामनगर में एक दुकान से लिए थे। लेकिन फसल नहीं हुई, तब इसकी जानकारी दुकानदार को दी तो उसने क्षतिपूर्ति देने का इंकार कर अभद्रता की।

### खूंटा उखाड़ने वालों पर दर्ज हुई रिपोर्ट

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** राजस्व टीम द्वारा जमीन की पैमाइश कर निशानदेही करवाने के दो दिन बाद खूंटा तोड़ने व धमकी देने वालों पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। थाना लोनीकटरा क्षेत्र के सदरुद्दीनपुर निवासी जगन्नाथ वर्मा ने पुलिस से की गई शिकायत में कहा है कि राजस्व टीम ने पुलिस बल के साथ हिस्सेदारों की मौजूदगी में भूमि की नपाई कर खूंटा गड़वा दिया था लेकिन दो दिन बाद तेज शंकर, संग्राम, लाल बहादुर, रामराज, हरगोविंद आदि ने टीम द्वारा गड़वाये गये खूंटे उखाड़ दिया।

### नौकरी का झांसा देकर ठगे गए रुपये वापस कराये

**बाराबंकी, अमृत विचार :** नौकरी का झांसा देकर एक व्यक्ति से 17 हजार रुपये की धोखाधड़ी कर ली गई। साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए संपूर्ण धनराशि आवेदक के खाते में वापस करा दी। जाकिर हुसैन निवासी सौहाई बसौली थाना फतेहपुर के बेटे को नौकरी देने के नाम पर 17,400 रुपये का फ्रॉड किए जाने का उल्लेख किया था।

# मुठभेड़ में शातिर गिरफ्तार

## पुलिस फायरिंग में घायल, तमंचा, नकदी और बाइक बरामद

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


मुठभेड़ में घायल बदमाश को लाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** देवा थाना क्षेत्र में गुरुवार रात पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में वेयरहाउस चोरी का वांछित आरोपी सैज हुसैन उर्फ फैय्याज हुसैन गोली लगने से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। घायल बदमाश के पास से 20 हजार रुपये नकद, एक तमंचा, एक मोटरसाइकिल और वेयरहाउस चोरी से जुड़ा सामान बरामद हुआ है।

स्वाट टीम और थाना देवा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के दौरान यह मुठभेड़ माती पुल से सैहारा रोड के पास हुई। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध व्यक्ति मौके पर मौजूद है। जब टीम ने चेकिंग के दौरान उसे रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगा और पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में उसके पैर में गोली लग गई। गिरफ्तार आरोपी सैज हुसैन निवासी गुल्लागीर कॉलोनी, कोतवाली नगर बहराइच हाल पता ग्वारी चौराहा, गोमतीनगर लखनऊ पहले भी वेयरहाउस चोरी के मामले में वांछित था। उस पर 2 मई को थाना देवा के टिकरिया गांव स्थित वेयरहाउस से कॉपर की छड़ और इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी करने का आरोप है। इस मामले में 3 अन्य आरोपियों को 4 जून को गिरफ्तार किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त सैज हुसैन एक मोटरसाइकिल चोरी के मामले में भी वांछित था, जिसके तहत थाना देवा में केस दर्ज है और बाइक 5 जून को बरामद की जा चुकी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी के अन्य साथियों पर पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं, जबकि एक अन्य साथी गोविंद पहले ही चिनहट थाने से गिरफ्तार होकर जेल भेजा जा चुका है। बताया गया कि सैज हुसैन गिरोह बनाकर लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों में चोरी की वारदातों को अंजाम देता था।

# संविदाकर्मी युवती से बैड टच, आरोपी पर केस

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकीः

**अमृत विचार :** जिले के एक सरकारी विभाग में संविदा पर कार्यरत युवती ने अपने सहकर्मी पर लगातार अश्लीलता व बैड टच का आरोप लगाया है। पीड़िता ने ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

युवती ने अपने शिकायती पत्र में बताया कि कार्यालय में कार्यरत एक वर्कर लंबे समय से उसके साथ अभद्र व्यवहार कर रहा है। आरोपी द्वारा आए दिन वेशभूषा पर आपत्तिजनक टिप्पणियाँ करना, अश्लील मजाक करना और बैड टच जैसी हरकतें करना आम हो गया था। विरोध करने पर आरोपी हल्के में बात को टाल देता और फिर वही हरकतें दोहराता। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी उसे घूरता है, जिससे वह खुद को कार्यस्थल पर असुरक्षित महसूस करती है। कई बार चेतावनी देने के बावजूद उसका व्यवहार नहीं बदला। अंततः मानसिक रूप से परेशान होकर पीड़िता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। पुलिस के अनुसार युवती की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

### एक युवती की फर्जी आईडी बना की अश्लीलता

शहर की एक युवती की इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर उसे परेशान करने के साथ ही अश्लीलता की जा रही। युवती के भाई ने आरोपी से बात की तो उसे धमकी दी गई। युवती की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। युवती ने बताया कि उसकी असली इंस्टाग्राम आईडी से मिलती-जुलती एक फर्जी आईडी बनाकर कोई शरारती तत्व उसके नाम और तस्वीरों का दुरुपयोग कर रहा है। उसकी असली आईडी अलग नाम से है, जबकि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके नाम से फर्जी आईडी बनाकर उसके मित्रों को अश्लील संदेश व गालियाँ भेजनी शुरू कर दीं। जब उसने इस पर आपत्ति जताई, तो आरोपित ने उसकी निजी तस्वीरें वायरल करने की धमकी देते हुए उसे गालियां दीं।

# ऑटो-बाइक की टक्कर में दो की मौत, नौ घायल

संवाददाता, देवा, बाराबंकी

**अमृत विचार :** शुक्रवार शाम टायर फटने से बेकाबू सीएनजी आटो ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौके पर जबकि दूसरे की जिला अस्पताल में मौत हो गई। वहीं आटो सवार नौ लोगों को सीएचसी भेजा गया, इनमें चार को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

हादसा देवा-कुर्सी मार्ग पर भिठौली के पास शुक्रवार की शाम हुआ। गांव के पास सवारियों को लेकर जा रहे सीएनजी आटो व एक बाइक में आमने सामने टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार संदीप कुमार (45) निवासी चेलाहिया थाना बड्डूपुर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि देवा थाना क्षेत्र के गंगवारा निवासी सहजराम (48) ने जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। उधर आटो पर सवार नौ लोग जख्मी हो गए। सूचना मिलते ही देवा कोतवाली प्रभारी अजय कुमार त्रिपाठी पुलिस बल के साथ तुरन्त घटनास्थल पर पहुंचे और सभी घायलों को एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवा भिजवाया। जहां से डाक्टरों ने टीपहार थाना देवा निवासी मिथुन (20), फतेहपुर निवासी दिनेश (42), कोडरीमऊ थाना मानपुर सीतापुर निवासी अल्ताफ (25), कस्बा देवा निवासी सौम्या (25) पत्नी इरफान को हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं गोपालपुर थाना देवा निवासी अरबाज अली (28), जगदीशपुर थाना देवा निवासी नरेंद्र सिंह की पत्नी सुमन सिंह (35), पुत्री पूनम सिंह (10), पुत्री आकांक्षा सिंह (6), और भटेहटा थाना जहांगीराबाद निवासी दयाशंकर (55) का सीएचसी देवा में इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की जानकारी होने पर नायब तहसीलदार देवा अभिषेक चक्रवर्ती ने भी घटना स्थल पर पहुंचे और सीएचसी जाकर घायलों का हाल जाना।

# पटरी की मरम्मत के चलते बंद रही क्रासिंग

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** रेल पटरी की मरम्मत के चलते केसरीपुर रेलवे क्रॉसिंग शुक्रवार को दोपहर से लेकर शाम तक बंद रही। शुक्रवार को बुढ़वल चौकाघाट स्टेशन के मध्य रेलवे पटरी पर अनुरक्षण कार्य चल रहा था। इस दौरान दोपहर करीब एक बजे केसरीपुर क्रॉसिंग का फाटक बंद कर देर शाम तक काम चला। जिसके चलते लोधेश्वर महादेव जाने व रामनगर आने वाले वाहनों को चौकाघाट घूम कर अपने गंतव्य को जाना पड़ा।

# चौपाल में बीडीओ ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत गोंदौरा में खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।

पंचायत भवन में आयोजित इस चौपाल में बीडीओ ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। बीडीओ जितेंद्र कुमार ने ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपनी पात्रता के अनुसार सरकारी योजनाओं का लाभ लें। खंड विकास अधिकारी ने महिलाओं से राष्ट्रीय आजीविका मिशन से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने की अपील की। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की भी जानकारी दी। सहायक विकास अधिकारी पंचायत अभय शुक्ला ने बताया कि जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र और परिवार रजिस्टर की नकल के लिए पंचायत भवन से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

# एसपी ने ली परेड की सलामी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक ने साप्ताहिक परेड की सलामी लेने के पश्चात परेड व पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित परेड ग्राउण्ड में शुक्रवार की परेड की सलामी ली। तत्पश्चात परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने हेतु दौड़ कराई गयी व पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चेक करते हुए अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने हेतु ड्रिल की कार्यवाही कराई गयी।

# न्यायाधिकारी ने कोर्ट चौपाल में निपटाए पांच मुकदमे

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** मेलारायगंज पंचायत भवन में न्यायाधीश ने कोर्ट चौपाल लगाकर पांच मुकदमों का निस्तारण किया।

सचल न्यायालय के न्यायाधिकारी कमल कांत तिवारी ने इन मामलों को आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निपटाया। ग्राम न्यायालय के न्यायाधीश कमल कांत तिवारी ने बताया कि सिरौलीगौसपुर क्षेत्र में हर 15 दिन पर एक कोर्ट चौपाल लगेगी। महीने में दो बार कोर्ट चौपाल के माध्यम से छोटे-छोटे मामलों का निस्तारण किया जाएगा। इससे गरीब लोगों को राहत मिलेगी और मामलों का जल्द निपटारा होगा।कोर्ट में बदोसरांय थाने के दो मामले और टिकैत नगर थाने के दो मामलों का निपटारा हुआ। साथ ही थाना सफदरगंज क्षेत्र के एक वारंटी का वारंट रिकॉल किया गया।

## सार-संक्षेप

### मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा पर झांकियों ने मोहा मन



बरैय्या स्थित श्रीरामजानकी मंदिर परिसर में कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम बरैय्या स्थित श्रीरामजानकी मंदिर के स्थापना दिवस एवं बाल स्वरूप भगवान राम की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा के अंतिम दिन गुरुवार को लखनऊ के सत्येंद्र मयूरी झांकी ग्रुप ने मनमोहक झांकियां प्रस्तुत कीं। पूजन-अर्चन के बाद मूर्तियों की स्थापना कर भंडारे का आयोजन किया गया। रात्रि में राधा-कृष्ण, शंकर-पार्वती और हनुमान की झांकियों ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रबंधक संजय कुमार वर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया।

### पांच शिकायतों में से दो का मौके पर समाधान



शिकायत का समाधान करतीं डाकघर अधीक्षक किरण सिंह। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** प्रधान डाकघर में शुक्रवार को डाक सेवा समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डाकघर अधीक्षक किरण सिंह की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कुल 5 शिकायतें सामने आईं। इनमें 3 लिखित और 2 मौखिक शिकायतें शामिल थीं। मौखिक शिकायतों का तुरंत समाधान कर दिया गया। यह कार्यक्रम पोस्टमास्टर जनरल मुख्यालय लखनऊ के सुनील कुमार राय के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। बैठक में सभी पोस्टमैन और फील्ड स्टाफ को निर्देश दिए गए कि वे समाधान दिवस का व्यापक प्रचार करें। इससे ग्राहकों की समस्याओं का जल्द समाधान हो सकेगा। अधीक्षक ने बताया कि अगला डाक सेवा समाधान दिवस 20 जून को होगा। कार्यक्रम में सहायक अधीक्षक डाकघर ध्रुव तिवारी, बाराबंकी उपमंडल के सहायक अधीक्षक मोहम्मद मोहसिन, हैदरगढ़ उपमंडल के निरीक्षक कपिल वर्मा, प्रधान डाकघर बाराबंकी के कार्यवाहक पोस्टमास्टर जितेंद्र सिंह और सहायक पोस्टमास्टर कृष्णा देवी मौजूद रहे।

### आठ लोगों ने किया रक्तदान, गांवों में चलेगी मुहिम


रक्तदान करता युवक और मौजूद किसान नेता। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन हरपालगुट और लोकशक्ति ने संयुक्त रूप से रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में आयोजित किया गया। जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान माया देवी, रवि गौतम, कन्हैया लाल, रावत, दीपचंद और संतोष कुमार समेत 8 कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। जिलाध्यक्ष के.के. गुड्डू यादव ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि वे खुद भी कई बार रक्तदान कर चुके हैं। जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी ने बताया कि संगठन के माध्यम से गांव-गांव में रक्तदान के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि रक्तदान से किसी को नया जीवन मिल सकता है। कार्यक्रम में सीएमएस बीपी सिंह, ब्लड बैंक प्रभारी डॉक्टर गौरव सिंह, पंकज वर्मा, जिला महासचिव अरविंद यादव, मोनू रस्तोगी, सुषमा देवी, सकीना बानो, अनीता वर्मा, शैल कुमारी, संजय यादव और सतीश मौर्य सहित कई लोग मौजूद रहे।

### 9 गांवों के किसानों को मिला खरीफ फसलों का प्रशिक्षण



गोष्ठी को संबोधित करतीं कृषि वैज्ञानिक। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** प्री खरीफ सीजन के दौरान विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 के तहत शुक्रवार को 9 गांवों में किसान गोष्ठियां आयोजित की गईं। इन गोष्ठियों का आयोजन विकास खंड हरख के बरायन गांव, देवा के इस्माइलपुर और मलूकपुर गांव में किया गया। विकास खंड बंकी के फतेहसराय, मोहिउद्दीनपुर और दरहरा गांव में भी गोष्ठियां हुईं। पूरेडलई विकास खंड के करौनी और डालमऊ गांव तथा सिरौलीगौसपुर के बीरापुर गांव में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिलाधिकारी द्वारा नियुक्त तीन टीमों के कृषि वैज्ञानिकों और अधिकारियों ने किसानों को प्रशिक्षण दिया। किसानों को खरीफ अभियान के तहत कृषि सामग्री की उपलब्धता की जानकारी दी गई। वैज्ञानिकों ने परंपरागत और प्राकृतिक खेती, मिट्टी परीक्षण के अनुसार उर्वरक प्रयोग, बीज और भूमि शोधन की जानकारी दी। किसानों को कीटनाशकों के कम प्रयोग, फसल चक्र और मिलेट्स की खेती व विपणन के बारे में भी बताया गया। यह अभियान 12 जून तक चलेगा।

## लिया जायजा

### प्यारेपुर सरैंया में संचालित अन्नप्राशन प्रेरणा महिला लघु उद्योग का किया निरीक्षण

# डीएम ने की समूह की महिलाओं की सराहना

संवाददाता, मसौली, बाराबंकी



समूह की महिलाओं के साथ डीएम शशांक त्रिपाठी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत प्यारेपुर सरैंया में संचालित अन्नप्राशन प्रेरणा महिला लघु उद्योग का निरीक्षण किया। यह प्लांट स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित किया जा रहा है, जहां पोषण युक्त पुष्टाहार का उत्पादन किया जाता है।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्लांट में लगी मशीनों और उत्पादन प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने तैयार हो रहे पुष्टाहार की गुणवत्ता की सराहना करते हुए उत्पादन में आ रही समस्याओं के निराकरण हेतु मुख्य विकास अधिकारी और उपायुक्त (स्वतः रोजगार) को आवश्यक निर्देश दिए। प्लांट की अध्यक्ष ममता ने बताया कि जून 2025 के लिए तैयार हो रहा पुष्टाहार क्षेत्र की सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि 6 माह से 3 वर्ष तक के बच्चों के लिए आटा बेसन हलवा, 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए आटा बेसन बर्फी, दलिया, मूंगदाल खिचड़ी तथा गर्भवती व धात्री महिलाओं हेतु विशेष प्रीमिक्स तैयार किया जा रहा है। वहीं कुपोषित बच्चों के लिए ऊर्जा युक्त हलवा प्रीमिक्स का निर्माण हो रहा है। निरीक्षण के दौरान यह भी बताया गया कि प्लांट वर्तमान में घाटे में चल रहा है क्योंकि पुष्टाहार की दरें वर्ष 2017 के मूल्य पर तय हैं, जबकि महंगाई काफी बढ़ चुकी है। जिलाधिकारी ने जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन देते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, प्रशिक्षु आईएएस तेजस कृष्ण प्रसाद, उपायुक्त (स्वतः रोजगार) बी. के. मोहन, जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार, खंड विकास अधिकारी संदीप श्रीवास्तव, सहायक विकास अधिकारी मदन लाल कनौजिया, जिला मिशन प्रबंधक विशाल तिवारी, ब्लॉक मिशन प्रबंधक जितेन्द्र पटेल, अभिजीत श्रीवास्तव, दिलीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# बारातियों की बस पर हमला तोड़फोड़, कई लोग घायल

संवाददाता, देवा, बाराबंकी

**अमृत विचार :** देवा-कुर्सी मार्ग पर गुरुवार देर रात बारात लेकर जा रही बस पर जेसीबी सवार दबंगों ने अचानक हमला कर दिया। ओवरटेक को लेकर हुए विवाद के बाद बस पर पथराव और तोड़फोड़ की गई, जिसमें बस के शीशे टूट गए और कई बाराती घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति संभाली, जबकि शुक्रवार को बस मालिक की तहरीर पर जेसीबी चालक समेत कई अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

बदोसरांय थाना क्षेत्र के ग्राम शेखनपुर निवासी समीर की बारात गुरुवार रात करीब 10 बजे लखनऊ के रसूलपुर जा रही थी। देवा कस्बे में कुर्सी मोड़ के पास ओवरटेक को लेकर बारातियों से भरी बस और एक जेसीबी के चालक के बीच विवाद हो गया। कुछ दूरी पर ही जेसीबी चालक ने बस को जबरन रोक लिया और अपने साथियों के साथ मिलकर बस पर ईंट-पत्थरों और डंडों से हमला कर दिया। घटना बड़का होटल के सामने की है, जहां हमलावरों की बाइक और एक नीली बलेनो कार भी मौके पर पहुंची। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में लिया। जेसीबी और बलेनो कार को थाने लाया गया, साथ ही क्षतिग्रस्त बस को भी पुलिस ने कब्जे में लिया। घायल बारातियों को प्राथमिक इलाज के लिए भेजा गया। देवा थाना प्रभारी अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि बस मालिक की तहरीर पर शुक्रवार को मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना में शामिल आरोपियों की पहचान सीसीटीवी फुटेज के आधार पर की जा रही है।



# समय से पूरी कराएं बाढ़ से बचाव की तैयारियां: डीएम

## बाढ़ से निपटने की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिये दिशा निर्देश

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एक बैठक हुई। इसमें जनपद में संभावित बाढ़ एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए राहत एवं बचाव की तैयारियों की समीक्षा की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि राहत कार्यों की समस्त तैयारियां समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से पूर्ण की जाएं, ताकि आपदा के समय किसी भी प्रकार की जनहानि न हो। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) खालिद अंजुम, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग विशाल पोरवाल, सभी उपजिलाधिकारीगण व संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**बाढ़ चौकियों और शरणालयों में हों समुचित व्यवस्थाएं:** बैठक में संवेदनशील व अति संवेदनशील गांवों का स्थलीय निरीक्षण कराने और जागरूकता कार्यक्रम चलाने के निर्देश भी दिए गए। कंट्रोल रूम के संचालन व सूचना आदान-प्रदान के लिए मजबूत व्यवस्था का निर्देश दिया गया।

आपदा राहत सामग्री जैसे फूड पैकेट, दवाइयां, तिरपाल, भूसा, लाइफ जैकेट आदि की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## बाढ़-कटान प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

संवाददाता रामपुर मथुरा, सीतापुर

**अमृत विचार :** बाढ़ और कटान प्रभावित क्षेत्रों की हकीकत जानने के लिए जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन ठोकरों का निरीक्षण किया।

बता दें कि अमृत विचार ने ठोकर निर्माण के दौरान आई समस्या को प्रमुखता से उजागर किया था। इसका संज्ञान जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने लिया। डीएम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र रामपुर मथुरा के ग्राम अखरी व बगस्ती का निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले चहलारी घाट स्थित गणेशपुर बांध पर परमगोंडा के पास बन रहे ठोकर का निरीक्षण किया। बाढ़ खंड बाराबंकी के अधिशासी अभियंता शशिकांत ने बताया कि एप्रोच बनाने के काम में नए तरीके से लोहे की जाली से पत्थर बांधकर किया जा रहा है। विधायक ज्ञान तिवारी ने आमजन से संवाद करते हुए, समस्याओं के निस्तारण की बात कही। परगोंडा के लोगों की आवाजाही का रास्ता खस्ताहाल है। इसको लेकर अमृत विचार खबर का प्रकाशन कर चुका है। ऐसे में पीडब्ल्यूडी सहायक अभियंता विवेक चौरसिया को डीएम की फटकार का सामना करना पड़ा।

विधायक ज्ञान तिवारी ने रामपुर मथुरा में निष्प्रयोजित पड़े प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बस स्टॉप बनवाने की बात की। परमगोंडा निवासी परशुराम ने डीएम से आवास की मांग की। उन्होंने बताया कि चिमलई गांव में कुछ लोगों ने जमीन कब्जा कर ली है।


परमगोंडा में ठोकर में आई दरार का निरीक्षण करते जिलाधिकारी।

## एसपी ने पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचारः** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी ली तथा परेड का निरीक्षण किया। परेड के दौरान उन्होंने अनुशासन बनाए रखने तथा टर्नआउट को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

एसपी ने क्वार्टर गार्द, आर्मरी, स्टोर, कैंटीन, परिवहन शाखा, यातायात कार्यालय, यूपी-112 पीआरवी यूनिट, पुलिस मेस, बैरक एवं आवासीय परिसर सहित समस्त शाखाओं का निरीक्षण किया।

### 8 नई डायल-112 टीमों को दिखायी हरी झंडी

**सीतापुर, अमृत विचार :** एसपी अंकुर अग्रवाल ने रिजर्व पुलिस लाइन्स में आयोजित समारोह में मुख्यालय 112 से प्राप्त 08 नए डायल-112 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर जनसेवा के लिए रवाना किया। इन वाहनों में एक इनोवा तथा सात स्कार्पियो वाहन शामिल हैं।

## असलहे के साथ दो शातिर गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार :** लहरपुर व खैराबाद पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्रों में चेकिंग के दौरान दो शातिरों को अवैध शस्त्र व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। थाना लहरपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान साहबे आलम उर्फ अजय निवासी मोहल्ला नरियन टोला, थाना तम्बौर को गिरफ्तार किया। उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। सीओ लहरपुर सुशील यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध करीब डेढ़ दर्जन अभियोग पूर्व में दर्ज हैं। इसी कड़ी में खैराबाद में भी एक शातिर की गिरफ्तारी की गई।

## दरगाह हक़ हू शाह का वार्षिक उर्स संपन्न

संवाददाता खैराबाद, सीतापुर

**अमृत विचार :** मोहल्ला बाज़दारी टोला स्थित दरगाह हज़रत हक़ हू शाह पर दो दिवसीय वार्षिक उर्स का आयोजन परंपरागत धार्मिक आस्था और सूफियाना रंग में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ सज्जादा नशीन शेख इशरत अली सादी सज्जादी की सरपरस्ती में दरगाह बड़े मखदूम साहब से जुलूस-ए-गागर व चादर के साथ किया गया।

इसके उपरांत कव्वाली की महफिल का आयोजन किया गया।

अगले दिन प्रातः कुरआन ख्वानी तथा सायंकाल कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शोएब मियां, सैय्यद खुर्शीद अहमद किरमानी, सैय्यद अफजाल मियां, हाफिज सैय्यद शारिक किरमानी, इमरान सिद्दीकी, इमरान किरमानी, नदीम अहमद, पूर्व सभासद शाहिद अली मोल्हे, जमाल अख्तर सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग मौजूद रहे।

## दो पक्षों में मारपीट 4 के खिलाफ केस

**सीतापुर, अमृत विचार :** सकरन क्षेत्र के ग्राम अदवारी में दो पक्षों में मारपीट हो गयी। इस मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गांव निवासी गनेश का आरोप है कि महेश, अनुरुद्ध, अरुण, गंगाराम ने आपसी विवाद में उसके सिर पर लाठी मार दी जिससे वह घायल हो गया। मारपीट के दौरान पीड़ित की जेब में रखे 12700 रुपये भी गिर गये। प्रभारी निरीक्षक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## घरों तक नहीं पहुंच रहा पानी

संवाददाता, सतरिख, बाराबंकी

**अमृत विचार :** विकास खंड हरख के रसूलपुर गांव में हर घर नल जल योजना की पाइपलाइन से जगह जगह पानी लीक हो रहा है। करोड़ों रुपये की लागत से बनी पानी टंकी का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है।

नगरौरा गांव में राजेश कुमार, आलोक कुमार, बेचालाल, मंटू और राम तीरथ के मकानों के सामने पाइपलाइन से पानी रिस रहा है। कार्यदायी संस्था ने पाइपलाइन बिछाने में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा। ग्रामीणों का कहना है कि टंकी के निर्माण के बाद से लगातार कोई न कोई समस्या बनी रहती है। ब्लॉक में कई बार शिकायत की गई, लेकिन न तो जांच हुई और न ही मरम्मत। गर्मी के मौसम में लोग पानी के लिए परेशान हैं। बीडीओ प्रीति वर्मा ने मामले की जांच का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि पानी का संचालन सुचारू कराया जाएगा। साथ ही किसी कर्मचारी की लापरवाही मिलने पर उसके खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।


लीकेज के चलते पाइप लाइन से निकलता पानी। अमृत विचार

## किसानों, व्यापारियों के लिए चल रहीं योजनाएं

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** पोखरा स्थित राज्य भंडार गृह परिसर में इंदिरा गांधी सहकारी प्रबंध संस्थान लखनऊ और होंडा गार्डन विकास एवं विनियामक प्राधिकरण नई दिल्ली के सहयोग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि अर्थव्यवस्था से जोड़ना था। प्रशिक्षण संयोजक मोहम्मद मिंजार ने केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। अर्याधन फाइनेंस के योगेन्द्र कुमार मिश्रा ने किसान, मिलर्स और व्यापारियों के लिए लोन योजनाओं की जानकारी दी। भंडार गृह प्रभारी बिपिन कुमार मिश्रा ने वैज्ञानिक भंडारण के बारे में बताया। उन्होंने गोदाम में उपयोग होने वाले यंत्रों और दवाइयों की जानकारी भी दी।

## तीन विवाहिताएं दहेज उत्पीड़न का शिकार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** हाल ही में तीन महिलाओं ने अलग-अलग मामलों में पति व ससुरालीजनों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए संबंधित थानों में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि उन्हें दहेज की मांग पूरी न करने प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया गया।

थाना दरियाबाद क्षेत्र की निवासी नजमा बानो ने आरोप लगाया है कि उनकी शादी वर्ष 2021 में मोहम्मद खालिद से हुई थी। शादी के बाद से ही मोटरसाइकिल और दो लाख रुपये नकद की मांग को लेकर उन्हें प्रताड़ित किया गया। मारपीट कर नाबालिग बच्ची समेत घर से निकाल दिया गया और धमकी दी गई कि दहेज न मिलने पर जला दिया जाएगा। शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम केवाड़ी की शबनम का विवाह धर्मेंद्र कुमार से 2017 में हुआ था। पीड़िता के अनुसार, पति धर्मेंद्र समेत ससुरालियों ने पांच लाख रुपये नकद, मोटरसाइकिल और सोने की चेन की मांग को लेकर मारपीट की और 2 जून को दोनों बच्चों सहित घर से निकाल दिया। नगर क्षेत्र की ही इरम खातून ने आरोप लगाया कि शादी के बाद दस लाख रुपये नकद, सात तोला सोना और अन्य सामान देने के बावजूद ससुराल पक्ष स्कॉर्पियो और प्लॉट की मांग करता रहा। विरोध करने पर 24 अप्रैल को उनके साथ मारपीट की गई और बच्ची सहित घर से निकाल दिया गया।

## मारपीट की घटनाओं में दो गंभीर रूप से घायल

**बाराबंकी, अमृत विचार :** दो अलग-अलग घटनाओं में युवक सहित दो लोगों पर जानलेवा हमला किया गया। हमले में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

पहली घटना कोतवाली नगर क्षेत्र की है। दशहराबाग निवासी शैलेश कुमार 4 जून की रात करीब 10 बजे गीता पैलेस, बड़ेल में एक मुण्डन में शामिल होने गया था। वहां पहले से मौजूद ग्राम छेदानगर थाना सतरिख स्थित ननिहाल में रहने वाले शिवम वर्मा ने लेन-देन को लेकर विवाद करते हुए शैलेश को अपशब्द कहे। विरोध करने पर शिवम ने लोहे की किसी वस्तु से शैलेश के सिर पर वार किए, जिससे उसका सिर फट गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। दूसरी घटना फतेहपुर थाना क्षेत्र की है। ग्राम डुबकी निवासी सर्वजीत 4 जून की रात करीब 9 बजे ग्राम लहसी में मजदूरी कर रिश्तेदार के घर लौट रहा था। तभी रास्ते में ग्रामवासी दिनेश वर्मा ने उसे जातिसूचक शब्दों से अपमानित करते हुए ईंट से सिर और शरीर पर हमला कर दिया। घायल सर्वजीत किसी तरह जान बचाकर वहां से निकला और मामले की शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित का आरोप है कि हमलावर ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी है।

## एक माह से उपडाकघर का प्रिंटर खराब

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** बुढ़वल शुगर मिल के निकट स्थित उपडाकघर में करीब एक माह से प्रिंटर खराब होने से खाता धारकों को पास बुक प्रिंट करवाने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोग बार बार डाक घर के चक्कर काट रहे और आए दिन खाता धारकों व डाक कर्मचारियों के बीच तू तू मैं मैं की नौबत आती है।

पोस्ट ऑफिस के बाहर खड़े लोगों ने बताया कि 15 दिन पहले खाता खुलवाया किंतु अब तक पासबुक नहीं प्राप्त हुई है। उन लोगों को पासबुक के लिए चक्कर लगाना पड़ रहा है। उप डाकपाल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि खराब प्रिंटर बनने को गया है जैसे ही प्रिंटर बनकर आ जाएगा, पासबुक अपडेट कर दी जाएगी।

## निर्माणाधीन मकान की छत से गिरे श्रमिक की मौत

संवाददाता, टिकैतनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के सीकरी गांव में शुक्रवार की शाम को निर्माणाधीन मकान में कार्य करते समय एक श्रमिक की छत से गिरने के कारण मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया, वहीं मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है।

रानीमऊ निवासी तिलक राम (60) मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। शुक्रवार को वह सीकरी गांव में लल्लू के निर्माणाधीन मकान पर छत की ढलाई के लिए शटरिंग के कार्य में लगा था। शुक्रवार शाम को छत की ढलाई के काम के दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह ऊंचाई से जमीन पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और तिलक राम को आनन-फानन में सीएचसी टिकैतनगर पहुंचाया गया। लेकिन वहां उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। तिलक राम की मौत की खबर जैसे ही उसके गांव रानीमऊ पहुंची, घर में कोहराम मच गया।

## निःशुल्क प्रशिक्षण को करें आवेदन

**बाराबंकीः अमृत विचार :** विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत पारंपरिक कारीगरों को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए है। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि चार ट्रेड के कारीगर इस प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं। इनमें धोबी, सुनार, नाई और बढ़ई शामिल हैं। प्रशिक्षण की अवधि 10 दिन की होगी। आवेदन के लिए कारीगर की उम्र 18 साल से ज्यादा होनी चाहिए। इच्छुक कारीगर 15 जून तक ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ आधार कार्ड, फोटो, बैंक पासबुक, पारंपरिक कारीगरी का प्रमाण पत्र और स्वयं के हस्ताक्षर अपलोड करने होंगे।

## व्यापार संगठन ने चलाया सदस्यता अभियान

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** उद्योग व्यापार संगठन की हैदरगढ़ इकाई द्वारा संगठन को मजबूत बनाने के लिए सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत बड़ी संख्या में व्यापारी संगठन से जुड़ रहे हैं। संगठन के हैदरगढ़ इकाई के अध्यक्ष योगेश द्विवेदी लंबरदार, उपाध्यक्ष शादाब अहमद, महामंत्री रामानुज चौरसिया, शिवाकांत दीक्षित, अमित वैश्य, विपिन साहू पूर्व सभासद, युसूफ खान, अंकित साहू, जुनैद खान, आदिल खान, विष्णु शुक्ला आदि पदाधिकारियों द्वारा हैदरगढ़ में व्यापारियों से मिलकर उन्हें संगठन से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।

**समर कैंप** — सभी राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थी हुए शामिल, प्लास्टिक के दुष्प्रभाव पर की गयी चर्चा

## छात्र-छात्राओं को दिया गया जूट के बैग बनाने का प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** समग्र शिक्षा अभियान के तहत चल रहे समर कैंप 2025 में शुक्रवार को पर्यावरण जागरूकता पर ध्यान दिया गया। कैंप में सभी राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के साथ इच्छुक अशासकीय सहायता प्राप्त और वित्त विहीन विद्यालयों के छात्र शामिल हुए।

कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों को सिंगल यूज प्लास्टिक के नुकसान समझाए गए। साथ ही उन्हें कपड़े के थैले, जूट बैग और कागज के लिफाफे बनाने का प्रशिक्षण दिया गया।


गतिविधियों में भाग लेतीं जीजीआईसी की छात्राएं। अमृत विचार



राजकीय हाईस्कूल मित्तई में कपड़े का बैग बनाना सिखातीं शिक्षिका।

जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी ने कैंप की गतिविधियों की निगरानी की। जिला समन्वयक अखिलेन्द्र सिंह ने राजकीय हाईस्कूल न्यामतपुर और राजकीय इंटर कॉलेज सिरौलीगौसपुर का निरीक्षण किया।

### सफलता के लिए जरूरी है लक्ष्य के प्रति समर्पण

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित समर कैंप में विद्यालय के पूर्व छात्र प्रभात सिन्हा ने कहा कि सफलता पाने के लिए लक्ष्य के प्रति समर्पण महत्वपूर्ण है। पूर्व छात्र और दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. एन के गुप्ता ने दांतों की देखभाल पर मार्गदर्शन दिया। प्रधानाचार्य राधेश्याम ने छात्रों को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में पूर्व छात्र दुर्गा शंकर मिश्र, पीटीए अध्यक्ष पवन कुमार, शिक्षक राम अधार आदि थे।



कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व छात्र प्रभात सिन्हा।

## सार-संक्षेप

### नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन

**तंबौर, सीतापुर, अमृत विचार :** ग्राम चांदी में नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के अवसर पर कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। शोभायात्रा में भगवान के विभिन्न स्वरूपों की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इस मौके पर शोभायात्रा में राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला उपाध्यक्ष जय वर्मा, राम सुमेर बाबा, विशाल, सुधा वर्मा, जगप्रताप, संजय वर्मा, जगदम्बा प्रसाद, रंजीत वर्मा, शिव भगवान, सत्यम, अर्पित, रामू वर्मा, अनिल, सुरेश, राजकुमार, लवकुश, सतेंद्र, धीरेंद्र सुधीर वर्मा, सुधाकर वर्मा, अभिषेक वर्मा, अरुण सहित भारी संख्या में महिलाएं बच्चे एवं ग्रामीण मौजूद थे।

### छात्राओं ने धोबिया घाट आश्रम का किया भ्रमण



धोबिया घाट आश्रम का भ्रमण करने वाली छात्राओं का दल। अमृत विचार

**नेरी, सीतापुर, अमृत विचार :** राजकीय कन्या इंटर कॉलेज नेरी में चल रहे समर कैंप के दौरान छात्राओं को हरदोई जनपद के धोबिया घाट आश्रम का भ्रमण कराया गया। गोमती नदी तट पर स्थित रमणीक स्थल की जानकारी दी गयी। भ्रमण कार्यक्रम राजकीय कन्या इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य रेखा श्रीवास्तव के निर्देशन में हुआ। छात्राओं का समूह जनपद सीमा से जुड़े धोबिया घाट पहुंचा। इस दौरान रामरूप अवस्थी, पल्लवी मिश्रा, प्रियंका मिश्रा, रामप्रकाश शुक्ला सहित विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रोपे गए पौधे

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** बेलहरा मार्ग पर स्थित साईं ग्रुप आफ कॉलेजेस परिसर में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत वन विभाग से प्राप्त कराए गए गुड़हल, बकैना, गोल्ड मोहर, सहजन आदि के औषधीय गुण वाले पौधों को रोपित किया गया। साथ ही इन पेड़ों की सुरक्षा का भी संकल्प लिया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रबंधक विपिन राठौर एवं विक्रांत राठौर उप प्रबंधक, फार्मेसी डिपार्टमेंट की प्रवक्ता सिद्धि जैन ने सहजन और गुड़हल का पौधा, साईं पीजी कॉलेज के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ दिनेश कुमार शुक्ला ने गुड़हल और बकैना, शशिकांत, प्रदीप यादव रोपित किया और इनकी देखभाल की जिम्मेदारी सभी उठाने का संकल्प लिया।


पौधरोपण करता स्टाफ।

### महेन्द्र जिलाध्यक्ष और राजीव कुमार महामंत्री निर्वाचित


चकबंदीकर्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कार्यालय सहायक चकबंदी अधिकारी, अंतिम अभिलेख गोदाम रोड पर चकबंदीकर्ता संघ का चुनाव शुक्रवार को हुआ। निर्विरोध चुनाव में महेन्द्र वर्मा को जिलाध्यक्ष और राजीव कुमार को महामंत्री चुना गया। अन्य पदों पर लालचंद कश्यप वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुशील कुमार कोषाध्यक्ष, राज कुमार सम्प्रेक्षक और दाताराम को संघ का संरक्षक नियुक्त किया गया। चुनाव की निगरानी बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी संजय कुमार विश्वास ने की। संघ के द्विवार्षिक अधिवेशन की अध्यक्षता तीन पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से की। इनमें बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी संजय कुमार विश्वास, चकबंदी कर्ता संघ के प्रदेश अध्यक्ष सहजराम कनौजिया और चकबंदी लेखपाल संघ के अध्यक्ष कुंवर आनंद प्रताप सिंह शामिल थे।

### बीडीओ की पहल महिलाओं को आर्थिक रूप से बना रही मजबूत

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** विकास खंड हैदरगढ़ में खण्ड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता के आने के बाद से विकास ने और तेज गति पकड़ी है। बीडीओ संजीव कुमार गुप्ता के नेतृत्व में क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ग्राम पंचायत करौंदी में मनरेगा के तहत तालाब खुदाई में 80 प्रतिशत महिला श्रमिकों को रोजगार दिया गया है। इस पहल से महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। इस सफल प्रयोग के बाद बरांवा, सरायगोपी, नरौली, दतौली चन्दा और हरपालपुर में भी तालाब निर्माण कार्य शुरू किए जा रहे हैं। इन परियोजनाओं में भी महिला श्रमिकों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने नवाचार के तहत जिले की पहली आधुनिक लाइब्रेरी शुरू कराई। कमेला ग्राम पंचायत में स्थित इस ज्ञान गांव लाइब्रेरी का उद्घाटन विधायक दिनेश रावत और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने किया।


ज्ञान गांव में बनी आधुनिक लाइब्रेरी।

### बोरी के पर्दे बढ़ाने और भिगोकर रखने के निर्देश


गौशाला का निरीक्षण करतीं बीडीओ। अमृत विचार

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** खंड विकास अधिकारी डॉ. नेहा शर्मा ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत खेवली और महरौड की गौशालाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि गौशालाओं में पशुओं को गर्मी से बचाने के लिए लगाए गए बोरी के पर्दे पर्याप्त नहीं थे। बीडीओ ने संबंधित सचिवों को तत्काल पर्दों की संख्या बढ़ाने और उन्हें पानी से भिगोकर रखने के निर्देश दिए। डॉ. शर्मा ने दोनों गौशालाओं में हरे चारे और भूसे की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने नियमित सफाई और पशुओं की गर्मी से सुरक्षा के लिए सभी जरूरी उपाय करने के निर्देश दिए। इसके बाद बीडीओ ने खेवली ग्राम में मनरेगा योजना के तहत खोदे जा रहे जोरिया तालाब का निरीक्षण किया। वहां 38 श्रमिक काम करते मिले। उन्होंने श्रमिकों से कार्य की गुणवत्ता और कार्यस्थल पर पानी व आवश्यक दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली। निरीक्षण के अंत में बीडीओ ने तालाब किनारे पौधारोपण किया।

### 25 तालाब बनेंगे, 52,500 रुपए मिलेगा अनुदान

**बाराबंकी : अमृत विचार :** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत लघु खेत तालाब निर्माण की योजना शुरू की गई है। भूमि संरक्षण अधिकारी ने बताया कि जिले में सामान्य वर्ग के किसानों के लिए 23 और अनुसूचित जाति के किसानों के लिए 2 तालाब बनाए जाएंगे। एक तालाब की कुल लागत 1.05 लाख रुपए है। इसमें मिट्टी के काम पर 82,600 रुपए और इनलेट की पक्की संरचना पर 22,400 रुपए खर्च होंगे। किसानों को कुल लागत का 50 प्रतिशत यानी 52,500 रुपए तक का अनुदान मिलेगा। तालाब का आकार 22x20x3 मीटर निर्धारित किया गया है। किसानों को कृषि विभाग की वेबसाइट पर पंजीकरण कराना होगा। तालाब की खुदाई पंजीकृत जेसीबी से करानी होगी। बांधों की मजबूती का काम श्रमिकों से कराया जाएगा। किसानों को पहले पूरी लागत खुद वहन करनी होगी। विभागीय मानकों के अनुसार मापन और सत्यापन के बाद अनुदान की राशि दो किस्तों में डीबीटी के जरिए किसान के खाते में भेजी जाएगी।

## एक नजर

### तालगांव में चेकिंग के दौरान पकड़ा गया शातिर

**सीतापुर, अमृत विचार :** तालगांव में चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक शातिर को धर दबोचा। आरोपी के कब्जे से असलहा और कारतूस बरामद हुए। सीओ लहरपुर सुशील यादव ने बताया कि चेकिंग के दौरान तालगांव पुलिस ने महबूब आलम उर्फ बाला निवासी ग्राम तवाव का पुरवा, थाना तंबौर को शाहाबाद-मोहम्मदीपुर मोड़ के निकट शेरपुर से गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से एक तमंचा एवं 12 बोर और कारतूस बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार, महबूब आलम शातिर और अभ्यस्त अपराधी है। उसकेि खलाफ एक दर्जन से अधिक मुकदमें पंजीकृत हैं।

### नदी किनारे पौधरोपण अभियान चलाने के निर्देश

**सीतापुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि सरायन नदी के पुनर्जीवन के लिए चिह्नित स्थलों पर पौधरोपण कर पर्यावरणीय संतुलन को मजबूत किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि वर्षा जल के बहाव को नियंत्रित रखने तथा निरंतर जलापूर्ति सुनिश्चित करने हेतु छोटी नालियों पर बंधे बनवाए जाएं।

### पराविधिक स्वयं सेवकों के लिए आवेदन आमंत्रित

**सीतापुर, अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पराविधिक स्वयं सेवकों के 2025-2026 कार्यकाल के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अपर जिला जज / सचिव नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने बताया कि ऐसे व्यक्ति जो समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के लिए नि:स्वार्थ भाव से कार्य करना चाहते हैं, वे इस योजना से जुड़ सकते हैं। साक्षात्कार की तिथि एवं समय की सूचना कार्यालय के सूचना पट्ट और वेबसाइट – www.district.ecourts.gov.in/sitapur पर उपलब्ध कराई जाएगी।

# ईद-उल-अजहा आज, गुलजार रहे बाजार

## शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों की बाजारों में उमड़ी खरीदारों की भीड़, बकरों के भाव आसमान पर पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर



पुराना शहर स्थित बकरा मण्डी में खरीदारी करते लोग। अमृत विचार



मुख्य मार्ग पर सजी सेवइयों की दुकान। अमृत विचार

**अमृत विचार:** ईद-उल-अजहा शनिवार को मनाया जाएगा। शुक्रवार को खरीदारों से बाजार गुलजार रहे। शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों की बाजारों में खरीदारों की की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने मेवा और अन्य सामान खरीदे। पुराना शहर, खैराबाद और अन्य स्थानों पर बकरा मण्डी में बकरों के भाव आसमान छूते मिले।

पुराने शहर में सुबह से ही सिवईं और होटलों के बाहर लोगों की भीड़ जमा होने लगी। कुछ सिवईं तो बड़ी संख्या में लोग खोया भी खरीद रहे थे। यही हाल लालबाग स्थित मुख्य बाजार का था। रामकोट, पीतपुर, सोहरिया, खैराबाद सहित अन्य स्थानों से आए लोगों ने मेवा और जरूरत के अन्य सामान खरीदे। पुराना शहर और खैराबाद की बकरा मण्डियों में 50 हजार से अधिक के बकरे बिके। उधर, एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर कई स्थानों पर वाहनों का चेकिंग अभियान चला। पुराना शहर सहित अन्य स्थानों पर पुलिस बल गश्त करता मिला। अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह ने बताया कि शहर से लेकर अन्य स्थानों पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किये गए हैं। वाहनों की चेकिंग भी कराई जा रही है। बस अड्डा और रेलवे स्टेशन के बाहर संदिग्धों की तलाश की गई।

**खोये के बढ़े भाव, बाजार में मारामारी :** शहर की मुख्य बाजार घंटाघर, ग्रीक ग्रंज, लोहारबाग सहित कई स्थानों पर खोये की खरीद को लेकर भीड़ दिखी। भाव भी अन्य दिनों की अपेक्षा बढ़े हुए थे। पुराना शहर निवासी सैय्यद मतलूब हैदर, एजाज नकवी, हबीब उर रहमान और नफीस कहते हैं कि रोज की अपेक्षा भाव बढ़े हुए हैं। लेकिन सिवईं के लिए ये जरूरी है।

# राहगीर से टकरायी बाइक दो लोगों की हालत गंभीर

संवाददाता लहरपुर, सीतापुर

**रफ्तार की मार**

► लहरपुर थानाक्षेत्र रंगवा गांव के करीब हुआ हादसा

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रंगवा के निकट तंबौर जाने वाले मार्ग पर बाइक सवार ने सड़क पार कर रही वृद्ध महिला को टक्कर मार दी। जिससे वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। बाइक सवार और महिला दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के दारापुर निवासी 30 वर्षीय मोहम्मद अपनी पत्नी शाकरुन (28), पुत्र जीशान (6) और 4 वर्षीय रेहान के साथ लहरपुर से दवा लेकर वापस गांव जा रहे थे। ग्राम रंगवा के निकट 80 वर्षीय नंदरानी घर जाने के लिए सड़क पार कर रही थीं। इसी दौरान बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गई। हादसे में नंद रानी और अली मोहम्मद गंभीर रूप से घायल हो गए, अन्य को मामूली चोटें आई हैं। नंदरानी और अली मोहम्मद को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# पांच दिन में कराएं नाले की सफाई

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर,



गौशाला का निरीक्षण करतीं निदेशक सूडा। अमृत विचार

**अमृत विचार:** सरायन नदी के उद्धार में एक कदम और आगे बढ़ा है। राज्य नगरीय विकास अभिकरण की निदेशक ने भ्रमण करते हुए निर्देश दिए हैं कि सरायन नदी में गिरने वाले नालों में अपशिष्ट को रोकने के लिए विशेष प्रणाली लगाई जाए। निदेशक ने मोहल्ला कोट स्थित एमआरएफ सेंटर का निरीक्षण किया। मंदिर स्थित नाले का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को 10 जून तक नाले की पूरी सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

अमृत विचार सरायन नदी के उद्धार को लेकर सिलसिलेवार खबरों का प्रकाशन कर चुका है। इसी क्रम में राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूडा) की निदेशक अपूर्वा दुबे ने सरायन नदी का भ्रमण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि नदी में गिरने वाले नालों में आने वाले पानी का निरीक्षण करें और अपशिष्ट पदार्थों के रोकने का प्रबंधन करें। इस दौरान उन्होंने पौधों का रोपण किया। भ्रमण के बाद उन्होंने गेस्ट हाउस में समीक्षा बैठक भी की। बैठक में जनपद के सभी अधिशासी अधिकारी, डीपीएम (एसबीएम नगरीय) आदि मौजूद रहे।

# गुस्साये कोटेदार ने फेंके राशन कार्ड

**वीडियो वॉयरल**

संवाददाता, इमलिया सुल्तानपुर/ सीतापुर



जमीन पर पड़े राशन कार्ड को उठाती वृद्धा (वायरल वीडियो का स्क्रीनशॉट)।

**अमृत विचार:** सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें राशन लेने गए कई कार्डधारकों के राशन कार्ड जमीन पर पड़े दिखाई दे रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि समय से राशन लेने न पहुंचने से गुस्साए कोटेदार ने कार्डधारकों के राशन कार्ड जमीन पर फेंक दिए।

बता दें कि सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें पुरुषों के साथ महिलाएं भी खड़ी दिखाई पड़ रहीं हैं और उनके नजदीक ही जमीन पर कई राशन कार्ड पड़े दिखाई दे रहे हैं। जिस पर भीड़ में खड़े लोग वहां के कोटेदार पर राशन कार्ड फेंकने व लोगों को वहां से भगाने का आरोप लगाते हुए कोटेदार के खिलाफ काफी उग्र होते दिखाई दे रहे हैं। इसकी आवाज वायरल वीडियो में साफ सुनी जा सकती है। वायरल वीडियो ऐलिया ब्लॉक की ग्राम पंचायत कचनार के मजरा धवरसारा का बताया जा रहा है। फिलहाल मामले में विभागीय जांच आरंभ हो गई है।

## बारातघर के बाहर की जाए बैरिकेडिंग

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार:** खंड विकास अधिकारी शैलेंद्र कुमार ने बसंतीपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने अमृत वाटिका, अमृत सरोवर और बारात घर का निरीक्षण किया।

उन्होंने खेत में लगी नेपियर घास की सिंचाई निराई और गुड़ाई के लिए निर्देशित किया। खंड विकास अधिकारी ने बारात घर में साफ - सफाई और उसके चारों तरफ बैरिकेडिंग कर उसमें पौधरोपण किये जाने व अमृत वाटिका की साफ सफाई के साथ साथ आने वाले लोगों के लिए छायादार बैठने के लिए झोपड़ी बनाने के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर वीडीओ अविनाश चंद्र रस्तोगी, प्रधान रविंद्र कुमार वर्मा आदि मौजूद थे।

# दुर्घटना में घायलों को मिलेगा कैशलेस इलाज, योजना लागू

संवाददाता सीतापुर

**अमृत विचार :** सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए राहत बड़ी खबर है। केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित कैशलेस उपचार योजना-2025 को जनपद में भी प्रभावी रूप से लागू कर दिया गया है। इस योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों को दुर्घटना की तिथि से अधिकतम सात दिनों तक प्रति पीड़ित 1.5 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा दी जाएगी।

एडीएम (न्यायिक) खालिद अंजुम ने बताया कि यह योजना मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 162 के तहत लागू की गई है और इसका क्रियान्वयन राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के सहयोग से किया जा रहा है।

**शिकायत निवारण अधिकारी नियुक्त :** योजना के प्रभावी क्रियान्वयन व शिकायत समाधान के लिए ग्रीवांस रिड्रेसल ऑफिसर की नियुक्ति की गई है। जनपद में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। नागरिक अपने किसी भी सुझाव, समस्या अथवा जानकारी के लिए 9412288286 से संपर्क कर सकते हैं।

# स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बंद कराये तीन क्लीनिक

संवाददाता मछरेहटा/ सीतापुर

**अमृत विचार:** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दोपहर बाद कस्बे में क्लीनिकों और नर्सिंग होम की जांच की। इस दौरान खबर मिलते ही कई झोलाछाप शटर गिराकर रफूचक्कर हो गए। तीन क्लीनिक और मेडिकल स्टोर के प्रपत्र अपूर्ण मिलने पर टीम ने बंद करा दिया।

डिप्टी सीएमओ डॉ. इमरान अली मछरेहटा पहुंचे। अवैध क्लीनिक और नर्सिंग होम के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के नोडल अफसर के पहुंचने की खबर पल भर में चारों ओर फैल गई। कस्बे में बंगाली डाक्टर का क्लीनिक खुला मिला। जांच-पड़ताल शुरू हो गई तो दस्तावेज अपूर्ण मिले। डिप्टी सीएमओ द्वारा शटर में ताला लगवा दिया गया। इसके बाद टीम स्टार पैथालॉजी पहुंची। यहां भी नियमों से इतर नजारा मिला। जिसे बाद में बंद कराया गया। अरविंद क्लीनिक का भी शटर बंद कराया गया। जलालपुर और मिश्रिख रोड पर कई झोलाछाप शटर बंद कर फरार हो गए। स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी के दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ. कमलेश कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

## खेत की आग बुझाते समय किसान की मौत

**महोली, सीतापुर, अमृत विचार :** तहसील महोली क्षेत्र के कलवारी कला गांव में खेत में आग बुझाने के दौरान एक किसान की दम घुटने से मौत हो गई।

किसान रूपलाल यादव (60) खेत में बिखरी यूकेलिप्टस की सूखी पत्तियों को जला रहे थे तभी हादसा हो गया। बताते हैं कि कुछ दिन पहले गांव के बाहर खेत के पास यूकेलिप्टस के पेड़ काटे गए थे, जिनकी सूखी पत्तियां खेत में बिखरी थीं। घटना के दौरान आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और किसी तरह आग पर काबू पाया। झुलसे हुए रूपलाल को तत्काल एम्बुलेंस से महोली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# लहरपुर में बढ़ा बुखार का प्रकोप

संवाददाता लहरपुर, सीतापुर



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगी मरीजों व तीमारदारों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार:** बाढ़ और कटान प्रभावित क्षेत्रों से जुड़े लहरपुर तहसील क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुखार के मरीज तेजी से बढ़े हैं। शुक्रवार को 800 मरीज और तीमारदार अस्पताल में थे। जांच में 21 मरीज मलेरिया पॉजिटिव पाए गए। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक का कहना है कि अमूमन 600 मरीजों का आना अस्पताल में रोजाना होता है, लेकिन 200 मरीज नए बढ़ने पर चिकित्सीय उपचार कराया जा रहा है।

शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपेक्षाकृत भीड़ अधिक थी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 21 मरीज मलेरिया पॉजिटिव पाए गए। प्रतिदिन आने वाले 600 मरीजों के अतिरिक्त 200 नए मरीज भी थे। अधिकतर बुखार से पीड़ित थे। केंद्र पर उपस्थित डॉ. गोविंद गुप्ता और डॉ. अरविंद यादव द्वारा मरीजों को देखा जा रहा था। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अरविंद बाजपेई ने भी अपने कक्ष में मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर राहत देने का प्रयास किया। डॉ. अरविंद बाजपेई ने बताया कि मलेरिया पॉजिटिव मरीजों की बढ़ती संख्या को लेकर आशाओं को निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है। मरीजों का दावा है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में काफी समय से एक्सरे मशीन खराब पड़ी है। इसके चलते मरीजों को बाहर की दौड़ लगानी पड़ रही है।

**लापरवाही** | एक वर्ष पूर्व बाढ़ के पानी से क्षतिग्रस्त हो गयी थी सड़क

# एक वर्ष बाद भी नहीं हुई मार्ग की मरम्मत

संवाददाता, रामपुर मथुरा, सीतापुर



प्यारेपुरवा- बाबा कुटी अखरी जाने के मार्ग के उखड़ा खड़ंजा। अमृत विचार

**अमृत विचार:** रामपुर मथुरा विकास क्षेत्र बाढ़ प्रभावित इलाकों में आता है। यहां प्रतिवर्ष बाढ़ की चपेट से मकान व कृषि योग्य भूमि घाघरा नदी के कटान की जद में आ जाते हैं। बांध व घाघरा नदी के करीब स्थित गांव अखरी, जेठनहिया, प्यारेपुरवा, बाबा कुटी निरंजन पुरवा आदि गांव में पिछले वर्ष आई बाढ़ से कई मार्ग पानी के बहाव में कट गए थे। कहीं-कहीं पर मार्ग पर लगाया गया खड़ंजा धंस गया था। जिसको अभी तक दुरुस्त नहीं किया गया है। गांववासी देवराज तिवारी कहते हैं कि बारिश शुरू होने वाली है। अगर ऐसी ही स्थित बनी रही तो निकलना दूभर हो जाएगा। शिवमंगल का कहना है कि शिकायतों के बाद स्थितियां जस की तस है। राकेश कहते हैं कि जिम्मेदारों को तभी याद आती है, जब कोई हादसा हो जाता है। आशीष भजनू और रामभूर्ति का मानना है कि रास्ते दुरुस्त होने से आवागमन और सामान लाने और ले जाने में सरलता आएगी, इसलिए मार्ग दुरुस्त किया जाना आवश्यक है।

**पानी भरा होने से आवागमन में बाधा :** ग्राम पंचायत बरई बरुआ के मजरा बोधे पुरवा गांव के अन्दर से होकर ग्राम पंचायत चिमलई, दरियापुर, गोंदहा, कलुआ पुर बांध आदि जगहों का आवागमन होता है। बोधे पुरवा गांव के अंदर घुटनों तक पानी भरा होने के कारण आने जाने वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

**ये हैं बाढ़ प्रभावित इलाके :** ग्राम पंचायत अखरी, अंगरौरा, कलुआपुर सहित अन्य मजरे।

एडीओ ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि इस समस्या से उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है। जल्द ही मरम्मत कार्य शुरू कराया जाएगा।

# शिविर में ग्रामीणों को दी गयी योजनाओं की जानकारी

**इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर, अमृत विचार:** परसेंडी ब्लॉक की ग्राम पंचायत ढोलई खुर्द में विकासशील किसान कुंवर दिनेश प्रताप सिंह द्वारा समाज कल्याण के लिए एक कैंप का आयोजन किया गया।

इस कैंप के माध्यम से समाज कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही सारी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्पलाइन, दत्तक ग्रहण, हेल्पलाइन नंबर्स 181, 1090, 1076, 112, 108, 1098 तथा महिला कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं के बारे में जानकारी भी लोगों को दी गई। कैंप में जिला प्रोबेशन विभाग से मधु सिंह तोमर, मुकेश राजवंशी, विकलांगता विभाग से श्रीकांत बाबू, समाज-कल्याण विभाग से अर्श मवार, कैंप संचालक कुंवर दिनेश प्रताप सिंह के साथ- साथ ग्राम पंचायत ढोलई खुर्द की पंचायत सहायक सीमा देवी सहित अन्य कई लोग कैंप में उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### आदिलपुर में महिलाओं ने रखा निर्जला एकादशी का व्रत



निर्जला एकादशी का व्रत रखकर पूजन करतीं महिलाएं। अमृत विचार

**मछरेहटा, सीतापुर, अमृत विचार :** मछरेहटा-खैराबाद मार्ग पर आदिलपुर चौराहे के समीप हनुमान मंदिर में क्षेत्र की महिलाओं ने निर्जला एकादशी का व्रत रखकर पूजा-पाठ किया। हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए भक्तों को प्रसाद के रूप मे शर्बत पिलाया गया। यह मंदिर बीहट-बीरम निवासी शंकरबख्श सिंह ने बनवाया था। बताते चलें कि निर्जला एकादशी का व्रत पौराणिक मान्यता की दृष्टि से भगवान विष्णु को समर्पित है। ऐसी लोक मान्यता है कि इस व्रत को विधि विधानपूर्वक करने से सुख, शांति और धन धान्य की वृद्धि होती है। इस अवसर पर मीना सिंह, शिल्पी सिंह, शालिनी सिंह शरद सिंह, रिंकू सिंह, मुन्ना सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### क्षमता से कम ट्रांसफार्मर दे रहे हैं दंश



बिना दस्तानों के लाइन में फाल्ट ढूंढता लाइनमैन। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** क्षेत्र में आये दिन टूटते व जलते केबिल व जल रहे ट्रांसफार्मर के चलते नगर वासियों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। नगर क्षेत्र के विभिन्न फीडरों पर अत्यधिक लोड एंव विद्युत आपूर्ति के लिए लगाए गए ट्रांसफार्मरों की क्षमता कम होने के कारण ट्रांसफार्मर आए दिन जल जाते हैं। सबसे अधिक परेशानी रात में होने वाली फाल्ट के निस्तारण को लेकर होती है जिसको लेकर पूरे मोहल्ले की लाइट काट दी जाती है। मुशीर अहमद, मेराज खां, श्याम लाल, सरफुद्दीन, रियाज, रोशन लाल, निक्की, संतोष शर्मा, रईस खां, रमेश सिंह आदि ने मांग की है कि जिस क्षेत्र में फाल्ट की समस्या है, उस स्थान की ही लाइट काटी जाए बाकी उपभोक्ताओं को बिजली सुचारु रूप से उपलब्ध कराई जाई।

**तारों के मकड़जाल से बढ़े फाल्ट :रामपुर मथुरा।** रामपुर मथुरा विकास क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। जिससे पंखे व अन्य बिजली संयंत्र सही काम नहीं करते। बिजली के खम्भों पर तारों का मकड़जाल फैला हुआ है। जिससे अक्सर फाल्ट की वजह से सप्लाई बीच-बीच में बाधित हो जाती है।

### पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण जरूरी

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** निबौरी में कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने खेल मैदान में पीपल और बरगद के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। राज्यमंत्री ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण को संतुलित और सुरक्षित बनाए रखने के लिए पौधरोपण आवश्यक है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए, और वह पौधा मां के नाम हो, जिससे यह कार्य भावनात्मक रूप से भी जुड़ सके। कार्यक्रम के दौरान खंड विकास अधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रमुख कमलेश वर्मा, प्रधान सीमा देवी, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) जयप्रकाश वर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य उत्तम शर्मा, ग्राम पंचायत अधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह, एपीओ रेनू वर्मा, प्रधान प्रतिनिधि तीर्थराम वर्मा, लवकुश शुक्ला, टीए उमाशंकर एवं संतोष आदि मौजूद रहे।

### कागजों की चौपाल, नोडल अफसर ही नदारद



बीहट बीरम में आयोजित चौपाल के दौरान नदारद रहे जिम्मेदार। अमृत विचार

**मछरेहटा, सीतापुर, अमृत विचार :** ग्रामीणों को पंचायत स्तर पर ही योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने और समस्याओं के निस्तारण के लिए सरकार द्वारा ग्राम चौपाल आयोजित किए जाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन ग्राम चौपालों पर जिम्मेदारों की लापरवाही भारी पड़ रही है। मछरेहटा विकास खंड के ग्राम पंचायत बीहट-बीरम और ददेउरा में शुक्रवार को चौपाल का आयोजन किया गया। जहां बड़ी संख्या में विभागीय अफसर नदारद दिखे। ग्राम पंचायत बीहट-बीरम में एडीओ कोआपरेटिव मयंक वाजपेई, एडीओ कृषि संजीव कुमार, प्रधान चंदन सिंह, पंचायत सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री और स्वास्थ्य कर्मचारी को छोड़कर बाकी विभागीय जिम्मेदार नदारद रहे। प्रधान चंदन सिंह ने बताया कि सबसे ज्यादा समस्याएं राजस्व, बिजली और समाजकल्याण विभाग से संबंधित होती हैं, लेकिन विभागीय जिम्मेदारों की अनुपस्थिति के कारण लोगों को मजबूर होकर ब्लाक या तहसील प्रशासन तक भटकना पड़ता है। यहां चौपाल के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी (भूमि संरक्षण अधिकारी) अनुपस्थित रहे।

### किसानों में बढ़ाई प्राकृतिक खेती के लिए जागरूकता

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ग्राम किशुनपुर में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत 125 किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। ग्राम पंचायत किशुनपुर स्थित पंचायत भवन में नेशनल मिशन आन नेचुरल फार्मिंग योजनान्तर्गत कृषकों को प्राकृतिक खेती से होने वाले फायदों की जानकारी देते हुए प्राकृतिक खेती करने के लिए जागरूक किया गया। सहायक विकास अधिकारी कृषि राजकुमार वर्मा ने कृषकों को प्राकृतिक खेती के लिए जागरूक करते हुए उन्हें जीवामृत, घनजीवामृत बनाने की विधि के बारे में प्रशिक्षित किया। उर्वरक, कीटनाशक आदि का प्रयोग न करते हुए प्राकृतिक खेती करने के बारे में जागरूक किया। खंड तकनीकी प्रबंधक आशीष मिश्रा ने कहा कि प्राकृतिक खेती से पर्यावरण की रक्षा, जल संरक्षण और किसानों की आय में वृद्धि होती है। प्राकृतिक खेती करने से रसायन मुक्त अनाज मिलता है जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। कार्यक्रम में आशीष मिश्रा खंड तकनीकी प्रबन्धक, कृषि सखी ज्योति शुक्ला, रंजन सहित किसान नथाराम, विमल, ज्ञानेंद्र, गोरेलाल, अमित, विनय, रामजी आदि किसान मौजूद रहे।

### श्रीराम कथा सुनने से दूर होते हैं दु:ख : पं. सूरज



कथावाचक पंडित सूरज त्रिवेदी।

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** लच्छन नगर में शिव दरबार की मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर चल रही श्रीमद्भागवत कथा की पूर्णाहुति शुक्रवार को कन्या भोज सहित भंडारे के साथ की गई। ग्राम लच्छन नगर स्थित शिव मंदिर में शिव परिवार की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा वैदिक मंडल के आचार्यों द्वारा पूजा अर्चना कर की गई। इस मौके पर कन्या भोज व भंडारे का आयोजन किया गया। श्रीमद्भागवत कथा को विराम देते हुए पंडित सूरज त्रिवेदी ने श्री राम विवाह की कथा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि श्रीराम कथा सुनने मात्र से ही मनुष्य सभी दुखों से मुक्त होकर प्रभु की कृपा का पात्र हो जाता है। इस मौके पर प्रमुख रूप से ग्राम प्रधान विवेक शुक्ला उर्फ पोनू, यजमान सुशील शुक्ला, विनोद शुक्ला, अशोक शुक्ला, सोनू शुक्ला, ज्ञानेश, अंश, चंदन, अंकुर, मोहित, अमन, रजनेश, महेश, बिंद्रा, शशिकांत आदि मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन और कंटेनर की भिड़ंत में दो की मौत

## पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर हादसा, साथी की हालत गंभीर

शुकुल बाजार, अमेठी

**अमृत विचार।** एक कंटेनर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर हादसे का शिकार हो गया। इसमें दो लोगों की मौत हो गई। जबकि साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक को झपकी आने से हादसा होने की बात कही जा रही है। बाराबंकी के सुबेहा थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह भोर में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसा हो गया। इसमें दो लोगों की मौत हो गई। जबकि, एक गंभीर रूप से घायल हो गया। कंटेनर चालक को झपकी आने से हादसा होना बताया जा रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया है। हादसा सुबेहा क्षेत्र में हुआ सुबह एक कंटेनर लखनऊ से अंबेडकरनगर जा रहा था। इसमे मोहम्मद कैफ 25 वर्ष निवासी रसूलपुर, थाना मालीपुर चला रहा था। उसके साथ खलासी मोहम्मद रासिद निवासी हटवा, थाना बसखारी और मोहम्मद राशिद निवासी आंशुपुर, थाना अलीगंज सवार थे सुबेहा क्षेत्र में चालक को झपकी आ जाने से कंटेनर किसी भारी अज्ञात वाहन से टकरा गया। इससे उसका अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। यूपीडा की पेट्रोलिंग टीम ने तीनों को अमेठी के सीएचसी, बाजार शुकुल भेजा। वहां से उन्हें ट्रॉमा सेंटर जगदीशपुर के लिए रेफर कर दिया गया। मोहम्मद कैफ ने रास्ते में दम तोड़ दिया। इलाज के दौरान मोहम्मद रासिद की मौत हो गई। वहीं घायल का इलाज चल रहा है। यूपीडा अधिकारी बादाम सिंह ने बताया कि हादसे की वजह से कुछ समय के लिए एक्सप्रेसवे पर यातायात बाधित रहा। कंटेनर को हटवाकर यातायात बहाल कर दिया गया है। जगदीशपुर कोतवाल धीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि मृतकों के परिजनों ने शव का पीएम कराने से मना कर दिया है शव को अपने पैतृक घर ले गए।


पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर हुए हादसे में क्षतिग्रस्त वाहन। अमृत विचार

### ई-रिक्शा पलटने से सात लोग घायल

**शुकुल बाजार, अमेठी, अमृत विचार।** शुक्रवार को किसनी थ के ठाकुरगंज स्थित पेट्रोल पंप के पास एक मोड़ पर ई-रिक्शा पलटने से सात लोग घायल हो गए। ई-रिक्शा को 14 वर्षीय हरिचरण चला रहा था, जो किसनी गांव का निवासी है। वह सवारियों को लेकर किसनी से उनके गांव छोड़ने जा रहा था। घटना के दौरान ई-रिक्शा असंतुलित होकर पलट गया। इस हादसे में सुबेहा निवासी मजीद (70), सलीमुन (35), मोहम्मद असफाद (6), मोहम्मद अरकान, नटबीरन निवासी विपत, इमाम अली का पुरवा निवासी श्रीमता और बाजार शुकुल के पूरे गुमान निवासी सियाराजा (70) घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण और पुलिस मौके पर पहुंचे और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। चिकित्सकों के अनुसार सभी को सामान्य चोटें आई हैं और स्थिति नियंत्रण में है। प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को उनके घर भेज दिया गया है। स्थानीय लोगों ने किशोर द्वारा वाहन चलाए जाने पर चिंता जताई है और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष अभिनेष कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में लिया गया है। अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी

# बार-बालाओं संग युवक की फायरिंग का वीडियो वायरल

बेखौफ

संवाददाता, बछरावां, रायबरेली

**अमृत विचार।** वर्तमान समय में नवयुवकों के अंदर अवैध असलहों के साथ प्रदर्शन करने एवं फायरिंग करने का क्रेज इस कदर बढ़ता जा रहा है कि उन्हें कानून का भय नहीं है। जिसकी वह आए दिन जमकर धज्जियां उड़ाते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नजर आते हैं।

ताजा मामला बछरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत का है। जब शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो बड़ी तेजी के साथ हुआ है। वायरल वीडियो में एक मांगलिक कार्यक्रम के दौरान एक युवक मंच पर बार बालाओ के साथ डांस करने के दौरान फायरिंग करते हुए देखा जा सकता है।

वायरल वीडियो के विषय में जब जांच पड़ताल की गई तो यह पता चला कि यह वीडियो विगत कई महीने पुराना है और यह वीडियो थाना क्षेत्र के अंतर्गत मिश्रन का पुरवा मजरे राघवपुर गांव के रहने वाले एक युवक का है। जो उक्त ग्राम सभा के ही बख्तावर खेड़ा गांव में एक मांगलिक कार्यक्रम के दौरान मंच पर बार बालाओ के साथ डांस करने के दौरान फायरिंग करते हुए वीडियो में नजर आ रहा है। इस संबंध में कोतवाल पंकज त्यागी ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है, जांच कराई जाएगी।

# पोस्टर तो किसी ने चित्रकला में किया प्रतिभाग

आयोजन

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** वीणा पाणि इंटर कॉलेज में पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान विद्यालय में अवकाश होने पर कई छात्रों ने घर से ही प्रतिभाग किया। वहीं शिक्षकों ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर एक सकारात्मक और उत्साही माहौल बनाया।

छात्रों द्वारा पोस्टर, स्लोगन और चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया गया। इन प्रतियोगिताओं में युवा मस्तिष्कों ने अपनी कल्पनाशीलता और पर्यावरण के प्रति गहरी समझ का प्रदर्शन किया। उनके बनाए गए चित्रों और नारों में स्वच्छ वातावरण का महत्व, प्रदूषण के दुष्परिणाम, और प्रकृति के साथ सौहार्दपूर्ण सह-अस्तित्व जैसे विषयों को प्रमुखता से दर्शाया गया था। छात्रों की इस कलात्मक अभिव्यक्ति ने उपस्थित सभी लोगों को पर्यावरण की सुरक्षा के लिए, अपनी भूमिका पर विचार करने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद, विद्यालय के अध्यापकों द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के पेड़-पौधे लगाए गए। इस मौके पर सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना भी की गयी। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजीत शर्मा ने कहा कि पर्यावरण दिवस हमें अपनी पृथ्वी के प्रति हमारे कर्तव्यों की याद दिलाता है। हमारे छात्रों ने अपनी कला के माध्यम से जो सशक्त संदेश दिया है, वह प्रशंसनीय है।


पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेती छात्रा।

# बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में 6 घायल

बछरावां, रायबरेली

**अमृत विचार।** अनियंत्रित दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में दोनों बाइको को पर सवार छह लोग घायल हो गए। चार का अस्पताल में इलाज चल रहा है। जिसमें तीन की हालत गंभीर बताई गई। बृहस्पतिवार की देर रात्रि बछरावां-मौरावां मार्ग पर शेखपुर समोधा स्थित छोटी नहरिया के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित दो बाइकों की आमने-सामने से टक्कर हो गई, जिससे दोनों बाइकों पर सवार सभी छह लोग घायल हो गए। परंतु एक बाइक सवार पर तीन युवक सड़क पर गिरने के बाद घायल अवस्था में ही एक युवक बाइक लेकर फरार हो गया। मौके पर पांच घायल इधर-उधर सड़क पर पड़े हुए थे। मौके पर पहुंची एंबुलेंस व 112 पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस में बैठना शुरू किया, तभी एक युवक भीड़ का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। चार घायलों को एंबुलेंस की सहायता से बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। एक बाइक पर सवार अनिल कुमार मिश्रा पुत्र रामचंद्र मिश्रा, अनूप मिश्रा पुत्र अनिल कुमार मिश्रा, अंश पुत्र अनूप कुमार मिश्रा निवासी ग्राम पंसारिया थाना मौरावां जनपद उन्नाव एवं दूसरी बाइक पर सवार अंकित पुत्र रामसेवक मकरंदपुर थाना महाराजगंज के साथ अन्य दो युवक भी बाइक पर सवार थे, वह दोनों फरार हो गए थे।


दुर्घटनास्थल पर पड़े घायल। अमृत विचार

# पर्यावरण बचाने में सब निभाएं जिम्मेदारी

संवाददाता, हरचंदपुर, रायबरेली

**अमृत विचार।** बाबू एलपीएस पब्लिक स्कूल में पर्यावरण बचाने का संदेश देते हुए जागरूकता अभियान चलाया गया। प्रधानाचार्या सपना श्रीवास्तव ने कहा कि केवल बाते करने से धरती स्वस्थ्य नहीं रहेगी हम सभी के छोटी छोटी कोशिश करने से धरती स्वस्थ्य रहेगी। हमें चाहिए कि हम पर्यावरण को स्वच्छ रखें जिससे हमारी प्यारी धरती भी हमेशा स्वस्थ्य रहेगी। उन्होंने बच्चो से कहा कि सब मिलकर "पृथ्वी की सुन्दरता को बचाओ और इसके लिय पेड़ पौधे और पानी को बचाओ फिर अपने जीवन को खुशहाल बनाओ"।

विशिष्ट सलाहकार अथिवक्ता विकास श्रीवास्तव ने विद्यालय परिसर में सभी के साथ मिलकर पौधारोपण किया। उन्होंने बताया कि जीवन को बेहतर और अधिक प्राकृतिक बनाने के लिए पूरे विश्वभर में पर्यावरण में कुछ सकारात्मक बदलाव लाने के लिए विश्व पर्यावरण दिवस अभियान की स्थापना की गई।

प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग से युक्त वातावरण में सकारात्मक बदलावों को लाने के लिए विद्यार्थियों के रुप में किसी भी देश के युवा सबसे बड़ी उम्मीद है। शिक्षक आकाश श्रीवास्तव ने कहा कि "बच्चे ही हमारा आने वाला कल हो आपको और हमको मिलकर पृथ्वी को स्वस्थ्य और स्वच्छ रखने के लिय कुछ करना होगा"। इस मौके पर सामिया, गरिमा, ममता, स्नेह, सीता, ज्योति, पारुल शुक्ला, सदफ, अभय कश्यप, मनीषा, मोनिका, नीलू कश्यप, रीता, काजल, शिखा श्रीवास्तव, पूजा सिंह, कुलदीप शुक्ल, सदिय खान, प्रतिमा सिंह, शालिनी सिंह, ज्योति सोनी आदि रहे।


बाबू एलपीएस पब्लिक स्कूल में पौधरोपण करते शिक्षक-शिक्षिकाएं। अमृत विचार


गर्मी में जानवरों के लिए हौद रखवाते लोग। अमृत विचार

### जगह-जगह रखवाए गए हौद, मवेशियों की बुझेगी प्यास

**रायबरेली, अमृत विचार।** विश्व पर्यावरण दिवस पर स्वराज इंडिया पार्टी के जिलाध्यक्ष राम विलास यादव ने निरीह प्राणियों की प्यास बुझाने के लिए शहर में कई स्थानों पर हौदे रखवाए। राम विलास यादव ने कहा आज पर्यावरण दिवस है पर्यावरण को संतुलित एवं संरक्षित रखने में पालतू जानवरों एवं अन्य जीव-जंतुओ का भी बराबर योगदान रहता है। ऐसे में हम सभी की यह जिम्मेदारी बनती है कि हमें जानवरों की भूख-प्यास का ध्यान रखना चाहिए। इसके साथ ही राम विलास यादव ने कहा कि दुनिया के सभी धर्मों के अनुसार प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य माना जाता है चाहे प्यासा कोई व्यक्ति हो या फिर कोई जानवर। शहर के गोरा बाजार, कृष्णा नगर, इंदिरा नगर,आचार्य द्विवेदी नगर, अहिया पुर, नारायण नगर बस्तेपुर आदि मोहल्लों में में हौदे रखवाए गए। इस पुण्य कार्य में राम विलास यादव के साथ संजय यादव, सुमित यादव, अश्वनी वर्मा, आर्या कुमार, ऋषभ कुमार, प्रवेश आदि लोग उपस्थित रहे।

# विस चुनाव से पहले संगठन को मजबूत करने में जुटी सपा, हुई समीक्षा बैठक

**अमेठी, अमृत विचार।** आगामी 2027 के विस चुनाव को लेकर सपा ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती देने की रणनीति शुरू कर दी है। इसी क्रम में अमेठी के प्रभारी बनाए गए अनिल सिंह वीरू अमेठी पहुंचे। उन्होंने समाजवादी पार्टी कार्यालय, गौरीगंज में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ बैठक कर संगठनात्मक स्थिति की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में समाजवादी पार्टी द्वारा प्रचारित पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फार्मूले को ज़ोर-शोर से उठाया गया। कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए कि वे प्रत्येक जाति, वर्ग और समुदाय से संवाद करें और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाएं। पार्टी का लक्ष्य है कि इन वंचित वर्गों को सशक्त बनाकर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ा जाए। बैठक के समापन पर यह संकल्प लिया गया कि संगठन को निचले स्तर तक मज़बूत बनाकर सपा अमेठी समेत पूरे प्रदेश में परिवर्तन की लहर लाएगी। अनिल सिंह वीरू ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश के 75 जिलों में संगठन को सशक्त करने के उद्देश्य से जिला प्रभारियों की नियुक्ति की है।




सपा कार्यालय पर मौजूद अतिथि व पदाधिकारी।

# एम्स में गुर्दे के फोड़े का सफल ऑपरेशन

**रायबरेली, अमृत विचार।** एम्स के जनरल सर्जरी विभाग ने विशाल आकार के गुर्दे के फोड़े का जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न किया। अत्याधुनिक शल्य चिकित्सा देखभाल प्रदान करने के अपने प्रयासों में एम्स रायबरेली ने एक और मील का पत्थर पार किया है। संस्थान के जनरल सर्जरी विभाग ने 36x21 सेमी आकार के एक विशाल गुर्दे के फोड़े (ट्यूमर) को निकालने के लिए एक जटिल ओपन नेफरेक्टोमी सर्जरी को सफलतापूर्वक संपन्न किया। यह ट्यूमर आकार में काफी बड़ा हो चुका था।

ट्यूमर के विशाल आकार और जटिल शारीरिक रचना के कारण ओपन सर्जरी की आवश्यकता थी। इस प्रक्रिया में भारी रक्तस्राव, अंग की चोट और ऑपरेशन के बाद की जटिलताओं सहित उच्च जोखिम शामिल थे। इन बाधाओं के बावजूद, समर्पित सर्जिकल टीम ने एक सफल परिणाम सुनिश्चित किया। उच्च जोखिम वाले इस ओपन नेफरेक्टोमी सर्जरी को अंजाम देने वाली टीम में जनरल सर्जरी विभाग से डॉ. नीरज श्रीवास्तव एएमएस और यूनिट हेड के मार्गदर्शन में डॉ. अमृतांशु सौरभ के साथ वरिष्ठ रेजिडेंट डॉ. निखिल और जूनियर रेजिडेंट डॉ. स्नेहिता, डॉ. सोमतीर्थ और डॉ. विष्णु सिद्धार्थ शामिल थे। एनेस्थीसिया देखभाल डॉ. विनय पाठक (सहायक प्रोफेसर), डॉ. अरुण पांडे (एसआर), डॉ. सौरव (जेआर) और डॉ. देवीकृपा द्वारा प्रदान की गई। नर्सिंग अधिकारी रानू, निताशा और पल्लबी ने ओटी सहायक संध्या के साथ प्रक्रिया की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. दीपक राजपूत, डॉ. अमित गुप्ता, डॉ. प्रणभ कुशवाहा, डॉ. शिरीष कुमार, डॉ. रौनक मेहरोत्रा और सभी रेजीडेंट डॉक्टरों सहित जनरल सर्जरी के पूरे विभाग ने विस्तृत प्री-ऑपरेटिव प्लानिंग और सतर्क पोस्ट-ऑपरेटिव देखभाल में योगदान दिया।


एम्स में डॉक्टरों की टीम व मौजूद रोगी। अमृत विचार


फीता काटती महिला सिपाही एवं एसपी अपर्णा रजत कौशिक। अमृत विचार

### जायस में नए पुलिस बूथ का हुआ उद्‌घाटन

**तिलोई, अमेठी, अमृत विचार।** जायस कस्बे में पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने आज एक नए पुलिस बूथ का महिला सिपाही से फीता काट कर किया उद्‌घाटन। पुलिस अधीक्षक का इस कार्य से क्षेत्र में रहा चर्चा यह बूथ कस्बे के मुख्य चौराहे पर स्थापित किया गया है। इसे सीसीटीवी कैमरों से लैस किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस बूथ से क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। साथ ही जनता की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सकेगी। उन्होंने आगामी बकरीद त्योहार की तैयारियों की भी जानकारी दी। बकरीद के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने विशेष सुरक्षा टीमों का गठन किया है। त्योहार के दौरान सीसीटीवी निगरानी के साथ ड्रोन कैमरों का भी इस्तेमाल किया जाएगा। इसके अलावा महिला पुलिस और पीएसी के जवानों की भी तैनाती की जाएगी। यह सभी कदम त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए उठाए जा रहे हैं। इस मौके पर सीओ अजय कुमार सिंह जायस थाना प्रभारी अमरेंद्र सिंह मोहनगंज थाना प्रभारी राकेश सिंह सहित पुलिस टीम रही मौजूद।

# झोपड़ी में आग व टीनशेड गिराने का वीडियो वायरल

**महराजगंज, रायबरेली।** अर्द्धनिर्मित आवास में टीनशेड रखने को लेकर गुरूवार की दोपहर दो पक्षों में हुए खूनी संघर्ष का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मारपीट के बाद शाम का एक और वीडियो वायरल हो गया, जिसमें अधबने मकान में लगी टटिया आग में जलती नजर आ रही है। वीडियो वायरल होने से कोतवाली पुलिस में हड़कंप मच गया। महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के नारायनपुर मजरे मोन गांव का है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में नजर आ रहा है कि कुछ लोग आशीष की झोपड़ी में आग लगा रहे हैं। वायरल वीडियो में मुंह ढके चार लोग उसका टीनशेड गिराते हुए नजर आ रहे हैं। गांव निवासी आशीष पुत्र जगजीवन ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि नवंबर 2022 को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अधबने आवास में चद्दर रखने के दौरान दोनो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। जिसमें एक पक्ष के रामदेव व उनकी पत्नी रामकुमारी तथा कमलेश पुत्र मंगल व उनकी पत्नी कमलेशा घायल हो गए।

# गांवों को पॉलिथीन मुक्त बनाने को घर-घर एकत्र होगा प्लास्टिक कचरा

**डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार।** गांव को साफ सुथरा बनाने के लिए प्लास्टिक मुक्त ग्राम पंचायत अभियान की शुरुआत की गई है। जिलाधिकारी के निर्देश पर यह अभियान पांच जून से 30 जून तक चलाया जाएगा, जिसमें गांव में तैनात सफाई कर्मी ग्राम पंचायत से पॉलीथीन कचरा एकत्रित करके डलमऊ के आरसीसी सेंटर पहुंचाएंगे और वहां से इसे शिवगढ़ एवं महराजगंज स्थित कूड़ा कचरा प्रबंधन केंद्र भेजा जाएगा, जहां पर प्लास्टिक कचरे का निष्पादन किया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सभी ग्राम पंचायत को साफ एवं सुथरा बनाने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में आरसीसी केंद्र की स्थापना की गई है, जहां पर गांव से निकलने वाले कूड़े कचरे को एकत्रित करने की योजना है। जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी ग्राम पंचायत से निकलने वाले प्लास्टिक कचरे को एकत्रित करके इन आरसीसी सेंटर तक पहुंचाया जा रहा है। सफाई कर्मचारी घर-घर जाकर प्लास्टिक कचरा एकत्र कर रहे हैं। साथ ही गांव वासियों को पॉलीथीन के नुकसान के बारे में जागरूक भी कर रहे हैं। लोगों को पॉलीथीन की जगह कपड़े के थैले इस्तेमाल करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिवों को इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए हैं। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह अभियान महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यदि शासन की मंशा के अनुरूप हकीकत में काम हुआ तो गांव को प्लास्टिक मुक्त बनाया जा सकता है। हालांकि गांव में बने हुए आईसीसी सेंटर अभी तक केवल शोपीस ही साबित हो रहे हैं।

## सार-संक्षेप

### प्रधानाचार्य होता है विद्यालय का कैप्टन : राज बहादुर

**अमेठी, अमृत विचार।** जन शिक्षा समिति काशी प्रदेश द्वारा ग्राम भारती परितोष में चल रहे 10 दिवसीय प्रधानाचार्य प्रशिक्षण वर्ग के चतुर्थ दिवस पर वंदना सत्र आयोजित हुआ। काशी प्रदेश के प्रदेश निरीक्षक राज बहादुर दीक्षित ने मां सरस्वती के समक्ष दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। फूलपुर के प्रधानाचार्य शिव कैलाश ने उन्हें अंग वस्त्र एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। प्रशिक्षण सत्र में प्रदेश के 30 प्रधानाचार्यों को संबोधित करते हुए दीक्षित ने कहा प्रधानाचार्य विद्यालय की शैक्षिक प्रक्रिया की धुरी होता है। वह एक नेता, प्रशासक और शिक्षक की भूमिका निभाते हुए विद्यालय को दिशा देता है। समस्याओं का समाधान सूझ-बूझ से करना, शिक्षकों-अभिभावकों-अधिकारियों से संवाद बनाए रखना, संसाधनों की व्यवस्था, समय-सारणी निर्माण जैसे गुण होने चाहिए। कार्यक्रम में संभाग निरीक्षक कमलेश, वीरेंद्र सिंह और प्रशिक्षण प्रमुख रामनयन भी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री के दीर्घायु की कामना की


सरेनी के पहुरी गांव में मुख्यमंत्री का जन्मदिन मनाते भाजपा कार्यकर्ता।

**सरेनी, रायबरेली।** विकास क्षेत्र के पहुरी गांव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। कार्यक्रम में प्रधान राघवेन्द्र प्रताप सिंह, अखिलेश यादव, भोलू सिंह, गुड्डू सिंह, प्रेमचक, अखिल भारतीय दर्जी महासभा के जिलाध्यक्ष चंद्रकांत काकुस्थ, अमन सिंह, सचिन यादव, छोटू प्रजापति, नन्हकउ सविता, रोहित काकुस्थ, अभिषेक काकुस्थ, महेंद्र बाजपेई, कृष्णा सिंह, अंकित काकुस्थ आदि भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के दीर्घायु की कामना की।

### निर्जला एकादशी पर भंडारे का आयोजन

**महराजगंज, रायबरेली।** निर्जला एकादशी के अवसर पर खेरवा स्थित सूबेदार मेजर रामफल सिंह स्मारक इंटर कॉलेज की प्रबंधक योगिता सिंह द्वारा विद्यालय के सामने प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रसाद में सब्जी पूड़ी एवं शरबत का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि वर्ष में एकादशी तो कई बार आती है परंतु निर्जला एकादशी एक बार ही आती है। इस व्रत को करने से पूरे वर्ष एकादशी रहने का पुण्य प्राप्त होता है। इस व्रत में 24 घंटे तक व्रत रखने वाला पानी तक नहीं पिता है। इस व्रत को महाभारत काल में महाबली भीम द्वारा रखा गया था। इस मौके पर हरिओम, शौर्य सिंह, भावना सिंह, सुनीता सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

### जन औषधि केंद्र का हुआ शुभारंभ


फीता काटते सीएचसी अधीक्षक डॉ. सुधीर वर्मा। अमृत विचार

**शुकुल बाजार, अमेठी।** सीएचसी बाजार शुकुल में शुक्रवार को जन औषधि केंद्र का शुभारंभ किया गया। केंद्र का उद्‌घाटन करने के बाद सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर सुधीर वर्मा ने केंद्र से मिलने वाली सस्ती दवाई के बारे में जानकारी दी। सीएचसी प्रभारी सुधीर वर्मा ने बताया कि औषधि केंद्र खोले जाने से मरीज को सस्ती दवाएं मिलेंगी। संचालक अजय प्रताप सिंह ने बताया कि जन औषधि केंद्र पर शुगर, किडनी, गैस के अलावा एंटीबायोटिक दवाइयां 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। इस मौके पर डॉ सुशील शुक्ला, उदयराज यादव, अविनाश सिंह हैप्पी, महेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### सरेनी में करंट से मवेशी की मौत

**सरेनी, रायबरेली।** शुक्रवार को करंट की चपेट में आने से मवेशी की मौत हो गई। पीड़ित पशु पालक ने पुलिस को तहरीर दे दिया है। थाना क्षेत्र के पुरानी सरेनी गांव के रहने वाले रामविलास दीक्षित पुत्र स्व. प्रभु दयाल का एक मवेशी घर के पास रखे ट्रांसफार्मर के करीब बनी खंती में पानी पी रहा था, तभी उसकी करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। पीड़ित पशु पालक ने पुलिस को तहरीर दे दिया है।

### ग्राम पंचायत में लगाई गई चौपाल

**नसीराबाद, रायबरेली।** विखं छतोह के ग्रापं अब्दूमऊ में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के साथ बीडीओ धीरेंद्र त्रिपाठी सहित सरकारी अमला पहुंचे। तीन दिन से विद्युत आपूर्ति न होने की शिकायत पर उन्होंने अधिशासी अभियंता से फोन पर बात की और शाम तक समस्या के निराकरण का आश्वासन दिया। आवास, जीरो पॉवर्टी आवास सर्वे, वृद्धावस्था और विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, मनरेगा के कार्य, ग्राम निधि, राज्य वित्त के अंतर्गत कराए गए कार्य आदि की समीक्षा के उपरांत उन्होंने जनता की समस्याएं सुनीं।

### मानसिक रूप से बीमार महिला घर से लापता

**तिलोई, अमेठी।** ग्राम शंकरगंज की एक महिला घर से लापता हो गई। मोहनगंज थाना क्षेत्र की शंकरगंज पुलिस चौकी अंतर्गत शंकरगंज की चंद्रकला देवी की काफी दिनों से मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। गुरुवार की सुबह वह लापता हो गईं। बेटे दिनेश पासी ने बताया कि मां मानसिक रूप से अस्वस्थ है। परिजनों की मानें तो चंद्रकला देवी बिना किसी को बताए घर से निकल गईं। प्रभारी निरीक्षक मोहनगंज राकेश सिंह ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में नहीं है।

### डेढ़ माह बाद नामजद आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

**खीरों, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के शिवपालसिंहखेड़ा मजरे सगुनी गांव में विगत लगभग डेढ़ माह पूर्व 14 अप्रैल की रात गांव के ही एक युवक ने सूना मौका देखकर दो घरों से नकदी व लगभग तीन लाख कीमत के सोने चांदी के आभूषण चोरी कर लिया था। चोरी कर घर से निकलते हुए पीड़ितों ने देख लिया। शिकायत करने पर परिजनों ने पीड़ितों को उनका सामान वापस दिया, लेकिन समान वापस न मिलने पर घटना के डेढ़ माह बाद पुलिस ने नामजद आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार शिवपालसिंहखेड़ा निवासी पूजादेवी व विनीता ने आरोप लगाया है कि 14 अप्रैल को वह लोग खेत में गेहूं की मड़ाई कर रही थी। इसी दौरान रात लगभग दस बजे उसके गांव के सूरज दोनों घरों का ताला तोड़कर लगभग तीन लाख रुपये के सोने चांदी के आभूषण व तीन हजार पांच सौ नकदी चुरा ले गया। जब लोग वापस घर लौटी तो सूरज को झोला में सामान भरकर ले जाते हुए देख लिया। जिसके बाद उन्होंने फोन करके पीआरबी पुलिस को बुलाया।

गुणैरुत्तमतां यान्ति नोच्चैरासनसंस्थितैः ।
प्रसादशिखरस्थोऽपि किं काको गरुडायते ॥

गुणों से ही मनुष्य बड़ा बनता है, न कि किसी ऊंचे स्थान पर बैठ जाने से । राजमहल के शिखर पर बैठ जाने पर भी कौआ गरुड़ नहीं बनता ।

## संपादकीय

# मध्य वर्ग को सीधी राहत

वैश्विक स्तर पर जारी चुनौतियों के बीच अर्थव्यवस्था को जरूरी समर्थन जारी रखने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को रेपो दर को आधा प्रतिशत घटाने का बड़ा फैसला लिया है। निश्चित रूप से इस फैसले से आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी। केंद्रीय बैंक ने लगातार तीसरी बार रेपो दर में कटौती की है। इस दर कटौती का उद्देश्य न केवल आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देना है बल्कि आम जनता, विशेष रूप से मध्यम वर्ग को सीधी राहत पहुंचाना भी है। इस कटौती के साथ रेपो दर तीन साल के निचले स्तर 5.5 प्रतिशत पर आ गई है। इसके साथ आरबीआई ने बैंकों के लिए अप्रत्याशित रूप से नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में भी एक प्रतिशत की कटौती की घोषणा की। रेपो दर में कटौती के साहसिक कदम से मकान खरीदने वालों को राहत मिलेगी और रियल एस्टेट क्षेत्र में मांग भी बढ़ेगी। इस बार की कटौती ने बैंकों के लिए पूंजी जुटाना सस्ता बना दिया है, जिससे अब होम लोन, कार लोन, पर्सनल लोन जैसे उत्पादों की दरें घटेंगी। जहां एक ओर आम जनता को सीधी राहत मिल रही है, वहीं बैंकों के लिए यह कदम दोहरी परिस्थिति लेकर आया है। स्पष्ट है कि रिजर्व बैंक अर्थव्यवस्था को स्थिर गति देने और मांग को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से काम कर रहा है। कंपनियों के लिए भी यह फैसला वित्त पोषण को आसान बनाएगा, नई परियोजना शुरू करने में मदद करेगा और नकदी की स्थिति बेहतर करेगा। जानकारों के मुताबिक आरबीआई ने यह कदम ऐसे समय उठाया है जब मुद्रास्फीति अप्रैल में घटकर लगभग छह साल के निचले स्तर 3.16 प्रतिशत और आर्थिक वृद्धि दर 2024-25 में चार साल के न्यूनतम स्तर 6.5 प्रतिशत पर आ गई है। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि आगे रेपो दर में और कटौती की गुंजाइश काफी कम है।

भविष्य की मौद्रिक नीति कार्रवाई आने वाले आंकड़ों पर निर्भर करेगी। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) भविष्य की नीति तैयार करने के लिए आय के आंकड़ों और उभरते परिदृश्य का सावधानीपूर्वक आकलन करेगी। कुल मिलाकर यह दर कटौती आम लोगों की जेब पर भी सकारात्मक असर डालेगी। क्योंकि छोटे शहरों और कस्बों में भी आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, जहां अधिकतर ग्राहक बैंक ऋण पर निर्भर रहते हैं। निस्संदेह यह महत्वपूर्ण कटौती केवल एक मौद्रिक नीति निर्णय नहीं है बल्कि आम आदमी की जिंदगी को आसान बनाने, आर्थिक असमानता को घटाने और बाजार को फिर से सक्रिय करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है।

# भारत के लिए संकट नहीं बनेगा ब्रह्मपुत्र का पानी



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

चीन के साथ सुविधा यह है कि वह अपनी नदियों के जल को अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानकर चलता है। पानी को एक उपभोक्ता वस्तु मानकर वह उसका अपने हितों के लिये अधिकतम दोहन में लगा है। बौद्ध धर्मावलम्बी चीन परंपरा और आधुनिकता के बीच मध्यमार्गी सामंजस्य बनाकर चल रहा है।

ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को लेकर चीन का भारत से ही नहीं बांग्लादेश से भी विवाद है। इस नदी पर कई बांध बनाकर चीन ने ऐसे जल प्रबंध कर लिए हैं कि वह जब चाहे तब भारत और बांग्लादेश में पानी के प्रवाह को रोक दे और जब चाहे तब ज्यादा पानी छोड़कर ब्रह्मपुत्र नदी के किनारे बसे इलाकों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न कर दे। चीन ने ऐसी हरकत करते हुए साल 2016 में भारत में जलापूर्ति करने वाली ब्रह्मपुत्र की सहायक नदी जियाबुकू का पानी रोक भी दिया था। लेकिन इसका असर पूर्वोत्तर की कृषि पर देखने में नहीं आया था। ब्रह्मपुत्र एशिया की सबसे लंबी नदी है। इस नदी की लम्बाई 3000 किमी है। इसी की सहायक नदी जियाबुकू है। जिस पर चीन हाइड्रो प्रोजेक्ट बना रहा है।

ऑपरेशन सिंदूर और सिंधु जल संधि के निलंबन से आहत पाकिस्तान भारत को सबक सिखाने के दिन में स्वप्न देख रहा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ के सलाहकार राणा अहसान अफजल ने एक नई धमकी देते हुए कहा है कि यदि चीन ब्रह्मपुत्र का पानी रोक दे तो भारत का क्या हाल होगा? चूंकि पाकिस्तान न तो ब्रह्मपुत्र के भूगोल से परिचित है और न ही पानी के प्रवाह के तकनीकी के ज्ञान से? इसलिए इस भूगोल और तकनीक का ज्ञान असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कराकर पाक के नैरेटिव की हवा निकाल दी। बिस्वा ने अपनी एक्स पोस्ट पर ठोस तथ्यों के साथ लिखा कि ब्रह्मपुत्र एक ऐसी नदी है, जिसका प्रवाह भारत में घटता-बढ़ता नहीं है। अतएव नदी को अपना प्रवाह बनाए रखने के लिए चीन के पानी पर निर्भर नहीं रहना पड़ता है। ब्रह्मपुत्र के कुल जल प्रवाह में चीन केवल 30 से 35 प्रतिशत तक का योगदान देता है। यह भी ज्यादातर हिमनदों के पिघलने और बारिश से मिलता है। शेष 65 से 70 प्रतिशत जल भारत में बहने वाली ब्रह्मपुत्र की सहायक नदियों से मिलता है। इसलिए यह नदी भारत में प्रवेश के बाद सशक्त हो जाती है। अतएव यह वर्षा जल से पोषित भारतीय नदी प्रणाली का हिस्सा है न कि किसी एक जल स्रोत पर निर्भर है। पाकिस्तान को यह सच्चाई जाननी चाहिए। फिर भी चीन ब्रह्मपुत्र के जल को कम करता भी है तो वह भारत के लिए मददगार ही साबित होगा। क्योंकि इस नदी की बाढ़ से प्रतिवर्ष लाखों लोगों को विस्थापन का दंश झेलना पड़ता है।

ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को लेकर चीन का भारत से ही नहीं बांग्लादेश से भी विवाद है। इस नदी पर कई बांध बनाकर चीन ने ऐसे जल प्रबंध कर लिए हैं कि वह जब चाहे तब भारत और बांग्लादेश में पानी के प्रवाह को रोक दे और जब चाहे तब ज्यादा पानी छोड़कर ब्रह्मपुत्र नदी के किनारे बसे इलाकों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न कर दे। चीन ने ऐसी हरकत करते हुए साल 2016 में भारत में जलापूर्ति करने वाली ब्रह्मपुत्र की सहायक नदी जियाबुकू का पानी रोक भी दिया था। लेकिन इसका असर पूर्वोत्तर की कृषि पर देखने में नहीं आया था। ब्रह्मपुत्र एशिया की सबसे लंबी नदी है। इस नदी की लम्बाई 3000 किमी है। इसी की सहायक नदी जियाबुकू है। जिस पर चीन हाइड्रो प्रोजेक्ट बना रहा है। दुनिया की सबसे लंबी नदियों में 29वां स्थान रखने वाली ब्रह्मपुत्र 1625 किमी तिब्बत क्षेत्र में बहती है। इसके बाद 918 किमी भारत और 363 किमी की लम्बाई में बांग्लादेश में बहती है। समुद्री तट से 3300 मीटर की ऊंचाई पर तिब्बती क्षेत्र में बहने वाली इस नदी पर चीन ने 12वीं पंचवर्षीय योजना के तहत तीन पनबिजली परियोजनाएं निर्माण के प्रस्ताव पहले ही मंजूर कर चुका है और अब नए बांध निर्माण को मंजूरी दे दी है। चीन इन बांधों का निर्माण अपनी आबादी के लिये व्यापार, सिंचाई, बिजली और पेयजल समस्याओं के निदान के उद्देश्य से कर रहा है, लेकिन उसका इन बांधों और जल सुरंगों के निर्माण की पृष्ठभूमि में छिपा एजेंडा, खासतौर से भारत के खिलाफ जल हथियार के रूप में रणनीतिक इस्तेमाल के रूप में भी देखी जाती हैं। लेकिन यदि चीन ब्रह्मपुत्र के पानी को औजार बनाता है तो भारत से कहीं ज्यादा चीन की ही बिजली, सिंचाई और पेयजल योजनाएं प्रभावित होंगी।

दरअसल चीन में बढ़ती आबादी के चलते इस समय 886 नगर और 110 बड़े नगर पानी के गंभीर संकट से जूझ रहे हैं। उद्योगों और कृषि संबंधी जरूरतों के लिए भी चीन को बड़ी मात्रा में पानी की जरूरत है। चीन ब्रह्मपुत्र के पानी का अनूठा इस्तेमाल करते हुए अपने शिनजियांग, जांझु और मंगोलिया इलाकों में फैले व विस्तृत हो रहे रेगिस्तान को भी नियंत्रित करना चाहता है। चीन की यह नियति रही है कि वह अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए पड़ोसी देशों की कभी परवाह नहीं करता। चीन ब्रह्मपुत्र के पानी का मनचाहे उद्देश्यों के लिए उपयोग करता है तो तय है, अरुणाचल में जो 17 पनबिजली परियोजनाएं प्रस्तावित व निर्माणाधीन हैं, इनके अटकने के अनुमान लगा लिए जाते हैं। ये परियोजनाएं पूरी हो जाती हैं और ब्रह्मपुत्र से इन्हें पानी मिलता रहता है तो इनसे 37827 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। इस बिजली से पूर्वोत्तर के सभी राज्यों में बिजली की आपूर्ति तो होगी ही, पश्चिम बंगाल और ओड़ीसा को भी अरुणाचल बिजली बेचने लग जाएगा । चीन अरुणाचल पर जो टेढ़ी निगाह बनाए रखता है, उसका एक बड़ा कारण अरुणाचल में ब्रह्मपुत्र की जलधारा ऐसे पहाड़ व पठारों से गुजरती है, जहां भारत को मध्यम व लघु बांध बनाना आसान है। ये सभी बांध भविष्य में अस्तित्व में आ जाते हैं और पानी का प्रवाह बना रहता है तो पूर्वोत्तर के सातों राज्यों की बिजली, सिंचाई और पेयजल जैसे बुनियादी समस्याओं का समाधान हो जाएगा। पिछले 11 साल में इन बांधों के निर्माण में तेजी आई है।

चीन के साथ सुविधा यह है कि वह अपनी नदियों के जल को अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानकर चलता है। पानी को एक उपभोक्ता वस्तु मानकर वह उसका अपने हितों के लिए अधिकतम दोहन में लगा है। बौद्ध धर्मावलम्बी चीन परंपरा और आधुनिकता के बीच मध्यमार्गी सामंजस्य बनाकर चल रहा है। जो नीतियां एक बार मंजूर हो जाती हैं, उनके अमल में चीन कड़ा रुख और भौतिकवादी दृष्टिकोण अपनाता है। इसलिए वहां परियोजना के निर्माण में धर्म और पर्यावरण संबंधी समस्याएं रोड़ा नहीं बनती। नतीजतन एक बार कोई परियोजना कागज पर आकार ले लेती है तो वह आरंभ होने के बाद निर्धारित समयावधि में लगभग पूरी हो जाती है। चीन और भारत के बीच ब्रह्मपुत्र के जल-बंटवारे को लेकर विवाद और टकराव बढ़ रहा है। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पानी के उपयोग को लेकर कई संधियां हुई हैं। इस लिहाज से चीन को सोची-समझी रणनीति के तहत पानी रोकने या उसकी धारा बदलने का अधिकार है ही नहीं। इस संधि में जल प्रवाह के आंकड़े साझा करने की शर्त भी शामिल है। लेकिन चीन संयुक्त राष्ट्र की इस संधि की शर्तों को मानने के लिये इसलिए बाध्यकारी नहीं है, क्योंकि इस संधि पर अब तक चीन और भारत ने हस्ताक्षर ही नहीं किए हैं।

दरअसल ब्रह्मपुत्र का पानी अधिक मात्रा में छोड़ने या रोकने से भारत पर बहुत बड़ा असर पड़ने वाला नहीं है, क्योंकि नदी का जलभराव क्षेत्र का 22 से 30 फीसदी हिस्सा चीन में है, वहीं 21 फीसदी जल चीन से आता है। तिब्बती जल स्रोतों, बारिश और हिमनदों के पिघलने से यह पानी नदी में आता है। भूटान एक छोटा देश जरूर है, लेकिन ब्रह्मपुत्र नदी में उसका भी योगदान चीन के बराबर करीब 21 फीसदी है। जबकि भूटान में नदी का बहाव क्षेत्र केवल 7 फीसदी हिस्से में है। वहीं भारत में यह 34 फीसदी के करीब है। परिणामतः ब्रह्मपुत्र में सबसे ज्यादा पानी भारत से ही जाता है। यह करीब 39 प्रतिशत है। भारत में प्रवेश करने से पहले ब्रह्मपुत्र में केवल 14 फीसदी पानी ही शेष बचता है। बाकी जो पानी बढ़ता है, वह भारतीय जल स्रोतों से ही बढ़ता है। चूंकि चीन का पानी पहले से ही बहुत कम है, इसलिए चीन जल प्रवाह रोकता भी है तो उसका भारत पर ज्यादा असर पड़ने वाला नहीं है। मानसून के समय चीन सीमा पर पानी भारत की तुलना में सात गुना तक कम रहता है। अतएव हिमंत बिस्वा ने कड़ा जबाव देकर पाकिस्तान की बोलती बंद कर दी है।

## प्रसंगवश

# खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की चुनौती

**विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस**



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

खाद्य सुरक्षा को एक मानवाधिकार माना गया है, जिसके तहत सभी को सुरक्षित और पौष्टिक भोजन का उपभोग करने का अधिकार है। इसी के साथ खाद्य जनित बीमारियों के बोझ को कम करके खाद्य सुरक्षा के लिए वैश्विक प्रयासों को मजबूत करना भी अनिवार्य माना गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दूषित खानपान के कारण 200 से अधिक बीमारियां होती हैं और दुनियाभर में प्रतिवर्ष 10 में से 1 व्यक्ति दूषित भोजन के कारण बीमार पड़ता है। प्रतिवर्ष वायरस, बैक्टीरिया, परजीवी अथवा रासायनिक पदार्थों से दूषित भोजन खाने से करोड़ों लोग बीमार पड़ते हैं और लाखों लोग विभिन्न खाद्य जनित बीमारियों के शिकार होकर मर जाते हैं। अस्वास्थ्यकर भोजन के सेवन के कारण गरीबी से ग्रस्त तबके में बीमारियां होने का खतरा ज्यादा होता है। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा खाद्य सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और खाद्य जनित बीमारियों को रोकने के लिए कार्रवाई को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस की स्थापना की गई। डब्ल्यूएचओ के अनुसार यह दिन सभी के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में आने वाली चुनौतियों पर विचार करने का अवसर प्रदान करता है, जिसमें सुरक्षित भोजन तक पहुंच की कमी, गरीबी और संघर्ष शामिल हैं। इस दिवस की स्थापना का उद्देश्य मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए खाद्य सुरक्षा की आवश्यकता को उजागर करना था। यह वैश्विक दिवस यह सुनिश्चित करने के प्रयासों को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण अवसर है कि मनुष्यों द्वारा खाया जाने वाला भोजन सुरक्षित है। लोगों के लिए यह जानना भी बहुत महत्वपूर्ण है कि कौन से खाद्य पदार्थ सुरक्षित हैं और हमारे स्वास्थ्य को नुकसान नहीं पहुंचाते हैं क्योंकि हमारा भोजन ही सुरक्षित नहीं होगा तो हमारा स्वास्थ्य कैसे अच्छा रहेगा?

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 20 दिसंबर 2018 को 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस घोषित करने और सुरक्षित भोजन के बहुत सारे लाभों पर प्रकाश डालने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया था। उसके बाद संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की दो एजेंसियों खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सहयोग से प्रतिवर्ष 7 जून को खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया जाने लगा। 7 जून 2019 पहला खाद्य सुरक्षा दिवस 'खाद्य सुरक्षा, सभी का व्यवसाय' विषय के साथ मनाया गया था। 3 अगस्त 2020 को विश्व स्वास्थ्य सभा ने खाद्य सुरक्षा मुद्दों और दुनिया में आवश्यक कार्रवाइयों के बारे में एक प्रस्ताव पारित किया और हर साल 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस घोषित कर दिया गया। प्रतिवर्ष एक खास विषय के साथ मनाए जाने वाले इस दिवस के आयोजन का उद्देश्य वैश्विक, राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और स्थानीय स्तर पर खाद्य जनित बीमारियों को रोकना तथा खाद्य सुरक्षा के लिए वैश्विक प्रयासों को मजबूत करना है। 2021 में विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस 'स्वस्थ कल के लिए आज सुरक्षित भोजन' विषय के साथ, 2022 में 'सुरक्षित भोजन, बेहतर स्वास्थ्य', 2023 में 'खाद्य मानक जीवन बचाते हैं' और 2024 में 'खाद्य सुरक्षाः अप्रत्याशित के लिए तैयार रहें' विषय के साथ मनाया गया था।

विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस 2025 का विषय है 'खाद्य सुरक्षाः क्रियाशील विज्ञान'। यह विषय सुरक्षित भोजन सुनिश्चित करने में वैज्ञानिक ज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे वैज्ञानिक साक्ष्य खाद्य सुरक्षा में प्रगति को आगे बढ़ाते हैं, विशेषज्ञ सलाह से लेकर निगरानी और वैश्विक सहयोग तक। यह विषय वैज्ञानिक ज्ञान को व्यवहार में लाने के महत्व को भी रेखांकित करते हुए इस बात पर जोर देता है कि भोजन तभी सुरक्षित हो सकता है, जब मार्गदर्शन और सलाह को अमल में लाया जाए। असुरक्षित भोजन कई निम्न और मध्यम आय वाली अर्थव्यवस्थाओं के विकास को भी बाधित करता है, जिससे श्रमिकों की विकलांगता, बीमारी और असामयिक मृत्यु के कारण उत्पादकता में करीब 110 बिलियन अमेरिकी डॉलर की हानि होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक खाद्य सुरक्षा को जलवायु संकट भी प्रभावित करता है और बढ़ता तापमान सुरक्षित खाद्य उत्पादन के लिए बड़ा खतरा बन रहा है।

# फिर से भड़कता दिख रहा रूस-यूक्रेन युद्ध



राजेश जैन
स्वतंत्र पत्रकार

दोनों पक्षों के पास न तो निर्णायक जीत है और न ही शांति का कोई साफ रास्ता। इस लंबी और थकाऊ लड़ाई के बाद भी यह तय नहीं हो पाया है कि कौन जीत रहा है।

फरवरी 2022 में शुरू हुआ रूस-यूक्रेन युद्ध चौथे साल में चल रहा है। लाखों लोगों की जान जा चुकी है, शहर उजड़ चुके हैं और अब दुनिया की नजरें इस सवाल पर टिकी हैं- आखिर कौन जीत रहा है यह युद्ध? क्या यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की रूस के ताकतवर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को मात दे रहे हैं या फिर रूस धीरे-धीरे अपनी रणनीति में सफल हो रहा है?

विश्लेषकों का मानना है कि तुर्की में रूस और यूक्रेन के बीच हुई बातचीत के बाद स्थिति और उलझ गई है। पुतिन ने साफ कर दिया है कि उन्हें सिर्फ एक ही बात स्वीकार है-यूक्रेन का सरेंडर। दूसरी ओर, यूक्रेन कुछ शर्तों पर रियायत देने को तैयार है, लेकिन रूस अपने कठोर रुख से टस से मस नहीं हो रहा। दूसरी ओर यूक्रेन, टेक्नोलॉजी के मोर्चे पर, रूस को कड़ी टक्कर दे रहा है। हाल ही में यूक्रेनी ड्रोन हमलों ने रूस के बमवर्षक विमानों को भारी नुकसान पहुंचाया है। रूस ने सोचा भी नहीं होगा कि यूक्रेन रूस के 4000 किलोमीटर अंदर घुसकर उसके एयरबेस उड़ा सकता है, लेकिन उसने ऐसा किया। अब 5 एयरबेस पर हमले का नुकसान तो बड़ा है और रूसी राष्ट्रपति पुतिन का गुस्सा भी स्वाभविक है। ऐसे में रूस-यूक्रेन युद्ध एक बार फिर से भड़कता दिख रहा है और शांति की उम्मीदें लगभग मंद हो गई हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स बताती हैं कि इस युद्ध में अब तक करीब 14 लाख लोग हताहत हो चुके हैं। यूक्रेन के 75 हजार से ज्यादा सैनिक या तो मारे जा चुके हैं या गंभीर रूप से घायल हुए हैं। रूस की कुर्स्क पर भारी कार्रवाई के बाद यूक्रेनी सेना को पीछे हटना पड़ा। इसके बाद रूस ने पलटवार करते हुए सूमी प्रांत पर हमला शुरू कर दिया है। सूमी की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि यदि रूस इस पर कब्जा कर लेता है, तो वह सीधे कीव की ओर जमीनी हमला कर सकता है। इससे यूक्रेन की राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था कमजोर हो जाएगी। फिलहाल, यूक्रेनी सेना रूस के कब्जे वाले इलाकों में जवाबी कार्रवाई कर रही है। उन्हें अमेरिका और यूरोपीय देशों से तकनीकी और खुफिया जानकारी मिल रही है, जिससे उन्हें हमलों की रणनीति बनाने में मदद मिलती है। इसके अलावा, यूक्रेन में अब अपने ही ड्रोन बनाने की फैक्ट्री और विशेषज्ञ तैयार हो चुके हैं।

हालांकि यूक्रेन को आधुनिक तकनीक और समर्थन मिल रहा है, लेकिन उसकी चुनौतियां भी कम नहीं हैं। जैसे ड्रोन हमले रूसी सेना को धीमा कर सकते हैं, लेकिन उन्हें पूरी तरह रोक नहीं सकते,-रूस लगातार मिसाइल और बमबारी करता जा रहा है, यूरोप और अमेरिका से हथियारों की सप्लाई बनाए रखना ओर नए हथियारों के लिए सैनिकों को ट्रेनिंग देना भी यूक्रेन के लिए बड़ी चुनौती है।

रूस की रणनीति अब यह है कि यूक्रेनी सेना की सप्लाई लाइन को काटा जाए, उन्हें घेरा जाए और धीरे-धीरे एक-एक इलाके पर कब्जा किया जाए। इसके लिए रूसी सेना छोटे-छोटे समूहों में काम कर रही है ताकि वे ड्रोन हमलों से बच सकें। यूक्रेन की गैर पारंपरिक रणनीतियां-जैसे लंबी दूरी तक ड्रोन से हमला-रूस के लिए परेशानी बन चुकी हैं, लेकिन रूस अब भी उनके खिलाफ कोई ठोस समाधान नहीं निकाल पाया है। इससे संकेत नहीं मिलते कि रूस हमला धीमा करने वाला है।

इस समय रूस ने 5 यूक्रेनी प्रांतों के 19प्रतिशत हिस्से पर कब्जा कर लिया है। इनमें से 12 प्रतिशत इलाके पर वह पहले ही 2014 में कब्जा कर चुका था। पुतिन की चाहत है कि यूक्रेन की 25 प्रतिशत जमीन रूस के अधीन आ जाए, जिसमें एक बफर ज़ोन भी शामिल हो। आपको बता दें कि रूस क्रीमिया पर 2014 में कब्जा कर चुका है लेकिन उसकी मांग सिर्फ क्रीमिया तक सीमित नहीं है, अब वह उन इलाकों को भी यूक्रेन से चाहता है, जिन पर उसकी सेना ने अभी तक कब्जा नहीं किया है, लेकिन रूस अपना दावा करता है। इसके अलावा, वह चाहता है कि युद्ध खत्म होने के बाद यूक्रेन की सेना, उसके हथियार और उसकी सीमाएं नियंत्रित कर दी जाएं-कुछ-कुछ वैसा ही जैसा प्रथम विश्व युद्ध के बाद जर्मनी के साथ किया गया था।

इस समय दोनों पक्षों के पास न तो निर्णायक जीत है और न ही शांति का कोई साफ रास्ता। इस लंबी और थकाऊ लड़ाई के बाद भी यह तय नहीं हो पाया है कि कौन जीत रहा है। रूस की धीमी लेकिन स्थायी बढ़त को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, वहीं यूक्रेन भी टेक्नोलॉजी और नाटो समर्थन के दम पर लगातार जवाबी कार्रवाई कर रहा है। अगर किसी तरह से शांति समझौता हो भी जाता है, तब भी यह जरूरी नहीं कि संघर्ष थम जाएगा। जानकारों का मानना है कि यूक्रेन के भीतर गुरिल्ला युद्ध चलता रहेगा और नाटो देश रूस के लिए लंबे समय तक परेशानी बने रहेंगे। फिलहाल दुनिया को इंतजार है कि यह युद्ध कब और कैसे खत्म होगा?

## सोशल फोरम

# परिवेश



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

बहुत से लोग अमरीका और पश्चिमी देशों की ओर देखते हैं, और बहुत से लोग अभी भी रूस की ओर देखते हैं- सोचते हैं कि भारत का समाज ऐसा ही होना चाहिए। निश्चित ही आज का जीवन ग्लोबल या वैश्विक बन चुका है तथा जो सामान्य परिस्थितियां वैश्विक हैं, उनमें अनेक समानताएं अपने यहां भी होंगी। यह परिवेश का ही प्रभाव है। निश्चित ही जितने अंशों में परिवेश की समानता होगी, उतने अंशों में जीवन की शैली में भी समानता हो सकेगी। जिस तरह के उत्पादन के साधन या टैक्नोलोजी होंगे, उसी तरह की भाषा भी होगी, संस्कृति भी होगी और मानव-व्यवहार भी वैसा ही होगा।

इसी के साथ यह भी है कि संसार में जो शक्तियां प्रबल होंगी, वे निर्बल के जीवन को प्रभावित भी करेंगी। चाहेंगी कि विकासशील देशों की व्यवस्था, विकसित देशों और प्रबल शक्तियों के हितों की पूरक हों। आनुवंशिकता के बाद मनुष्य जीवन का सबसे अधिक प्रभावशाली निर्णायक-तत्व परिवेश होता है। परिवेश से ही मनुष्य जीवन की शक्ति प्राप्त करता है। वह परिवेश प्राकृतिक भी होता है, समुद्र, नदी , पहाड़, ऋतु देह और मन दोनों को प्रभावित करते हैं

एक रिसर्चर ने बिहार में रहते हुए बुद्ध की विचार-भूमि पर अनुसंधान-कार्य किया था और बताया था कि क्यों निर्वाण ही इस विचार-सरणि का अन्तिम गन्तव्य बना? उसने बुद्ध काल की उन परिस्थितियों का विश्लेषण किया है, जिनमें अत्यन्त कष्ट-पूर्ण जीवन है। ये परिस्थितियां ही हैं, जिनके कारण पश्चिम में भौतिकवादी-दर्शन का जन्म हुआ और वह प्रभावी बन सका तथा भारत में अध्यात्मवाद का जन्म हुआ और वह प्रभावी बना। जो सामान्य परिस्थितियां हैं, उनके कारण दोनों भूमियों में समान विचारों का जन्म और प्रभाव हुआ। लेकिन परिवेश पूरी तरह समान कभी भी नहीं हो सकेगा। रूस तथा उक्रेन में एक जैसे विचार को लेकर राजसत्ता बनी किन्तु परिवेश की भिन्नता ने दोनों को आमने सामने कर दिया। गोरे शासकों की शह पाकर जिन्ना ने धर्म की समानता का नारा लगाया था, पूर्वी पाकिस्तान भी पाकिस्तान ही बना था, किन्तु परिवेश की भिन्नता ने दोनों को अलग कर दिया।

-फेसबुक वॉल से

# किनकी देखरेख में हुई आजाद भारत की पहली जनगणना



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

भारत में 16 साल बाद फिर से जनसंख्या की गणना कराई जाएगी। राष्ट्रीय जनगणना की अधिसूचना 16 जून 2025 को जारी होगी। जनगणना 1 मार्च 2027 को पूरी होगी।

देश की पहली जनगणना की शुरुआत 20 फरवरी 1951 से हुई। उस दिन भारत के राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद से सारी जानकारी भारत के जनगणना उपायुक्त रामेश्वर दयाल ने राष्ट्रपति भवन में जाकर हासिल की। डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने अपनी उम्र 66 वर्ष, पेशा "राष्ट्रपति" बताया और बताया था कि कि उन्हें हिंदी के अलावा अंग्रेजी और बांग्ला भाषाएं आती है। उनके बाद उनकी पत्नी श्रीमती राजवंशी देवी से जानकारी ली गई थी।

भारत में 16 साल बाद फिर से जनसंख्या की गणना कराई जाएगी। राष्ट्रीय जनगणना की अधिसूचना 16 जून 2025 को जारी होगी। जनगणना 1 मार्च 2027 को पूरी होगी। भारत जैसे विशाल देश में जनगणना कराना सच में बहुत बड़ी चुनौती रही है। देश के आजाद होने के बाद आईसीएसके मद्रास कैडर के तेज-तर्रार अफसर आरए गोपालस्वामी के नेतृत्व में पहली बार 1951 में जनगणना करवाई गई थी, जो 1872 से हर दस साल में होने वाली नौवीं जनगणना थी। यह जनगणना 1948 के जनगणना अधिनियम के तहत हुई, जिसने भारत में जनगणना की प्रक्रिया को औपचारिक और कानूनी रूप दिया।

गोपालस्वामी ने डब्ल्यू.डब्ल्यू.एम. येट्स की जगह ली, जिन्हें 1951 की जनगणना के लिए नियुक्त किया गया था, लेकिन 1948 में उनकी मृत्यु हो गई थी। सरकार ने गोपालस्वामी को 1949 में स्वतंत्र भारत का पहला जनगणना आयुक्त कर दिया था। वे भारतीय सिविल सेवा के 1927 बैच के अफसर थे। कुछ सालों तक मौजूदा तमिलनाडु में अहम पदों पर रहने के बाद वे 1940 में नई दिल्ली आ गए थे। यहां वे कृषि विभाग में भी रहे।

गोपालस्वामी के मार्गदर्शन में 1951 की जनगणना में उम्र, लिंग, वैवाहिक स्थिति, धर्म, शिक्षा और पेशे जैसे सामाजिक और आर्थिक आंकड़े जुटाए गए। जनगणना के अनुसार भारत की आबादी 36.10 करोड़ थी, जिसमें पुरुष-महिला अनुपात 1000:946 था। साक्षरता दर 18 प्रतिशत थी और औसत आयु 32 साल थी। इसके अलावा, विभाजन के कारण हुए विस्थापन का भी डेटा दर्ज किया गया, जिसमें 72.26 लाख मुस्लिम पाकिस्तान गए और 72.49 लाख हिंदू और सिख भारत आए। इस डेटा ने आजाद भारत की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को समझने की नींव रखी। बेशक, 1951 की जनगणना, जिसे "स्वतंत्रता जनगणना" भी कहा जाता है, आजादी के बाद भारत के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव थी। गोपालस्वामी ने गणना को लोकतांत्रिक तरीके से कराने में अहम भूमिका निभाई, ताकि यह पूरे देश में व्यवस्थित ढंग से हो सके। यह ब्रिटिश शासन की जनगणनाओं से बिल्कुल अलग थी, जो मुख्य रूप से प्रशासन और राजस्व के लिए होती थीं। 1951 की जनगणना ने भारत में डेटा आधारित शासन की नींव रखी।

दरअसल 1951 की जनगणना में कई चुनौतियां थीं, जैसे कम साक्षरता दर (केवल 1 प्रतिशत) और देश की विशालता और विविधता के कारण लॉजिस्टिक समस्याएं। गोपालस्वामी ने इन बाधाओं के बावजूद व्यवस्थित तरीके से जनगणना सुनिश्चित की। जम्मू-कश्मीर में अस्थिरता के कारण वहां 1951 में जनगणना नहीं हो सकी, और वहां की आबादी का अनुमान 1941 की जनगणनाओं के आधार पर लगाया गया। उनकी नेतृत्व क्षमता ने डेटा की विश्वसनीयता बनाए रखी।

1951 की जनगणना का डेटा भारत के पहले पंचवर्षीय योजना (1951-1956) के लिए आधार बना। इसने आर्थिक विकास, शिक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए नीतियां बनाने में मदद की। कम साक्षरता और आयु जैसे मुद्दों को उजागर कर यह लक्षित हस्तक्षेपों का आधार बना। गोपालस्वामी ने जनगणना को साक्ष्य-आधारित शासन का महत्वपूर्ण साधन बनाया, जो आज भी भारत की नीति निर्माण को प्रभावित करता है।

आरए गोपालस्वामी ने 1948 के जनगणना अधिनियम को लागू करने, व्यापक डेटा संग्रह और विभाजन की चुनौतियों से निपटने में उनकी कोशिशों ने भविष्य की जनगणनाओं की नींव रखी। 1951 की जनगणना भारत के सांख्यिकीय इतिहास में एक मील का पत्थर है, जिसने आजादी के शुरुआती दौर में देश की जनसांख्यिकीय और सामाजिक-आर्थिक स्थिति की महत्वपूर्ण जानकारी दी। गोपालस्वामी 1949-1953 तक देश के जनगणना आयुक्त रहने के बाद वापस मद्रास चले गए थे। इस बीच, यहां पर भारत के पहले जनगणना आयुक्त डब्ल्यूसी प्लौडेन की चर्चा करना भी जरूरी है। उन्होंने 1881 में ब्रिटिश शासन के तहत भारत की पहली जनगणना आयोजित करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इससे पहले, 1872 में लॉर्ड मेयो के शासनकाल में पहली बार जनगणना का प्रयास किया गया था, लेकिन वह आंशिक और असंपूर्ण थी। 1881 की जनगणना को भारत में पहली व्यवस्थित और व्यापक जनगणना माना जाता है, और इसकी देखरेख डब्ल्यूसी प्लौडेन ने की।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### महायोजना-2031 हुई लागू जारी हुआ मानचित्र

हरदोई, अमृत विचार। लंबे इंतजार के बाद महायोजना 2031 लागू हो गई है। इसका मानचित्र जारी कर दिया गया है। उप जिलाधिकारी सदर सुशील कुमार मिश्रा ने बताया कि यह मानचित्र कलेक्ट्रेट स्थित विनियमित कार्यालय व बेवसाइट पर उपलब्ध है।

### कॉलेज में बोर्ड परीक्षा के अंक पत्रों का वितरण शुरू

हरदोई, अमृत विचार। बोर्ड परीक्षा 2025 के अंक पत्रों का वितरण राजकीय इंटर कॉलेज में शुक्रवार से शुरू हो गया। यह वितरण 14 जून तक चलेगा। शुक्रवार को प्रथम दिन विद्यालय बोर्ड 1001 से 1002 तक के विद्यालयों ने जीआईसी से अंक पत्र सह प्रमाण पत्र प्राप्त किए। इसके बाद विद्यालय के लोग छात्र-छात्राओं का इनका वितरण प्रारंभ कर देंगे।

### घर में घुसे चोरों ने लाखों के जेवर व नकदी किया पार

हरदोई, अमृत विचार। भैंसरी मजरा नयागांव में एक घर में घुसे चोरों ने जेवर व नकदी सहित लाखों का सामान चोरी कर लिया। टडियावां थाने के भैसरी मजरा नयागांव निवासी गौरव शुक्ला ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उनका पूरा परिवार गुरुवार की रात मकान के छत पर सो रहा था। उसी बीच चोर पड़ोस के मकान से चढ़कर सीढ़ियों से उतरकर कमरे में पहुंचे और ताला तोड़कर बक्से से सोने-चांदी के जेवर और एक लाख की नकदी चोरी कर ली।

### प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़कर इनवर्टर, पंखा चोरी

टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार। क्षेत्र के सरदारपुर गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़कर सामान चोरी हो गया। घटना की सूचना स्कूल के प्रधानाध्यापक मिथिलेश ने 112 डायल पर दी। पुलिस ने जांच की, लेकिन तीन दिन बाद रिपोर्ट दर्ज नहीं की। बताया कि 2 जून की रात चोरों ने स्कूल का ताला तोड़कर इनवर्टर, पंखा चोरी कर लिया। पुलिस की कार्यशैली पर लोगों में रोष है।

# अवैध कब्जे की शिकायतों को गंभीरता से लेकर हल कराएं

## डीएम की जन सुनवाई में बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड का अर्धशतक पूरा

संवाददाता, हरदोई


जनसुनवाई में शिकायतें सुनते जिलाधिकारी अनुनय झा। अमृत विचार

अमृत विचार। जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने बड़ी संख्या में आमजन की समस्याओं को सुना। राजस्व से सम्बंधित शिकायतों के सम्बन्ध में उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायतों को गंभीरता से लिया जाये। चकरोड पर अवैध कब्जे की शिकायत मिलने पर राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाये। थाकबंदी के प्रकरणों में अनावश्यक विलम्ब न किया जाये। पैमाइश व अंश निर्धारण के प्रकरणों को लंबित न रखा जाये।

जन सुनवाई में मौके पर ही पात्रता की जांच कर पात्रों को वृद्धावस्था, दिव्यांग व विधवा पेंशन से लाभान्वित कराया गया। 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाये गए। शुक्रवार को छह बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बने। नये जिलाधिकारी द्वारा पहली जन सुनवाई से लेकर अब तक जन सुनवाई में कुल 50 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। उन्होंने समस्याओं को सुनकर सम्बंधित अधिकारियों को तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। हरियावा विकास खण्ड के एक गांव की एक दिव्यांग महिला जब जन सुनवाई के दौरान जब जिलाधिकारी के सामने पहुंची खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि महिला को दिव्यांग शौचालय दिलवाया जाये। आवास के लिए पात्र होने पर पात्रता सूची में शामिल किया जाये। दिव्यांग जन कल्याण विभाग को उन्होंने निर्देश दिए कि महिला को दुकान निर्माण योजना के अंतर्गत आच्छादित कराया जाये। एक अन्य दिव्यांग राजू का उन्होंने तत्काल दिव्यांग ई-रिक्शा हेतु आवेदन करवाने तथा उपलब्ध होते ही उनको देने के दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी को दिए। इस दौरान उप जिलाधिकारी गरिमा सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### अवैध ढंग से मदिरा बनाने व बेचने वालों पर की जाए गैंगस्टर के तहत कार्रवाई : डीएम

हरदोई, अमृत विचार। जिलाधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट अनुनय झा ने कहा कि जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी तथा अवैध अल्कोहल/शीरा परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन, पुलिस एवं आबकारी विभाग की तहसीलवार गठित संयुक्त टीमों को छह से 20 जून तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाए जाने के लिए आदेशित किया गया है तथा अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी पर प्रभावी रोक लगाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद में अवैध मदिरा आदि पर प्रभावी कार्यवाही की जिम्मेदारी प्रथम टीम में एसडीएम/तहसीलदार सदर, आबकारी निरीक्षक व समस्त स्टाफ सदर, सीओ/थानाध्यक्ष सदर, द्वितीय टीम में एसडीएम/तहसीलदार शाहाबाद, आबकारी निरीक्षक व स्टाफ शाहाबाद, सीओ/थानाध्यक्ष शाहाबाद, तृतीय टीम में एसडीएम/ तहसीलदार सण्डीला, आबकारी निरीक्षक व स्टाफ, सीओ/थानाध्यक्ष सण्डीला, चतुर्थ टीम में एसडीएम/तहसीलदार बिलग्राम, आबकारी निरीक्षक व स्टाफ तथा सीओ/थानाध्यक्ष बिलग्राम तथा चतुर्थ टीम एसडीएम/तहसीलदार सवायजपुर, आबकारी निरीक्षक व स्टाफ, सीओ/थानाध्यक्ष सवायजपुर को सौंपी गई है।

## अवैध खनन से क्षेत्र की सड़कें हो रहीं बदहाल

टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार। मिट्टी से भरे ओवरलोड डंपरों के अवैध कारोबार पर नहीं थम रहा है। हरिहरपुर चौकी क्षेत्र में ओवरलोड और तेज रफ्तार से मिट्टी भरे डंपर फर्राटे भर रहे हैं। भड़ायल चौकी क्षेत्र के सिकरोहरी गांव के पास से मिट्टी से भरे डंपर दौड़ लगा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि परमिट की आंड़ में खनन कारोबारी मनमानी कर रहे हैं। शिकायत करने पर जिम्मेदार कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिसके चलते सड़कों की स्थिति दयनीय हो रही है। खनन के इस गोरख धंधे पर जनप्रतिनिधि भी चुप्पी साधे हुए हैं। डंपरों के फर्राटा भर कर दौड़ने से इलाके के गौरा डांडा मार्ग पूरे गड्ढों में तब्दील हो गया है, जबकि उक्त मार्ग का पुनर्निर्माण वित्तीय वर्ष में हुआ था। एसडीएम सदर सुशील कुमार मिश्र ने बताया कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। पता करके कार्यवाही की जायेगी।

# ट्रक ने बस में मारी टक्कर, एक की मौत व 12 घायल

संवाददाता, हरदोई,


घटनास्थल पर क्षतिग्रस्त बस व मौजूद सवारियां। अमृत विचार

अमृत विचार। सवारियां ले कर हरपालपुर जा रही बस साण्डी थाने के नयागांव ईंट-भट्ठे के पास पहुंची, उसी बीच पीछे से आ रहा तेज़ रफ्तार ट्रक उसमें घुस गया। शुक्रवार की सुबह हुए हिदसे में एक बुज़ुर्ग की मौत हो गई, साथ ही करीब 12 सवारियां घायल हुईं। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्ज़े में लेते हुए जांच शुरु कर दी है।

शुक्रवार की सुबह निजी मिनी बस हरपालपुर सवारियां ले कर जा रही थी। जैसा कि बताते है कि बस साण्डी थाने के नयागांव बखरिया ईंट-भट्ठे के पास पहुंची, उसी बीच तेज़ रफ्तार ट्रक उसमें पीछे से घुस गया। हादसे में अरवल थाने के अलियापुर निवासी 75 वर्षीय रामबली पुत्र हरसहाय की वहीं पर मौत हो गई, जबकि सीएचसी हरपालपुर के लैब इंचार्ज 46 वर्षीय विजय चंद्रा पुत्र श्रीराम, कोतवाली शहर के भीमनगर अनंग बेहटा की 26 वर्षीय प्रगति पुत्री सर्वेंद्र, साण्डी कस्बे के नौशहरा निवासी 55 वर्षीय शौकत अली, साण्डी थाने के भीखपुर निवासी प्रतिपाल की 17 वर्षीय पुत्री शालिनी, उसी गांव निवासी सचिन की 30 वर्षीय पत्नी लक्ष्मी, फर्रुखाबाद के राजेपुर निवासी सुरेश की 55 वर्षीय पत्नी मीना और उसकी 18 वर्षीय पुत्री पूजा के अलावा बेहटा गोकुल निवासी 34 वर्षीय बस कंडक्टर कल्लू पुत्र हरीशचंद्र समेत लगभग 12 सवारियां घायल हो गईं। सीओ बिलग्राम रविप्रकाश सिंह ने बताया कि हादसे में ज़ख्मी हुईं सवारियों का इलाज चल रहा है, ट्रक को कब्ज़े में लेते हुए जांच की जा रही है।

# सड़क किनारे खड़े तीन दोस्तों को बाइक सवार ने टक्कर मारी, एक युवक की मौत

संवाददाता, हरदोई


मृतक विकास वर्मा की फाइल फोटो।

टीकाराम खेड़ा गांव जाते हुए रास्ते में खराब हो गई थी बाइक

अमृत विचार। बैंक में प्राइवेट नौकरी करने वाला युवक अपने दोस्तों के साथ बाइक से टीकाराम खेड़ा जा रहा था, रास्ते में उसकी बाइक खराब हो गई। तीनों दोस्त बाइक सही करने लगे, उसी बीच तेज़ रफ्तार दूसरी बाइक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे तीनों दोस्त उछल कर काफी दूर गिर कर घायल हो गए। उन्हें सीएचसी बेहंदर पहुंचाया गया, जहां से एक युवक को ट्रामा सेंटर ले जाया जा रहा था, रास्ते में उसकी मौत हो गई।

कासिमपुर थाने के शाहपुर चमरहा निवासी 29 वर्षीय विकास वर्मा पुत्र विपिन बैंक आफ इंडिया की शाखा शाहपुर में प्राइवेट चपरासी की नौकरी करता था। गुरुवार की रात विकास अपने दोस्तों सौरभ व सुरजीत के साथ बाइक से टीकाराम खेड़ा रंगारंग कार्यक्रम देखने जा रहा था। सण्डीला-बांगरमऊ रोड पर सरेहरी पुलिया के पास पहुंचते ही उसकी बाइक बंद हो गई। विकास और उसके दोनों दोस्त वहीं खड़े हो कर बाइक सही करने लगे, उसी बीच तेज़ रफ्तार दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे तीनों दोस्त उछल कर काफी दूर गिरकर बुरी तरह से घायल हो गए। जिन्हे एम्बुलेंस-108 से सीएचसी बेहंदर भेजा गया, वहां से विकास को ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया, उसी दौरान रास्तें में उसकी मौत हो गई। हादसे का पता होते ही विकास के घर मातम बरपा हो गया।

# हत्या के दोषियों को छोड़ा नहीं जाएगा

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई


पीड़ित परिवार से जानकारी लेते भाजपा प्रदेश मंत्री शंकर लाल लोधी।

अमृत विचार। क्षेत्र के मक्कूपुरवा गांव में बुजुर्ग महिला की गोली मारकर हत्या की घटना ने इलाके में सनसनी मचा दी थी। बीते बुधवार को इसरापुर बाजार में सूरजबली राजपूत की पत्नी रामश्री की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने कन्नौज-हरदोई मार्ग जाम करने की कोशिश की थी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे थे। घटना के कुछ ही घंटों बाद पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया था।

गुरुवार शाम को भाजपा प्रदेश मंत्री व अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शंकर लाल लोधी और क्षेत्रीय विधायक आशीष सिंह आशु ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने परिवार को सांत्वना दी। मंत्री लोधी ने कहा, इस घटना के दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस और प्रशासन को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। विधायक आशु ने भी परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

# युवक ने ट्रेन के आगे छलांग लगाकर की आत्महत्या

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई



अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के दरिया पर विक्कू रेलवे फाटक के पास काशी विश्वनाथ ट्रेन के आगे छलांग लगाकर युवक ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सुबह मर्चरी में परिजनों ने शव की शिनाख्त की।

प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार राय ने बताया कि गुरुवार की रात लगभग 10 बजे रेलवे स्टेशन से चली काशी विश्वनाथ ट्रेन दरियापुर विक्कू रेलवे फाटक के पास पहुंची, तभी वहां खड़े एक युवक ट्रेन के आगे छलांग लगा दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। रेलवे स्टेशन चौकी इंचार्ज अमित सिंह ने उसे सीएचसी भिजवाया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए हरदोई भेज कर मर्चरी में रखवा दिया। शुक्रवार की सुबह युवक के पिता अमर सिंह ने शव देखकर अपने बेटे अमन के रूप में पहचान की। बताया जाता है बुधवार को परिवार में एक शादी थी, जिसमें पूरा परिवार गया था लेकिन पिता से झगड़ा हो जाने की वजह से अमन शादी में नहीं गया और घर में ही रुक गया। बाद में पता चला कि अमन ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली।

## राजस्थान के युवक की नदी में डूबकर मौत

हरदोई, अमृत विचार। बाढ़ से बचाव के लिए रामगंगा नदी की धारा मोड़ने का काम चल रहा है। जहां काम करने वाला राजस्थान निवासी युवक शुक्रवार को नदी में नहाते समय नदी में डूब गया। करीब दो घंटे बाद गोताखारों ने उसका शव नदी से बाहर निकाला। बता दें कि बाढ़ से बचाव के लिए परियोजना के तहत रामगंगा नदी की खुदाई की जा रही है। उसी में राजस्थान के साजन वासी थाना जसरासर ज़िला बीकानेर निवासी 28 वर्षीय मुकेश अरवल थाने के बेहटा मुड़िया गांव में ट्रैक्टर से रामगंगा नदी की खुदाई कर रहा था। शुक्रवार की दोपहर वह नदी में नहाने गया, जहां गहरे पानी की धार मे फंसने से वह पानी में डूब गया। पुसि ने उसके परिजनों को घटना की सूचना दी है।

## सार-संक्षेप


जरूरतमंदों को साड़ी वितरित करतीं मंत्री रजनी तिवारी।

### जरूरतमंद महिलाओं को मंत्री ने बांटी साड़ियां

संवाददाता, भरखनी, हरदोई, अमृत विचार। प्रदेश की उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी ने पचदेवरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भाभर केशवपुर में चल रहे रासलीला के समापन समारोह में पहुंची उन्होंने वहां महिलाओं को वस्त्र दान भी किया। इस दौरान आयोजक प्रधान प्रतिनिधि कृपाशंकर पांडेय और शिवम पांडेय ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। मंत्री ने महिलाओं को साड़ियां वितरित कीं। पूर्व प्रधान और वर्तमान प्रधान प्रतिनिधि कृपाशंकर पांडेय व शिवम पांडेय ने जरूरतमंद महिलाओं को साड़ियां बांटी। इस मौके पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### सास ने दामाद के खिलाफ दी तहरीर, केस दर्ज

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अल्लाहपुर निवासी विवाहिता की मां ने अपने दामाद पर दहेज के लिए पुत्री के साथ बंधक बनाकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पीड़िता राजकुमारी पत्नी राजाराम के अनुसार उसने अपनी पुत्री का विवाह कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिढ़ाता निवासी रामशंकर के पुत्र श्रवण के साथ किया था। अतिरिक्त दहेज में 50 हजार रुपए की मांग को लेकर 27 मई को दामाद ने उसकी पुत्री को डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। उसकी पुत्री ने फोन से सारी घटना से उसको अवगत करवाया। दामाद दहेज की मांग को लेकर उसकी घायल पुत्री को घर में बंधक बनाए हुए है। इलाज के लिए भी बाहर नहीं निकलने दे रहा है। पीड़िता की लिखित तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हादसे में घायल ने वाहन स्वामी पर दर्ज कराया केस

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोरिया में 27 मई को तेज रफ्तार टैंपो पलटने में हुए घायल ने टैंपो मालिक पर इलाज न करवाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम मझिला के मजरा फार्म पुरवा निवासी सूरज के अनुसार वह 27 मई को हरई से टैंपो से शाहाबाद आ रहा था। टैंपो एक किशोर चला रहा था। अधिक सवारियां और तेज रफ्तार के कारण कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गौरिया के निकट चालक टैंपो पर नियंत्रण नहीं कर पाया और वह पलट गया। जिससे उसके पैर टूट गया। टैंपो मालिक हरई निवासी विमल पुत्र अमर सिंह ने उसको सारा इलाज करवाने का आश्वासन दिया था। उसका अब तक आपरेशन में एक लाख रुपया खर्च हो चुका है। अब विपक्षी टैंपो मालिक उसका इलाज करवाने से इंकार करते हुए धमका रहा है। कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


शहर कोतवाली में पेड़ देते कांसेप्ट के कर्मचारी। अमृत विचार

### कांसेप्ट कार मना रहा पर्यावरण बचाओ सप्ताह

संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार। कांसेप्ट कार ने पौधरोपण अभियान चलाकर जगह-जगह पौधे बांटने का कार्य प्रारंभ किया है। कांसेप्ट कर्मचारियों ने जेल, थाना, शैक्षिक व सामाजिक संगठनों, बैंकों में पेड़ देकर वृक्षारोपण को बचाने की अपील की। पर्यावरण दिवस को एक दिन न मनाकर अभियान चलाने का काम कांसेप्ट ग्रुप के चेयरमैन सजीव अग्रवाल ने किया है। उन्होंने कहा कि वातावरण को सुरक्षित रखने के लिए लगातार प्रयास करने हैं। जब वायु प्रदूषण कम होगा, तभी वातावरण अधिक सुरक्षित और टिकाऊ रहेगा। वातावरण को स्वच्छ रखने के इरादे से ही सीएनजी ईंधन इजाद किया गया है। सीएनजी वाहन स्वच्छ ईंधन का विकल्प है। कांसेप्ट कार के कर्मचारी शहर कोतवाली, देहात कोतवाली, जेल तथा विभिन्न बैंकों व शिक्षण संस्थाओं व सामाजिक संस्थाओं में पौधों को बांट रहे हैं। साथ ही लोगों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की अपील भी कर रहे हैं। वृक्ष बांटने वालों में सुशील कुमार गुप्ता, विकास दीक्षित सहित कांसेप्ट के अनेक कर्मचारी लगे हुए हैं।

## युवक ने नदी में लगाई छलांग, तलाश जारी

हरदोई, अमृत विचार। गर्रा नदी के पुल पर पहुंचा युवक चप्पल व कपड़े उताकर नदी में छलांग लगा दी। आसपास मौजूद लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। गोताखोरों की मदद से युवक की नदी में तलाश शुरू कराई गई है, देर शाम तक युवक का पता नहीं चला था। शुक्रवार की शाम साण्डी थाने के कोले मजरा भटेउली निवासी सोनू कश्यप उर्फ दशहरी (35) गर्रा नदी के पुल पर पहुंचा, वहां उसने अपनी बनियान और चप्पल उतार दी, उसके बाद नदी में छलांग लगा दी। सोनू कश्यप के परिवार में उसकी पत्नी सुषमा और तीन बेटी और दो बेटे है। घटना की सूचना परिवार को दी गई है।

# मेधावियों को किया गया सम्मानित

संवाददाता, हरदोई


प्रतिभा सम्मान समारोह में छात्राओं को सम्मानित करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती

**अंतर्राष्ट्रीय बुद्ध अम्बेडकर महोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन**

अमृत विचार। द बुद्धिष्ट सोसाइटी ऑफ़ इण्डिया शाखा ने अम्बेडकर पार्क में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय बुद्ध अम्बेडकर महोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष जिला पंचायत प्रेमावती पीके वर्मा ने सामाजिक समरसता, समानता एवं कर्तव्यनिष्ठा की प्रतिमूर्ति भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर एवं महात्मा बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन समर्पित किये।

अध्यक्ष प्रेमावती पीके वर्मा ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर, उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान कीं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से बौद्ध भिक्खुजन, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, सदस्य जिला पंचायत पिहानी सोनू भारती, कार्यक्रम आयोजक वरिष्ठ शिक्षक रनवीर सिंह, जिलाध्यक्ष द बुद्धिष्ट सोसाइटी अजीत बिहारी बौद्ध व गुड्डी सिंह बौद्ध सहित बौद्ध धर्म अनुयायी, होनहार विद्यार्थी व क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# सील हॉस्पिटल खोलकर चालू करने पर संचालक पर केस दर्ज

हरदोई, अमृत विचार। शहर में बड़े पैमाने पर मानकों की अनदेखी करते हुए निजी अस्पताल संचालित हो रहे हैं। मानकविहीन यह हॉस्पिटल जमकर मनमानी करते हुए मरीजों के आर्थिक शोषण और जान जोखिम में डालने के अड्डे बन गए हैं। ऐसे ही एक मामले में नोडल अधिकारी ने मानकविहीन अस्पताल संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बताते चलें कि शहर की बिलग्राम चुंगी से साण्डी रोड पर न्यू लाइफ के नाम से निजी हास्पिटल है। 22 अप्रैल को वहां एक मरीज की मौत हो गई थी। घर वालों के हंगामे पर वहां काम कर रहे लोग मौके से भाग निकले थे। स्वास्थ्य विभाग ने जांच के बाद निजी अस्पताल सील कर दिया था। कुछ दिनों तक वहां सन्नाटा रहा, लेकिन उसके कुछ ही दिनों के बाद हास्पिटल संचालक ने वहां फिर से इलाज शुरु कर दिया। इसका पता होते ही स्वास्थ्य महकमां हरकत में आया और सीएमओ आफिस से नोडल अधिकारी डा. मनोज सिंह ने कोतवाल शहर में तहरीर देते हुए हास्पिटल संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसएचओ कोतवाली शहर संजय त्यागी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।


शर्बत वितरण करती अधिवक्ता

## अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में किया शर्बत वितरण

हरदोई, अमृत विचार। भीषण गर्मी को देखते हुए शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में राहगीरों एवं वादकारियों को शर्बत का वितरण किया गया। बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री जेपी त्रिवेदी ने बताया कि इन दिनों मंगल व शनिवार को भंडारे आदि का आयोजन हो रहा है, लेकिन बाकी दिनों में गर्मी में राहगीर परेशान रहते हैं, इसीलिए शुक्रवार को शर्बत का वितरण कराया गया। इस मौके पर अधिवक्ता शिवमोहन शुक्ला, आशुतोष द्विवेदी, संजीव अवस्थी, जितेन्द्र श्रीवास्तव, नीलम शुक्ला, प्रीती द्विवेदी, मोहित श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा।

बैठक

डीएम की अध्यक्षता में हुई शासी निकाय की बैठक, तीन प्रभारी अधीक्षकों को नोटिस भेजने के निर्देश

# लापरवाह आशाओं की सेवा की जाए समाप्त

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। विवेकानंद सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग में संचालित सेवाओं की जानकारी ली। लापरवाही मिलने पर तीन प्रभारी अधीक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। उक्त प्रभारी निरीक्षकों ने लापरवाह व संदिग्ध निष्ठा वाली आशाओं की सूची नहीं दी है। इसके साथ ही उन आशाओं को कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा जिनके सूची में नाम हैं। जवाब संतोषजनक न होने पर आशाओं की सेवा समाप्त करने को कहा। यह कहा कि आशाओं के खाली पदों को भरने की कार्रवाई जल्द प्रारम्भ की जाये।

अस्पताल में भर्ती होने वाले प्रत्येक मरीज की बेडस्लिप अवश्य रखी जाये। दवाइयों का इश्यू रजिस्टर व्यवस्थित ढंग से रखा जाये। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर संस्थागत प्रसव की संख्या बढ़ाई जाये। प्रत्येक माह कम से कम 5 एएनएम को संस्थागत प्रसव के सम्बन्ध में प्रशिक्षित किया जाये। कम से कम 10 प्रसव का लक्ष्य निर्धारित किया जाये। नियमित टीकाकरण को निर्बाध रखा जाये। गर्भवती महिलाओं के अल्ट्रासॉउन्ड के लिए लक्ष्य के सापेक्ष ई रूपी बाउचर जेनरेट कराये जाएं। जेनरेट किये गए ई रूपी बाउचर का रिडम्पशन सुनिश्चित कराया जाये। उच्च जोखिम वाली प्रेग्नेंसी को ससमय उच्च सुविधा हेतु रिफर किया जाये। सभी स्थापित आयुष्मान आरोग्य मंदिरो में विद्युत संयोजन सुनिश्चित किया जाये। अवशेष आरोग्य मंदिरों का कार्य तेजी से पूरा कराया जाये।ई संजीवनी के माध्यम से कंसल्टेशन की संख्या बढ़ाई जाये। 30 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की स्क्रीनिंग कर ई कवच पर फीड किया जाये। ब्रेस्ट कैंसर व ओरल कैंसर की स्क्रीनिंग के लिए एएनएम को प्रशिक्षित किया जाये। 31 जुलाई तक अभियान चलाकर 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का आयुष्मान कार्ड बनवाया जाये।

# एसीएमओ को निजी अस्पतालों व जांच केंद्रों में मिली गड़बड़ी

## चकलवंशी व सफीपुर कस्बा में किया औचक निरीक्षण
## बंद करने के निर्देश देकर 3 दिन में प्रपत्र दिखाने के आदेश

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** एसीएमओ ने स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षकों के साथ चकलवंशी व सफीपुर के निजी अस्पतालों व जांच केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। जहां उन्हें कई अनियमिताएं मिलीं। जिस पर उन्होंने क्लीनिक व जांच केंद्रों को बंद करने के निर्देश देकर तीन दिन में पंजीकरण संबंधी प्रपत्र दिखाने के आदेश दिए।

एसीएमओ डॉ. नरेंद्र सिंह के साथ शुक्रवार को मियागंज सीएचसी अधीक्षक डॉ. नितिन और डॉ. डी नाथ ने चकलवंशी में संचालित कई नर्सिंग होम का निरीक्षण किया। टीम सबसे पहले कुशवाहा क्लीनिक पहुंची। जहां संचालक पंजीकरण संबंधी कोई प्रपत्र नहीं दिखा सका। इस पर क्लीनिक बंद करा दिया। राधाकृष्ण हास्पिटल में भी टीम को कोई डॉक्टर नहीं मिला। यहां मौजूद स्टाफ भी प्रशिक्षित नहीं था। टीम को यहां भी पंजीकरण के प्रपत्र नहीं मिले। इस पर दोनों नर्सिंग होम के स्टाफ को बाहर कर ताला बंद करा दिया। वहीं एक झोलाछाप का क्लीनिक भी बंद कराया गया। डॉ. नितिन ने बताया कि तीन दिन का समय देकर पंजीयन संबंधी प्रपत्र प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान संचालन बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही चेतावनी दी गई यदि संचालन पाया गया तो रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।



डाइग्नोस्टिक सेंटर की जांच करने पहुंचे एसीएमओ।


एक्सरे सेंटर पर कार्रवाई करते अधिकारी। अमृत विचार

**सफीपुर कस्बा में भी किया औचक निरीक्षण:** कस्बे में बिना पंजीयन संचालित निजी हॉस्पिटल व जांच केंद्रों का निरीक्षण करने पहुंचे एसीएमओ डॉ. नरेंद्र सिंह के आने की भनक लगते ही निजी अस्पताल व जांच केंद्र संचालकों में हड़कंप मच गया। मानक विहीन क्लीनिक संचालक शटर गिराकर भाग निकले। जांच में बिना पंजीयन के संचालित एक निजी हॉस्पिटल, अल्ट्रासाउंड व एक्सरे सेंटर संचालक कोई जरूरी दस्तावेज नहीं दिखा पाया। इस पर एसीएमओ ने बिना पंजीयन संचालित नर्सिंग होम व जांच केंद्रों को तत्काल बंद करने के निर्देश दिए। साथ ही एक सप्ताह में पंजीकरण प्रपत्र सहित सीएमओ कार्यालय आने के निर्देश दिए। साथ ही चेतावनी दी कि समय सीमा में दस्तावेज जमा न करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उन्होंने अस्पतालों की सफाई व्यवस्था, दवा भंडारण व मरीजों के रजिस्टर की भी जांच की। निरीक्षण के समय सीएचसी अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार वर्मा भी मौजूद रहे। एसीएमओ नरेंद्र सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### कई मानकविहीन अस्पतालों तक नहीं पहुंच पाई टीम

सफीपुर कस्बे में चर्चा रही कि स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों के रहमोकरम पर संचालित जांच केंद्रों व निजी हॉस्पिटलों तक जांच कर रही स्वास्थ्य टीम शुक्रवार को भी नहीं पहुंच सकी। टीम द्वारा सिर्फ खानापूर्ति की गई। लोगों की माने तो कस्बे में संचालित कई नर्सिंग होम व जांच केंद्रों के पंजीकरण नहीं है। लेकिन वह कार्रवाई से बचे रहते हैं।

# शराब ठेके के पास मिला अज्ञात युवक का शव, नहीं हुई पहचान

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सीताराम मनोहर नगर स्थित देशी शराब ठेके के पास शुक्रवार सुबह एक अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सुबह करीब 6 बजे राहगीरों ने युवक का शव देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही गंगाघाट कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष बताई जा रही है, लेकिन मौके पर मौजूद लोगों और स्थानीय निवासियों से पूछताछ के बाद भी उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने बताया कि युवक ने सफेद लोअर और स्लेटी रंग की शर्ट पहन रखी थी। शव को कब्जे में लेकर उन्नाव जिला अस्पताल की मर्च्युरी में 70 घंटे के लिए सुरक्षित रखा गया है। कोतवाली प्रभारी पीके मिश्रा ने बताया कि मृतक की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। सोशल मीडिया और आस-पास के थानों की मदद भी ली जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद ही युवक की मौत के कारणों का सही पता चल सकेगा।

# अमृत योजना के पाइप में लगी आग, फॉयर ब्रिगेड ने बुझाई

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गजिया खेड़ा गांव के पास अमृत योजना के तहत रखे गए प्लास्टिक पाइपों में शुक्रवार दोपहर अचानक आग लग गई। तेज हवा के चलते आग ने विकराल रूप ले लिया और पाइप धू-धूकर जलने लगे। घटना के आसपास के इलाकों में हड़कंप मचा रहा।

दोपहर करीब तीन बजे किसी अराजकतत्व द्वारा आग लगाए जाने की आशंका जताई जा रही है। आग की लपटें और धुआं आजाद मार्ग तक फैल गया, जिससे आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना में अमृत योजना के हजारों रुपये कीमत के पाइप जलकर खाक हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है और अराजकतत्वों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।


गजिया खेड़ा के पास धू-धूकर जलते पाइप। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### पति समेत चार पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के प्रेम नगर निवासी एक युवती ने ससुरालीजनों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रेम नगर निवासी रीतम रस्तोगी ने बताया कि उसकी शादी हरदोई जिले के पुराना बोर्डिंग हाउस निवासी उज्ज्वल रस्तोगी के साथ हुई थी। विवाह के बाद से ही उसके पति, सास, ससुर और ननद लगातार अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। रीतम का आरोप है कि जब उसने मांग पूरी करने से इनकार किया तो ससुरालीजन उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। आए दिन उसे मारपीट कर अपमानित किया जाता रहा। कुछ दिन पहले मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया गया। पीड़िता की तहरीर पर गंगाघाट पुलिस ने पति उज्ज्वल रस्तोगी, सास सीमा रस्तोगी, ससुर प्रदीप रस्तोगी और ननद मालविका के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पति ने विवाहिता को पीटा, पुलिस से गुहार

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के राजीव नगर खंती में रहने वाली एक विवाहिता ने पति पर मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने मामले में पुलिस से न्याय की मांग की है। पीड़िता लक्ष्मी ने बताया कि उसकी ससुराल बिंदा नगर में है और उसका पति शैलेन्द्र नशे का आदी है। वह अक्सर नशे में धुत होकर उसके साथ मारपीट करता है। इसी उत्पीड़न के चलते पिछले 18 महीनों से वह अपने मायके में रह रही है। लक्ष्मी का कहना है कि 4 जून को वह ससुराल गई थी, जहां पति ने गाली-गलौज करते हुए फिर से उसके साथ मारपीट की। लक्ष्मी का एक डेढ़ साल का बेटा भी है, जिसकी देखभाल वह अकेले कर रही है। विवाहिता ने गंगाघाट कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर पति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायत प्राप्त कर जांच शुरू कर दी है।

### युवक के साथ गई युवती, आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

**संवाददाता, सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार :** कस्बे के एक मोहल्ले से दो दिन पूर्व मां के साथ छत पर सोई युवती सीढ़ी से नीचे उतरकर युवक के साथ रफूचक्कर हो गई। घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई। जिसके आधार पर युवती के मामा ने युवक सहित छह लोगों के विरुद्ध बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगा केस दर्ज कराया है। पुलिस एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। कस्बे के एक मोहल्ला निवासी युवक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी बहन व दो भांजिया उसके साथ रहती हैं। बीती 4 जून की रात उसकी बहन और दोनों भांजिया छत पर सोई थीं। तभी सफीपुर ग्रामीण के खादिम अली खेड़ा निवासी रामकिशन राठौर का पुत्र आदर्श अपनी मां, दो बहनों व कस्बे के सोहरवा तालाब मोहल्ला निवासी राजेश पुत्र छोटई व स्टेशन रोड निवासी निखिल गौड़ पुत्र रामप्रकाश के सहयोग से घर के बाहर सीढ़ी लगाकर छत पर सो रही बड़ी भांजी को बहलाकर भगा ले गया। भोरपहर पड़ोस में रहने वाले मौसा ने देखा तब भांजी के गायब होने की जानकारी हुई। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर उन लोगों द्वारा भांजी को भगा ले जाने की घटना उसमें कैद मिली। जिसमें एक कार का प्रयोग किया गया है। दो दिनों तक उसकी खोजबीन की गई। लेकिन पता नहीं चल सका। परिजनों ने तहरीर देकर पुलिस से युवती को खोजने की गुहार लगाई है। वहीं एसओ एसएन त्रिपाठी ने बताया कि छह लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर युवती की तलाश की जा रही है।

# तत्काल टिकट के यात्रियों का वेरिफाई होगा आधार

संवाददाता, हरदोई

**कवायद**

**तत्काल टिकट के खेल पर लगेगा ब्रेक, जारी हुए आदेश**



**अमृत विचार।** भारतीय रेल तत्काल टिकट में हो रहे बड़े खेल को रोकने के लिए लगातार नए-नए प्रयोग करती आ रही है। भारतीय रेल ने तत्काल टिकट में चल रहे बड़े खेल को रोकने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। भारतीय रेल ने अब ट्रेन में यात्रियों के तत्काल टिकट पर दर्ज आधार नंबरों को वेरीफाई करने के निर्देश जारी किए हैं।

ट्रेन के अंदर यात्रा के समय तत्काल टिकट लेकर यात्रा कर रहे यात्रियों को अपना आधार कार्ड वेरीफाई करना होगा। रेल मंत्रालय की ओर से सभी टीटीई को अपने मोबाइल फोन में एम आधार एप्लिकेशन डाउनलोड करने के निर्देश जारी हुए हैं। एम आधार एप से आधार टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को टीटीई को अपना आधार कार्ड वेरीफाई कराना होगा। यदि आधार कार्ड वेरीफाई के दौरान अवैध पाया जाता है तो संबंधित यात्री के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही ट्रेन में चलने वाले संविदा कर्मियों की भी जांच आधार कार्ड से हो सकेगी।

### आधार न हुआ सत्यापित तो होगी कार्रवाई

**हरदोई।** निदेशक यात्री विपणन समन्वय अधिकारी रेलवे बोर्ड प्रवीण कुमार द्वारा एक पत्र जारी कर इस बावत सभी जोनल और डिविजनल कार्यालय को निर्देशित किया है कि ट्रेन में चलने वाले सभी टीटीई अपने मोबाइल फोन पर एम आधार एप्लीकेशन को डाउनलोड करें। यह एप्लीकेशन प्ले स्टोर और आईफोन स्टोर दोनों पर उपलब्ध है। एम आधार ऑफलाइन भी कार्य करता है। प्रवीण कुमार ने पत्र में लिखा है कि ट्रेन में तत्काल टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को अपना आधार वेरिफिकेशन एम आधार से टीटीई को कराना होगा जिसमें वेरिफिकेशन के दौरान आधार को एम आधार से क्यूआर कोड को स्कैन करके फोटो आधार नंबर नाम लिंग जन्मतिथि और पता जैसे प्रमुख पहचान जानकारी सामने आ सकेगी जिससे यह सत्यापित हो सकेगा की यात्रा करने वाला यात्री सही आधार कार्ड के साथ यात्रा कर रहा है या नहीं। आधार कार्ड सत्यापित ना होने पर रेल यात्री के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जल्द ही एम आधार टीटीई को मिलने वाली एचटीटी पर भी उपलब्ध होगा। अभी तक यात्री यात्रा के दौरान आधार कार्ड को दिखा देते थे, जिससे आधार कार्ड का सत्यापन नहीं हो पाता था, लेकिन अब यात्रियों को ट्रेन में वेरिफिकेशन कराना होगा।

## ट्रैक्टर खाई में पलटा चालक की मौत

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** चाचा भतीजे ट्रैक्टर में डीजल भराने पेट्रोल पंप पर जा रहे थे। अचानक नत्था पुरवा के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर नीचे खाई में पलट गया, जिसमें चालक की मौत हो गई। भतीजा घायल हो गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव रहीमपुर लोनारी निवासी अवधेश कुशवाहा अपने भतीजे हिमांशु के साथ मटियामऊ पेट्रोल पंप पर ट्रैक्टर में डीजल डलवाने जा रहे थे। तेरवाकुल्ली रोड पर नत्थापुरवा गांव के पास अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर गड्ढे में जाकर पलट गया। अवधेश की मौके पर मौत हो गई जबकि हिमांशु पुत्र दिनेश को मेडिकल कॉलेज तिर्वा में भर्ती कराया गया है।

# दो भाइयों सहित तीन को उम्रकैद

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** अपर सत्र न्यायाधीश यशपाल ने फिरौती के लिए बालिका का अपहरण करने के दोषी दो सगे भाइयों सहित तीन लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 50-50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

शासकीय अधिवक्ता कृपाल सिंह राठौड़ व वरिष्ठ अधिवक्ता त्रिलोकी सिंह गौर ने बताया कि थाना कोतवाली शहर के लक्ष्मीपुरवा निवासी राघवेंद्र सिंह व मुकेश सिंह दोनों सगे भाई और उनके रिश्तेदार मनोज उर्फ डिंपल निवासी ग्राम सिकंदरपुर थाना छिबरामऊ जिला कन्नौज ने पांच वर्षीय बालिका अंशिका अग्रवाल का फिरौती के लिए अपहरण कर लिया। इस मामले की रिपोर्ट बालिका के पिता मोहित अग्रवाल ने दर्ज कराई। कहा कि उसकी बेटी अंशिका क्रीसेंट अकैडमी में केजी में पढ़ती थी। 9 नवंबर 2012 को सुबह 8 बजे स्कूल बस से गई थी, जहां उसका अपहरण कर 10 लाख की फिरौती मांगी गई थी।

### कोर्ट के आदेश पर मारपीट व छेड़छाड़ का केस दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र निवासी महिला के घर में घुसकर मारपीट और छेड़छाड़ के मामले में न्यायालय के आदेश पर 11 माह बाद आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है। पीड़िता के अनुसार 14 जुलाई 24 की रात गांव निवासी पवन शराब के नशे में घर में घुस आया और गाली गलौज करने लगा। मना करने पर उसके पिता रामकृपाल, भाई कल्लू, माधौराम और मौसी के दो पुत्र भी लाठी-डंडे लेकर उसके घर में घुस आए। आरोपी उसे व उसकी पुत्री, दूसरी गर्भवती पुत्री को मारपीट कर घायल कर दिया। विपक्षियों ने उसे जमीन पर गिरा दिया और निवस्त्र कर अश्लील हरकते की। पति बचाने आया तो विपक्षियों ने उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की रात में वह तहरीर लेकर कोतवाली गई लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई। न्यायालय के आदेश पर घटना के ग्यारह महीने बाद कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।


क्षेत्राधिकारी कार्यालय में विवेचना अधिकारियों को निर्देश देते एसपी नीरज कुमार जादौन। अमृत विचार

### एसपी ने विवेचकों को दिए निर्देश

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने गुरुवार की रात क्षेत्राधिकारी कार्यालय पहुंचकर विवेचकों का अर्दली रूम चेक किया। विवेचकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। एसपी ने सभी विवेचकों को न्यायालय के आदेशों और निर्देशों का अनुपालन करते हुए समयबद्ध व गुणवत्ता पूर्ण विवेचना निस्तारण का निर्देश दिया। चेतावनी दी विवेचना में कोई भी लापरवाही नहीं बरतेगा। समय के अंदर विवेचना करके न्यायालय में प्रस्तुत करें। क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार विश्व से बकरीद पर पुलिस की सजगता और अपराधों पर नजर रखने की जानकारी ली। प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार राय भी मौजूद रहे।

## दहेज हत्या के वांछित पति व सास गिरफ्तार

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती में रविवार की शाम को विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में मृतका के पिता की तहरीर पर दर्ज रिपोर्ट में पति और सास को गिरफ्तार कर पुलिस में जेल भेज दिया। शेष अभियुक्तों की तलाश की जा रही है। तीन जून को रामरुप राठौर पुत्र छविराम निवासी ग्राम हैबतपुर द्वारा थाना शाहाबाद पर तहरीर दी गयी कि रामवीर पुत्र राजेन्द्र और गुडिया पत्नी राजेन्द्र निवासीगण मोहल्ला नई बस्ती सहित पांच परिजनों द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसकी पुत्री को प्रताड़ित किया गया, जिससे उसकी मौत हो गयी।

# बिना लाइसेंस चल रहा मेडिकल स्टोर सीज

संवाददाता, हरदोई।

**कार्रवाई**

**संडीला स्थित निजी अस्पताल में मानकविहीन चल रहे मेडिकल स्टोर से सैंपल लिए गए**

अमृत विचार। अस्पताल के अंदर अवैध रूप से मेडिकल स्टोर चल रहा था, शिकायत मिलने पर औषधि विभाग की टीम ने शुक्रवार को अस्पताल पर छापा मारा। इस दौरान तमाम दवाएं अधोमानक पाई गईं। यही नहीं मेडिकल स्टोर पर सरकारी दवाइयां भी बेची जा रही थी। चिकित्सकों को दिए जाने वाले निःशुल्क सैंपल भी बिक्री किए जा रहे थे। टीम ने दवाइयां को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। इसी दौरान पड़ोस में एक मेडिकल स्टोर बिना लाइसेंस के चलता मिला। टीम की कार्रवाई देख संचालक मौके से भाग निकला। टीम ने मेडिकल स्टोर सील कर दिया।

बताते चलें कि इन दिनों जिले में अवैध अस्पतालों की भरमार है। जहां मरीजों का आर्थिक शोषण होने के साथ उनकी जान से खिलवाड़ की जा रही है।

ऐसे अस्पतालों में मेडिकल स्टोर भी बिना किसी अनुमति के चल रहे हैं। खाद्य एवं औषधि विभाग के सहायक आयुक्त दीपक शर्मा के निर्देश पर शुक्रवार को औषधि निरीक्षक स्वागतिका घोष तथा वैभव बब्बर ने संडीला स्थित मेडिकल केयर हॉस्पिटल में छापा मारा। इस दौरान अस्पताल संचालक समीर मौके पर मिला। वहां पर सरकारी दवाइयों की बिक्री की जा रही थी। डॉक्टरों को मिलने वाले सैंपल बेचे जा रहे थे। कई औषधियां अधोमानक भी मिलीं। जिनका सैंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया। कार्रवाई के दौरान अस्पताल के पड़ोस में ही चल रहा हेल्थ फार्मेसी मेडिकल स्टोर का संचालक टीम को देखते ही भाग गया, टीम ने वहां भी छापेमारी कर दी। इस दौरान पता चला कि मेडिकल स्टोर का लाइसेंस ही नहीं है। इसका संचालन भी समीर का भाई जीशान कर रहा था, टीम ने उक्त मेडिकल स्टोर को सीज कर 30 हजार की दवाइयां जप्त कर लीं। साथ ही पुलिस को भी अग्रिम कार्रवाई के लिए सूचित कर दिया।

## पुलिस ने दो चोरियों का किया खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

**पाली, हरदोई, अमृत विचार।** थाना पुलिस ने शुक्रवार को चोरी की दो वारदातों का खुलासा किया और तीन आरोपियों को चोरी के मोबाइल, नगदी एवं घटना में प्रयुक्त बाइक सहित गिरफ्तार किया। गुरुवार को क्षेत्र के खानूपुर गांव निवासी विनोद कुमार पुत्र छोटेलाल द्वारा पाली थाने में तहरीर दी गई थी कि गोलू, ललित, आकाश निवासीगण ग्राम दहिरापुर की मडैया थाना सवायजपुर द्वारा उसके चार्जिंग में लगे मोबाइल को मोटरसाइकिल पर सवार उपरोक्त तीनों आरोपियों द्वारा चोरी कर लिया गया, इस संबंध में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया। थानाध्यक्ष सोमपाल गंगवार ने बताया कि अभियुक्त गोलू, ललित एवं आकाश को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया है, उनके पास से दो चोरी के मोबाइल, दो हजार दो सौ रुपए एवं घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद हुई। गिरफ्तार तीनों आरोपियों को पुलिस टीम ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

**ईदुल अज़हा आज** — देर रात तक बाजारों में उमड़ी रही खरीदारों की भीड़, मस्जिदों में की गईं नमाज की तैयारियां

# बकरीद पर हलाल की कमाई से ही कराएं कुर्बानी : उलेमा

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** ईदुल अज़हा को ले कर खरीददारी और तैयारी में पूरी रात निकल गई। बाज़ार में चना,छोला और बेसन के अलावा सेवइयों की खरीद हुई,वहीं कपड़े भी खरीदे गए। उधर दि अंजुमन इस्लामियां की टीम ईदुल अज़हा की नमाज़ को ले कर ईदगाह और जामा मस्जिद की तैयारी में जुटी रही। वहीं ईदुल अज़हा के लिए पुलिस भी पूरी तरह से अलर्ट है।

ईदुल अज़हा यानी बकरीद के लिए सारी रात तैयारियां हुई। मस्जिदों और घरों में साफ-सफाई की गई। वहीं रात से ही तरह-तरह के पकवान बनाने की तैयारियां की गई। उधर बाज़ारों में चना,बेसन और छोले के अलावा सेवइयां खरीदी गई। ईदुल अज़हा की तैयारियों के बीच उलेमाओं ने पहले तो बकरीद की फज़ीलत बयान की और ज़ोर देते हुए कहा कि जिस तरह कुर्बानी के लिए बेदाग़ जानवर तलाशा जाता है,उसी तरह इस बात का भी ध्यान रखना ज़रूरी है कि हलाल कमाई से ही कुर्बानी होनी चाहिए। क्यों कि अल्लाह उसी कुर्बानी को कुबूल करता है जो नेक नियत और नेक कमाई से कराई जाए। ईदुल अज़हा की नमाज़ के लिए दि अंजुमन इस्लामियां की टीम पूरे दिन ईदगाह और जामा मस्जिद में तैयारी में जुटी रही।


बाजार में बकरीद के लिए खरीदारी करते लोग। अमृत विचार

### सरकारी दस्तूर के मुताबिक करें कुर्बानी : दि अंजुमन इस्लामियां

**हरदोई।** दि अंजुमन इस्लामियां के सदर एडवोकेट मोहम्मद खालिद और जनरल सेक्रेटरी हफीज़ अहमद खां ने बयान जारी कर कहा है कि कुर्बानी के लिए सरकार ने जो दस्तूर बनाया है, हर हाल में उस पर अमल हो। कहीं भी खुली जगह पर कुर्बानी न कराए। इस बात का ध्यान रखना ज़रूरी है कि सरकार की गाइडलाइन पर पूरी तरह से अमल किया जाए।

### ईदगाह में 7:15 बजे होगी ईदुल अज़हा की नमाज़

**हरदोई।** दि अंजुमन इस्लामियां के जनरल सेक्रेटरी हफीज़ अहमद खां ने बताया है कि जामा मस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती आफताब आलम मज़ाहिरी ईदगाह में ईदुल अज़हा की नमाज़ सुबह 7 :15 बजे अदा कराएगें और मुफ्ती वकील अहमद कासिमी जामा मस्जिद में सुबह 8 बजे नमाज़ अदा कराएगें।

# सील हॉस्पिटल खोलकर चालू करने पर संचालक पर केस दर्ज

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** शहर में बड़े पैमाने पर मानकों की अनदेखी करते हुए निजी अस्पताल संचालित हो रहे हैं। मानकविहीन यह हॉस्पिटल जमकर मनमानी करते हुए मरीजों के आर्थिक शोषण और जान जोखिम में डालने के अड्डे बन गए हैं। ऐसे ही एक मामले में नोडल अधिकारी ने मानकविहीन अस्पताल संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बताते चलें कि शहर की बिलग्राम चुंगी से साण्डी रोड पर न्यू लाइफ के नाम से निजी हास्पिटल है। 22 अप्रैल को वहां एक मरीज की मौत हो गई थी। घर वालों के हंगामे पर वहां काम कर रहे लोग मौके से भाग निकले थे। स्वास्थ्य विभाग ने जांच के बाद निजी अस्पताल सील कर दिया था। कुछ दिनों तक वहां सन्नाटा रहा, लेकिन उसके कुछ ही दिनों के बाद हास्पिटल संचालक ने वहां फिर से इलाज शुरु कर दिया। इसका पता होते ही स्वास्थ्य महकमां हरकत में आया और सीएमओ आफिस से नोडल अधिकारी डा. मनोज सिंह ने कोतवाल शहर में तहरीर देते हुए हास्पिटल संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसएचओ कोतवाली शहर संजय त्यागी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## हादसे में घायल अधेड़ की 15वें दिन मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** 15 दिन पहले टहलते समय पिकअप वाहन की टक्कर से घायल अधेड़ की गुरुवार को घर में मौत हो गई। बिलग्राम कोतवाली के पसनेर निवासी रामसरन (55) 22 मई की सुबह घर से टहलने निकला था, अख्तियारपुर से पसनेर मोड़ पर तेज़ रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी दी। गंभीर रूप से घायल अधेड़ को सीएचसी बिलग्राम से मेडिकल कालेज रेफर किया गया था। हालत बिगड़ने पर डाक्टरों ने लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। घर वालों ने बताया कि रामसरन को गांव ले जाने की बात तय हुई और गुरुवार को उसे गांव उठा लाए, जहां गुरुवार को ही 15 वें दिन उसकी मौत हो गई।

# बकरीद आज, ईदगाह व मस्जिदों में पढ़ी जाएगी नमाज

## शहरी व कस्बाई इलाकों में निकायों ने चलाया सफाई अभियान

## डीएम व एसपी ने खुले में कुर्बानी न किए जाने की हिदायद दी



बड़ी ईदगाह के बाहर निरीक्षण करते एसपी, एएसपी, एडीएम व एसडीएम। अमृत विचार



कुर्बानी के लिये बकरे खरीदते लोग। अमृत विचार



जुमे की नमाज को लेकर जामा मस्जिद के बाहर मौजूद पुलिस। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** प्रशासन ने ईद-उल-अजहा (बकरीद) शांतिपूर्ण संपंन कराने की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। सुबह ईदगाहों व मस्जिदों में अलग-अलग तय समय पर बकरीद की नमाज अता की जाएगी। इसके बाद कुर्बानी का दौर शुरू होगा। डीएम गौरांग राठी व एसपी दीपक भूकर ने खुले में कुर्बानी न किए जाने की हिदायद दी है।

शांति कमेटी की बैठक में मिले सुझाव के आधार पर डीएम के निर्देशों पर अमल कराते हुए नगर पालिका परिषद ने न सिर्फ बड़ी ईदगाह, बल्कि शहर के अलग-अलग स्थानों पर संचालित मस्जिदों के आसपास साफ-सफाई अभियान जारी रखा। ईओ संजय गौतम ने बताया कि साफ-सफाई हो चुकी है। इसके बावजूद शनिवार सुबह एक बार फिर झाड़ू मारकर चूना छिड़काया जाएगा। साथ ही पशु पालकों को अपने सुअर बंद करके रखने की हिदायद दी गई है। निर्देशों पर अमल की चेकिंग भी कराई जा चुकी है। अधिकांश पशु पालकों के जानवर बाड़ों में बंद बताए गए हैं। शहर काजी मौलाना निसार अहमद मिसबाही ने मुस्लिम भाइयों से सार्वजनिक मार्गों पर नमाज न पढ़ने की सलाह देते हुए कहा कि सभी को समय से ईदगाह सहित अन्य मस्जिदों में नमाज अदा करने पहुंचना चाहिए, जिससे स्थान उपलब्ध न होने पर दूसरी जगह पहुंचा जा सके। साथ ही इस्लाम के मुताबिक जरूरतमंदों की सहायता भी करनी चाहिए।

**ईद-उल-अजहा की नमाज अदा होगी आज, जमकर हुई खरीदारी, शुक्लागंज, उन्नाव:** त्याग और बलिदान की प्रेरणा देने वाला ईद-उल-अजहा का त्योहार शुक्लागंज में शनिवार को अकीदत के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। नगर व इसके आसपास के ग्रामीण इलाकों के मस्जिदों और ईदगाहों में पूर्व निर्धारित समय पर ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की जाएगी। ईदगाह कॉलोनी, रहमत नगर मस्जिद, आदि में बकरीद की नमाज अदा की जाएगी। इसके एक दूसरे के गले मिलकर बकरीद की बधाई देंगे। इसके बाद कुर्बानी देने वाले घरों में खस्सी की कुर्बानी अल्लाह-तआला की राह में दी जाएगी। जामा मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों सहित ईदगाहों में अकीदत के साथ नमाज पढ़ाई जाएगी। वहीं इससे पूर्व ईद-उल-अजहा के पूर्व संध्या पर स्थानीय लोगों ने इत्र, टोपियां, रूमाल, सेवई, लच्छों, जूते-चप्पल की जमकर खरीददारी की। वही दूसरी ओर महिलाओं व बच्चियों ने श्रृंगार व चुड़ियों आदि की खरीदारी की।

**मस्जिदों में तय हुआ बकरीद की नमाज का समय, शुक्लागंज:** बकरीद पर्व को लेकर नगर की विभिन्न मस्जिदों में नमाज अदा करने का समय तय कर दिया गया है। रेहमानिया एजुकेशनल सोसाइटी एवं मुहम्मदी एक मिनारी मरकजी बड़ी मस्जिद रहमत नगर के इमाम हाफिज गुलाम मोहम्मद द्वारा जारी सूची के अनुसार, नगर की प्रमुख मस्जिदों में बकरीद की नमाज निर्धारित समय पर अदा की जाएगी। मुहम्मदी एक मिनारी मरकजी बड़ी मस्जिद रहमत नगर 7:15 बजे, जामा मस्जिद राजधानी मार्ग सब्जी मंडी 7:15 बजे व 8:00 बजे, सुन्नी मरकज़ी बड़ी मस्जिद (अहमद नगर) 7:30 बजे, बड़ी मस्जिद मोहम्मद नगर (गोताखोर) 7:30 बजे, नूरी बकाई मस्जिद मोहम्मद नगर (गोताखोर) 7:45 बजे, शाही मस्जिद हुसैन नगर (गोताखोर) 6:30 बजे, गौसिया मस्जिद गंगानगर 6:45 बजे, नूरी मस्जिद आलम नगर (पानी टंकी) 7:00 बजे, रज़ा मस्जिद अहमद नगर (कटरी) 7:15 बजे, हसन मस्जिद हसन नगर छः खंबा (कंचन नगर) 7:00 बजे, मस्जिद मोहम्मदी इस्लाम नगर (भातुफार्म) 6:00 बजे, गौसिया मस्जिद मनोहर नगर 6:30 बजे, बिलाल मस्जिद आलम नगर डी (अवस्थी फार्म हाउस) 7:00 बजे, वारसी मस्जिद आलम नगर डी (अवस्थी फार्म हाउस) 7:30 बजे, नगीना मस्जिद (मकईया ताल) रहमत नगर 7:30 बजे, हुसैनी मस्जिद मुस्लिम कालोनी (श्री नगर) 6:30 बजे, मस्जिद-ए कमर फिरोज़ गंगानगर 6:30 बजे के बीच नमाज अदा की जाएगी। सभी मुस्लिम भाई तय समय पर मस्जिदों में पहुंचकर नमाज अदा करें और एक-दूसरे को पर्व की मुबारकबाद दें।

### बड़ी ईदगाह एवं जामा मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में होगी नमाज

**उन्नाव, अमृत विचार :** बकरीद को लेकर लोगों में उत्साह है। शनिवार सुबह बड़ी ईदगाह में शहर काजी मौलाना निसार मिस्बाही पहले चक्र में 6 :45 बजे नमाज अता कराएंगे। वहीं दूसरे चक्र की नमाज 7 :45 पर होगी। जामा मस्जिद में मौलाना आफताब आलम 7 बजे सुबह नमाज अता कराएंगे। वहीं, अताउल्ला मस्जिद, छोटी ईदगाह व शहर की अन्य मस्जिदों में नमाज अता होगी। जिसके बाद कुर्बानी दी जाएंगी।

### पालिका ने मस्जिदों और मुस्लिम क्षेत्रों में कराई सफाई

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** शनिवार को बकरीद का त्योहार देखते हुये एक दिन पहले पालिकाध्यक्ष और ईओ के निर्देश पर पालिका के सफाई कर्मियों की फौज मुस्लिम क्षेत्रों में पहुंची। जहां सफाई कर्मियों ने वृहद स्तर पर साफ सफाई कराने के साथ ही चूने का छिड़काव किया। शुक्रवार को पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे, ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर सफाई कर्मी मनोहर नगर, करीमुल्ला कॉलोनी, रहमत नगर, अहमद नगर, गोताखोर, मदनी नगर आदि मुस्लिम इलाकों में पहुंचे। जहां सफाई कर्मियों ने गलियों में झाडू लगाने के साथ ही नाला-नाली की साफ सफाई की। इसके साथ ही चूने का छिड़काव कराया गया। वहीं मुस्लिम क्षेत्रों में सुअर न घूमे, इसके लिये सुअर पालको को भी निर्देशित किया। पालिका कर्मियों ने सुअर पालको को हिदासत देते हुये कहा कि यदि बकरीद पर सुबह खुले में घूमते मिले तो उनके खिलाफ कार्रवाई होगी।



श्री नगर हुसैनी मस्जिद के पास सफाई करते पालिका कर्मी। अमृत विचार

## कुर्बानी के बाद सफाई करना और लोगों की भावनाओं की कद्र करना है इबादत

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

बकरीद के ठीक पहले बोले नायब काजी शहर हाफिज फिरोज



हाफिज फिरोज खान।

**अमृत विचार:** बकरीद के ठीक पहले जुमा के खुतबे में खिताब करते हुए नायब काजी शहर हाफिज फिरोज खान ने कहा जिस तरह बकरीद मे कुर्बानी करना इबादत है। उसी तरह कुर्बानी के बाद साफ-सफाई करना और लोगों की भावनाओं की कद्र करना भी इबादत में ही शुमार होता है। इसलिए सिर्फ कुर्बानी की ही सुन्नत न करें बल्कि कुर्बानी के बाद साफ-सफाई और लोगों की भावनाओं का भी ख्याल रखें। तभी अल्लाह पाक आप की कुर्बानी कुबूल फरमाएगा। किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाने से अल्लाह पाक खुश नहीं होगा। सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करें। नगर के मोहल्ला दरगाह शरीफ स्थित जामा मस्जिद में जुमा के खुतबे में खिताब करते हुए नायब शहर काजी ने बकरीद पर्व पर अदा की जाने वाली सुन्नते इब्राहीमी कुर्बानी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोग अल्लाह को खुश करने के लिए बकरीद में कुर्बानी की सुन्नत तो अदा करते हैं। लेकिन कुर्बानी के बाद अक्सर लोग कर्तव्यों का निर्वहन नहीं करते। जानवर का खून और उसके अवशेष इधर-उधर खुले में डाल देते हैं। जिससे दुर्गंध तो उठती ही है साथ ही खुले में पड़े अवशेषों को परिंदे उठाकर न जाने कहां-कहां फेंक सकते हैं। जिससे वातावरण तो प्रदूषित होता ही है साथ ही भाईचारे और अमन को भी खतरा हो सकता है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करें। कुर्बानी के जानवर का प्रदर्शन कतई न करें और प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी तो हरगिज न करें। उन्होंने कहा कि खुले में कुर्बानी न करें। कुर्बानी के बाद जानवर से निकलने वाले अवशेषों को नगर पालिका द्वारा निर्धारित स्थानों पर ही डालें। जिससे वातावरण स्वच्छ रहे और अमन व भाईचारा कायम रहे। नायब काजी शहर हाफिज फिरोज खान ने बताया कि नगर के पश्चिमी छोर पर स्थित ईदगाह में सुबह 7:30 बजे बकरीद की नमाज होगी। उन्होंने लोगों से निर्धारित समय पर ईदगाह पहुंचने की अपील की।

## सार-संक्षेप

### रामलीला का सजीव मंचन देख दर्शक हुए भाव-विभोर

**संवाददाता सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार :** विकासखंड क्षेत्र के गांव गहोली स्थित छोटे बालाजी मंदिर परिसर में गुरुवार रात आयोजित धनुषभंग ने श्रद्धालुओं व दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। लीला मंचन में ख्यातिप्राप्त कलाकारों ने सजीव अभिनय कर रामायण काल की घटनाओं को जीवंत कर दिया। गांव स्थित छोटे बालाजी मंदिर परिसर में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में लक्ष्मण-परशुराम संवाद विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कलाकारों के सजीव अभिनय ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और पांडाल तालियों से गूंज उठा। लीला में भगवान राम की भूमिका में गोपाल बाजपेई (कानपुर), लक्ष्मण की भूमिका में डॉ. दीप शुक्ला (कानपुर) और परशुराम की भूमिका में आशीष मिश्रा (सराय सकहन) ने शानदार अभिनय कर दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। जनक की भूमिका अजय द्विवेदी (कानपुर), रावण के रूप में मनोज त्रिपाठी (कानपुर) व वाणासुर की भूमिका में राकेश त्रिवेदी (कानपुर) ने भी प्रभावशाली प्रस्तुति दी। इसके अलावा ब्यास की भूमिका राम लखन, विश्वामित्र की भूमिका में शोभित शास्त्री (कानपुर) व कौमिक मंडल का संचालन हरिओम शास्त्री (शिवली) ने किया। सभी कलाकारों ने प्रस्तुति को भक्तिमय व मनोरम बना दिया। इसमें श्रीनारायण, शिवनारायण, कृष्ण नारायण, राम किशोर, राघव, राम सागर बाजपेई सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजकों ने सफल मंचन के लिए कलाकारों व दर्शकों का आभार व्यक्त किया।



रामलीला में अभिनय करते कलाकार।

### सम्मान कर भेंट किए मिट्टी के घड़े व राशन

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** नर सेवा-नारायण सेवा संस्था के संस्थापक विमल द्विवेदी ने निर्जला एकादशी (भीमसेनी एकादशी) पर सामाजिक समरसता की मिशाल पेश करते हुए जूते गांठने वाले (मोचियों) को अंगवस्त्र से सम्मानित करते हुए मिट्टी के बर्तन व राशन आदि भेंट किए। उन्होंने कहा कि भेदभाव रहित समाज ही विपरीत परिस्थितियों से लड़ सकता है। इसलिए सभी को एकजुट रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने सभी को समान बनाया है। इसलिए जन्म के आधार पर भेदभाव रहित होकर सभी का सम्मान करते हुए आगे बढ़ने में परस्पर सहयोग करना चाहिए। उन्होंने एकदशी का महत्व बताते हुए कहा कि शास्त्रों में 24 एकादशी व्रत रहने वालों को परमपद प्राप्त होना बताया गया है। ज्येष्ठ माह दान-पुण्य का महीना है जिसमें भूखे को अन्न व प्यासे को पीने का पानी उपलब्ध कराना पुण्यकारी होता है। कहा कि सनातन संस्कृति विश्व बंधुत्व का पाठ पढ़ाते हुए दान करने की सीख देता है। इस दौरान हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, अनीता द्विवेदी, केतन अवस्थी, अभी तिवारी, राकेश राजपूत, अभिषेक तिवारी, शिवम् शुक्ल, विकास सिंह सेंगर, राघवेंद्र पांडेय, मनीष अवस्थी, धर्मेंद्र शुक्ल व परिमल मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### 9 जून को होगा डीसीए ग्रीन व ब्ल्यू में खिताबी मुकाबला



खिलाड़ी को मैन आफ द मैच का पुरस्कार देते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में चल रही अंडर-12 जनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता के आखिरी मैच में डीसीए ग्रीन ने डीसीए रेड को पराजित कर फाइनल में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया। 9 जून को डीसीए ग्रीन व ब्ल्यू के बीच खिताबी मुकाबला खेला जाएगा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेले गए मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी डीसीए ग्रीन की टीम के सभी बल्लेबाज 20 ओवर में 87 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। ग्रीन के कप्तान प्रिंस यादव ने अकेले संघर्ष करते हुए 31 रनों की पारी खेली। डीसीए रेड की ओर से गेंदबाजी करते हुए कृष्णा शर्मा ने 3, रूद्र, हार्दिक व युवराज ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीसीए रेड की पूरी टीम 69 बनाकर ढेर हो गई। जिसमें वैदिक ने 24 व कृष्णा ने 17 रन बनाकर कुछ संघर्ष किया। डीसीए ग्रीन की ओर से कप्तान प्रिंस यादव व कृष्णा ने 3-3 विकेट हासिल किए। वरिष्ठ खिलाड़ी कैलाश नेगी ने प्रिंस यादव को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। इस दौरान नवीन सिन्हा शाकिर हुसैन, शंकर श्रीवास्तव, राकेश अस्थाना व ओम मिश्रा मौजूद रहे। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पीके मिश्रा ने बताया कि फाइनल मैच डीसीए (ग्रीन) व डीसीए (ब्लू) के बीच 9 जून को खेला जाएगा।

### विद्यार्थियों को पौधरोपण के लिए किया जागरूक

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** बेनहर इंटरनेशनल स्कूल अब्बासपुर में पर्यावरण संतुलन के लिए विद्यार्थियों को जागरूक करने के साथ घरों में पौधरोपण के लिए प्रेरित किया गया। वहीं विद्यालय की ओर से जिलाधिकारी व अन्य कार्यालयों में भी पौधे रोपित किए गए। पर्यावरण दिवस से शुरू हुए कार्यक्रमों के तहत बेनहर इंटरनेशनल स्कूल अब्बासपुर में विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए प्रबंधक फैज ने कहा कि खूबसूरत प्राकृतिक दृश्य जीवन में खुशियां भर देता है। पृथ्वी का वातावरण बदल रहा है जिसका मुख्य कारण आज के परिवेश में पर्यावरण है। प्रधानाचार्या पल्लवी हरमन ने इसके लिए हर विद्यार्थी को एक पौधा अपने घर के गमले में लगाने की शपथ दिलाते हुए बताया कि पर्यावरण हमारे जीवन के अनुकूल बना रहता है। वहीं बेनहर प्रबंधतंत्र ने विद्यार्थियों के साथ जिलाधिकारी व बीएसए कार्यालय समेत महिला पुलिस थाना आदि स्थानों में पौधरोपण किया। डीएम गौरांग राठी ने बेनहर के विद्यार्थियों की इस पहल पर खुशी जताते हुए उन्हें एक-एक तुलसी का पौधा भेंट किया।



छात्रा को तुलसी का पौधा देते जिलाधिकारी गौरांग राठी।

## एक नजर

### 9 को होगा सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**उन्नाव :** जिला प्रशासन द्वारा अवगत कराया गया कि 9 जून दिन सोमवार को सुबह 10 से अपरान्ह 2 बजे तक जिले की सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन होगा। इसी क्रम में जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील पुरवा में होगा। जिसमें सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा तहसील सदर में सीडीओ, सफीपुर में एडीएम वित्त एवं राजस्व, बांगरमऊ में एडीएम न्यायिक, हसनगंज व सदर में संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा।

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर

**गंजमुरादाबाद :** कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र के गांव बहलोलपुर निवासी ख़ुशनूर अली (30) पुत्र रसीद बांगरमऊ नगर के एक अस्पताल में भर्ती भांजी को देखने बाइक से जा रहा था। तभी रास्ते में शनिवार देरशत गांव के पासा स्थित लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे की सर्विस रोड पर फैली मक्का की फसल पर उसकी बाइक फिसल गई। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे बांगरमऊ के निजी अस्पताल लाए। जहां डॉक्टर ने उसे गंभीर बता ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया।

## तीन शातिर चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** असोहा पुलिस ने थानाक्षेत्र में हुई दो चोरियों को अंजाम देने वाले तीन शातिर चोरों को दबोचा है। उनके पास चोरी के करीब पांच लाख के जेवर व 45 हजार नकद बरामद हुए हैं।

बता दें कि असोहा थानाक्षेत्र में 29 मई की रात दो घरों को निशाना बनाकर चोरों ने जेवर व नगदी पार की थी। गृहस्वामियों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस टीम मामले की जांच कर बदमाशों की तलाश में जुटी थी। इस दौरान पुलिस को घटना को अंजाम देने वाले तीन शातिर चोरों के नाम प्रकाश में आए। इसके बाद शुक्रवार को मुखबिर से मिली सूचना पर एसओ विमलकांत गोयल ने फोर्स के साथ नाकाबंदी कर थानाक्षेत्र के राजकीय महाविद्यालय गोसाई खेड़ा के पास से प्रमोद रैदास पुत्र दयाराम निवासी गांव परौरा असोहा, राजदीप यादव पुत्र हरीश्चन्द्र निवासी गांव नेवाजखेड़ा सोहरामऊ व दिनेश पासी उर्फ टिन्ना पुत्र स्व. नन्हा निवासी गांव रानीपुर असोहा को पकड़ लिया। पूछताछ में तीनों ने चोरी करने की बात कबूली। जामातलाशी व इनकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी गए सोने चांदी के पांच लाख के जेवर बरामद किए। साथ ही उनके पास 45,700 नकद भी मिले हैं। एसओ विमलकांत ने बताया कि तीनों शातिर अपराधी हैं। इनका अपराधिक इतिहास भी है। आवश्यक कार्रवाई कर तीनों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेजा गया है।



पुलिस गिरफ्त में शातिर चोर। अमृत विचार

पुलिस ने पांच लाख के जेवर व 45 हजार नकद किए बरामद

**तमंचा व कारतूस के साथ युवक को दबोचा, बांगरमऊ:** कोतवाली के दरोगा अचल कुमार रावत ने बताया कि वह हमराह आरक्षी आयुष और सोनू यादव के साथ मुखबिर की सूचना पर गांव फतेहपुर खालसा मार्ग मोड़ पर गस्त पर थे। तभी वहां मौजूद एक संदिग्ध अवस्था में खड़े युवक को दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम श्यामू पुत्र स्व. मनीराम निवासी गांव मंसूरपुर थाना मल्लावां हरदोई बताया। तलाशी में उसके पास 1 तमंचा व 1 कारतूस बरामद हुआ। इस पर उसके विरुद्ध कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया।

## ठंडे बस्ते में गई लेखपाल के विरुद्ध हुई शिकायत की जांच

संवाददाता, हसनगंज उन्नाव

**अमृत विचार:** लेखपाल द्वारा नियम ताख पर रख अवैध तरीके से दूसरे के खेत में पड़ोसी काश्तकार को कब्जा कराने के मामले में शिकायत के बाद भी तहसील प्रशासन चुप है। करीब एक सप्ताह पूर्व एसडीएम हसनगंज को लेखपाल के विरुद्ध दिए शिकायती पत्र में एसडीएम ने आरआई को जांच कर रिपोर्ट देने का आदेश दिया था। लेकिन अभी तक आरआई द्वारा जांच नहीं की गई। इससे पीड़िता ने दोबारा एसडीएम से शिकायत की है।

बता दें कि मकदूमपुर चुर्मा गांव निवासी गीता उर्फ गुड्डी देवी पत्नी राम अवतार व सरोजनी देवी पत्नी स्व. अर्जुन ने सीएम, कृषि मंत्री, जिलाधिकारी सहित एसडीएम हसनगंज को शिकायती पत्र देकर बताया था कि उनकी भूमि गाटा संख्या 148 व 149 में उनके नाम बतौर संक्रमणीय भूमिधर के रूप में दर्ज है। जिस पर उनका कब्जा भी है। लेकिन क्षेत्रीय लेखपाल ने बिना पूर्व सूचना व बिना कोर्ट के आदेश के खेत पर जाकर पड़ोसी काश्तकार कमलेश पुत्र महाबली को उनके खेत की मेढ़ तुड़वाकर छह बिसुआ खेत कब्जा करा दिया। साथ ही उसमें नई मेढ़ भी डलवा दी। जबकि उनके साथ कोई सक्षम अधिकारी भी नहीं था। कोई कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने एसडीएम को दोबारा शिकायती पत्र दिया है।




एसडीएम कार्यालय में शिकायत करने पहुंची पीड़ित महिला।

समस्या

एक दर्जन से अधिक मोहल्लों और ग्रामीण इलाकों में रहने वाले हजारों उपभोक्ता उमस भरी गर्मी में रहे बेहाल

# तार टूटने से मिश्रा कॉलोनी फीडर की रातभर गुल रही बिजली

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** शुक्लागंज में विद्युत आपूर्ति की बदहाल व्यवस्था एक बार फिर उपभोक्ताओं के लिए मुसीबत बन गई। गुरुवार रात मिश्रा कॉलोनी फीडर की 11 केवीए लाइन का तार टूट जाने से बिजली आपूर्ति रात करीब दो बजे तक ठप रही। इस कारण एक दर्जन से अधिक मोहल्लों और ग्रामीण इलाकों में रहने वाले हजारों उपभोक्ताओं को उमस भरी गर्मी में बेहाल होना पड़ा।

गुरुवार रात लगभग दस बजे राजमार्ग स्थित गोपीनाथपुरम के पास एचटी लाइन ब्रेक हो गई। इससे मिश्रा कॉलोनी फीडर की आपूर्ति पूरी तरह बंद हो गई, जो पश्चिमी क्षेत्र के कई इलाकों को बिजली सप्लाई करता है। पहले से ही दिनभर बिजली की आवाजाही से परेशान उपभोक्ताओं को रात में भी राहत नहीं मिली। मिश्रा कॉलोनी, चंपापुरवा, गोताखोर, राजीव नगर खंती, मनसुख खेड़ा, तेजी पुरवा, कर्बला, हुसैन नगर, शाही नगर, गगनीखेड़ा, सरैयां सहित कई मोहल्लों में बिजली गायब रहने से इन्वर्टर भी जवाब दे गए। लोग रातभर छतों और आंगनों में गर्मी से जूझते रहे। कई उपभोक्ताओं ने शुक्लागंज पावर हाउस और गंगाघाट टाउन सबस्टेशन पर कॉल कर समस्या की जानकारी ली, लेकिन सप्लाई बहाल नहीं हो सकी। रात करीब दो बजे लाइनमैनों ने फाल्ट को ठीक कर बिजली आपूर्ति बहाल की, लेकिन शुक्रवार को भी बार-बार फाल्ट की वजह से आपूर्ति बाधित होती रही। क्षेत्रीय उपभोक्ता बिजली विभाग की लचर व्यवस्था को लेकर आक्रोशित दिखे।



गोपीनाथपुरम के पास एचटी लाइन की मरम्मत करते विद्युत कर्मी। अमृत विचार

### तेज धूप और लू से बेहाल हुए लोग, दोपहर में सड़कों पर पसरा सन्नाटा

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** गर्मी के प्रचंड प्रकोप ने शुक्रवार को नगरवासियों को बेहाल कर दिया। बीते कुछ दिनों से दोपहर में हल्की बदली के कारण राहत थी, लेकिन शुक्रवार को सुबह से ही सूरज की तीखी किरणों ने लोगों को झुलसाना शुरू कर दिया। सुबह नौ बजे के बाद सूरज की तल्खी ने अपना असर दिखाना शुरू किया और दस बजते-बजते सड़कें सूनी पड़ने लगीं। दोपहर तक चटकी धूप और तपिश के चलते नगर के मुख्य मार्गों, बाजारों और चौराहों पर सन्नाटा पसरा रहा। लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकले, वह भी छाता, टोपी या अंगौछा से खुद को ढककर। बाइक व साइकिल सवार भी गर्म हवाओं से बचने के लिए पूरी तरह कपड़ों से लिपटे नजर आए। ठेले और फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले लोग भी तपती धूप से बचने के लिए दुकानें छोड़ छांव में बैठ गए। लू के थपेड़ों की चुभन शाम तक बनी रही, जिससे बच्चों और बुजुर्गों को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा। अस्पतालों में गर्मी से परेशान मरीजों की संख्या में भी इजाफा देखा गया। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। फिलहाल गर्मी से राहत के कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं।



दोपहर के समय पोनी रोड पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

## एक नजर

### फोनपे ने जीएसपे आईपी का अधिग्रहण किया

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन भुगतान मंच फोनपे ने नए फीचर फोन में एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) पर आधारित भुगतान सेवा लाने के लिए जीएसपे के आईपी का अधिग्रहण किया है। जीएसपे बातचीत के मंच 'गपशप' की प्रौद्योगिकी इकाई है। फोनपे ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि वह अगली कुछ तिमाहियों में भारत में नए फीचर फोन के लिए अपना यूपीआई भुगतान ऐप लाने की योजना बना रही है।

### विदेशी मुद्रा भंडार में 1.24 अरब डॉलर की गिरावट

**मुंबई।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 30 मई को समाप्त सप्ताह में 1.23 अरब डॉलर घटकर 691.49 अरब डॉलर रह गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को विदेशी मुद्रा भंडार के नवीनतम आंकड़े जारी किए। पिछले सप्ताह कुल भंडार 6.99 अरब अमेरिकी डॉलर बढ़कर 692.72 अरब डॉलर हो गया था। विदेशी मुद्रा भंडार सितंबर 2024 के अंत में 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

# रेपो दर में कटौती से गति पकड़ेगी आर्थिक वृद्धि

## विशेषज्ञों ने कहा- 0.5 प्रतिशत की कटौती उम्मीद से भी ज्यादा, कर्ज वृद्धि को मिलेगा बढ़ावा

**मुंबई, एजेंसी**



• दिग्गज बैंकरों ने कहा- भारतीय रिजर्व बैंक का यह अप्रत्याशित कदम स्वागत योग्य

भारतीय बैंकिंग जगत ने शुक्रवार को रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती और नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में चरणबद्ध कटौती की रिजर्व बैंक की घोषणा का शुक्रवार को स्वागत करते हुए कहा कि इन मौद्रिक उपायों से ऋण वृद्धि में तेजी आएगी। भारतीय रिजर्व बैंक ने मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद रेपो दर को 0.50 प्रतिशत घटाकर 5.5 प्रतिशत पर लाने और सीआरआर में एक प्रतिशत कटौती करने की घोषणा की।

सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन सीएस शेट्टी ने कहा कि आरबीआई का यह नीतिगत कदम 'सक्रिय, अभिनव, लीक से हटकर और अप्रत्याशित' था। भारतीय बैंक संघ के भी प्रमुख शेट्टी ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण वृद्धि में संभावित मंदी से जुड़ी सभी चिंताओं पर 'व्यापक रूप से विचार' किया है। शेट्टी ने कहा, यह नीति निश्चित रूप से अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों, विशेषकर बैंकिंग और वित्त के लिए सकारात्मक है। विशेष रूप से उधार लेने की कम लागत किसी भी अनिश्चितता के लिए एक संतुलनकारी कारक के रूप में कार्य करेगी।

पंजाब नेशनल बैंक के प्रबंध निदेशक अशोक चंद्र ने कहा कि आरबीआई के नीतिगत कदम मूल्य और वित्तीय स्थिरता बनाए रखते हुए वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए एक दूरदर्शी दृष्टिकोण को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा, मुद्रास्फीति में कमी आने और व्यापक आर्थिक संकेतकों में मजबूती दिखाने के साथ, यह नीतिगत कदम ऋण उठाव को समर्थन देगा, निवेशक भावना को बढ़ावा देगा।

इंडियन ओवरसीज बैंक के एमडी एवं सीईओ अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा, रेपो दर को 0.50 प्रतिशत घटाकर 5.50 प्रतिशत करने और सीआरआर को चार चरणों में एक प्रतिशत कम करने का निर्णय एक मजबूत तथा समय पर नीतिगत बदलाव को दर्शाता है जो मूल्य स्थिरता के साथ वृद्धि को संतुलित करने के अनुरूप है।

### रेपो दर में आगे और कटौती की गुंजाइश काफी कम


भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि नीतिगत दर रेपो में 0.50 प्रतिशत कटौती की घोषणा के बाद इसमें आगे और कमी करने की बहुत कम गुंजाइश दिख रही है। मल्होत्रा ने द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा के बाद संवाददाताओं से कहा कि भविष्य की मौद्रिक नीति कार्रवाई आने वाले आंकड़ों पर निर्भर करेगी। उन्होंने कहा, वृद्धि का अनुमान लगभग 6.5 प्रतिशत है और हम मुद्रास्फीति के इस साल 3.7 प्रतिशत और अगले वर्ष के लिए चार प्रतिशत से अधिक रहने का अनुमान लगा रहे हैं। यदि ये सब होता है, तो फिर दर में कटौती की बहुत सीमित गुंजाइश है। उन्होंने कहा, ''हम आने वाले आंकड़ों पर नजर रखना जारी रखेंगे और मुख्य रूप से वही कदम उठाएंगे जो आंकड़े हमें सुझाएंगे।

### फिक्की ने कहा- ये कदम साहसिक और सक्रिय

उद्योग जगत ने रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की अप्रत्याशित कटौती के फैसले को साहसिक कदम बताया। वाणिज्य एवं उद्योग संगठन भारतीय उद्योग परिसंघ (फिक्की) के अध्यक्ष हर्षवर्धन अग्रवाल ने कहा कि यह बाजार की अपेक्षाओं से कहीं अधिक है और इससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि आरबीआई आर्थिक वृद्धि को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है। अग्रवाल ने कहा कि यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब भारतीय अर्थव्यवस्था व्यापार अनिश्चितताओं, वैश्विक भू-राजनीतिक तनावों और वित्तीय बाजार में अस्थिरता जैसी कई चुनौतियों का सामना कर रही है। उन्होंने कहा, यह समय पर लिया गया कदम घरेलू मांग को मजबूत करेगा।

# यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री मई में तीन प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



• मांग में नरमी आने का असर छोटी कारों की मांग सबसे ज्यादा हुई प्रभावित

भारत-पाकिस्तान संघर्ष के कारण कई राज्यों में ग्राहकों के खरीदारी में देरी करने तथा छोटी कारों की मांग में नरमी आने से मई में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री में सालाना आधार तीन प्रतिशत की गिरावट आई। वाहन डीलरों के संगठन फाडा ने यह जानकारी दी।

वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) की ओर से शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार, पिछले महीने यात्री वाहनों का पंजीकरण 3,02,214 इकाई रहा, जबकि मई 2024 में यह 3,11,908 इकाई रहा था। इसमें कहा गया, छोटी कारों की मांग सबसे अधिक प्रभावित हुई है। सीमित वित्तपोषण और कमजोर उपभोक्ता भावना इसकी मुख्य वजह रही।

जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान और गुजरात में युद्ध संबंधी चिंताएं एवं सीमा पर तनाव बढ़ने से ग्राहकों ने खरीदारी में देरी की। हालांकि, बुकिंग काफी अच्छी रही, लेकिन स्थगित निर्णयों के कारण खुदरा बिक्री में कमी आई। वाहन डीलरों के संगठन के अनुसार, मई में दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर सात प्रतिशत बढ़कर 16,52,637 इकाई हो गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 15,40,077 इकाई थी। वाणिज्यिक वाहनों की खुदरा बिक्री मई में चार प्रतिशत घटकर 75,615 इकाई रह गई।

# व्यापार वार्ता के लिए पहुंचा अमेरिकी दल

**नई दिल्ली, एजेंसी**



• 10 जून तक रहेगा भारत में, वार्ता को निष्कर्ष तक पहुंचाने का उद्देश्य

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौता सीमा शुल्क को कम कर, व्यापार बाधाओं को घटाकर और आपूर्ति श्रृंखला एकीकरण में सुधार कर वस्तुओं के लिए अधिक बाजार पहुंच प्रदान करेगा।

एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि दोनों देशों की टीमों के बीच चल रही बातचीत का उद्देश्य बीटीए (द्विपक्षीय व्यापार समझौते) के प्रारंभिक चरण को शीघ्र और पारस्परिक रूप से लाभकारी निष्कर्ष तक पहुंचाना है। बीटीए के लिए चल रही वार्ता के तहत अमेरिका के अतिरिक्त व्यापार प्रतिनिधि नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल चार से 10 जून तक भारत की यात्रा पर है।

अधिकारी ने कहा, दोनों देश अधिक बाजार पहुंच को सुविधाजनक बनाने, शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं को कम करने और आपूर्ति श्रृंखला मजबूती और एकीकरण को बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से केंद्रित चर्चाओं में लगे हुए हैं। दोनों पक्ष प्रस्तावित बीटीए के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा में लगे हुए हैं।


दोनों देशों ने 13 फरवरी, 2025 को 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना से अधिक बढ़ाकर 500 अरब डॉलर करने पर सहमति व्यक्त की थी। इस दृष्टिकोण को साकार करने के लिए भारत और अमेरिका ने 2025 की शरद ऋतु तक पारस्परिक रूप से लाभकारी, बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते की पहली किस्त पर बातचीत करने की योजना की घोषणा की।

## एनटीपीसी समूह की स्थापित क्षमता 80,265 मेगावाट पहुंची

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी की अनुषंगी की अनुषंगी एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी ने 1,255 मेगावाट की खावड़ा सौर परियोजना से 110.25 मेगावाट की वाणिज्यिक आपूर्ति शुरू कर दी है। इसके साथ एनटीपीसी समूह की स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता 80,265 मेगावाट हो गई है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी की पूर्ण अनुषंगी एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड की 1,255 मेगावाट की खावड़ा-I सौर पीवी परियोजना के पहले चरण के तहत 110.25 मेगावाट की क्षमता छह जून को रात 12 बजे बजे वाणिज्यिक रूप से परिचालन में आ गयी। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी एनटीपीसी लि. की एक अनुषंगी कंपनी है। इसके साथ ही एनटीपीसी समूह की कुल स्थापित और वाणिज्यिक क्षमता 80,265 मेगावाट हो गई है।

# रेपो दर में कटौती से 747 अंक उछला सेंसेक्स

**मुंबई, एजेंसी**



• निफ्टी एक बार फिर 1.02 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,000 के पार

• रियल्टी, वाहन और बैंकिंग सेक्टरों में दर्ज की गई तेजी

नीतिगत ब्याज दर में आधा प्रतिशत की कटौती और बैंकों को कर्ज देने के लिए अतिरिक्त राशि का इंतजाम करने के रिजर्व बैंक के फैसले से उपजी सकारात्मक धारणा के बीच शुक्रवार को सेंसेक्स 747 अंक उछल गया जबकि निफ्टी एक बार फिर 25,000 का स्तर पार कर गया।

भारतीय रिजर्व बैंक ने मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद रेपो दर 0.50 प्रतिशत घटाकर 5.5 प्रतिशत कर दिया। इसके साथ ही नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में एक प्रतिशत की कटौती करने की भी घोषणा की गई। विश्लेषकों ने कहा कि आरबीआई के इन कदमों से आर्थिक वृद्धि को समर्थन मिलने की उम्मीद में शेयर बाजार उछल गए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक 746.95 अंक यानी 0.92 प्रतिशत उछलकर 82,188.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 857.85 अंक बढ़कर 82,299.89 अंक पर पहुंच गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी एक बार फिर 25,000 के स्तर पर पहुंच गया। कारोबार के अंत में यह 252.15 अंक यानी 1.02 प्रतिशत चढ़कर 25,003.05 अंक पर बंद हुआ। ब्याज दर के लिहाज से संवेदनशील रियल्टी खंड में 4.74 प्रतिशत, वाहन खंड में 1.50 प्रतिशत और बैंकिंग खंड में 1.25 प्रतिशत की तेजी आई। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती और सीआरआर को एक प्रतिशत तक कम करने की अप्रत्याशित घोषणा से धारणा एकदम ही बदल गई।



## एक नजर

### मणिपुर में आठ उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार बरामद

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पश्चिम और बिष्णुपुर जिलों से सुरक्षा बलों ने विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के आठ उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि इंफाल पश्चिम जिले के घारी माखा लेईकोई क्षेत्र से बृहस्पतिवार को प्रतिबंधित यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी ऑफ कांगलीपाक के तीन सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया गया, जबकि प्रतिबंधित पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के चार सदस्यों को जिले के ताओथोंग खुनौ और बिष्णुपुर से गिरफ्तार किया गया। बृहस्पतिवार को पीआरईपीएके (प्रो) के एक सक्रिय सदस्य को भी गिरफ्तार किया गया था।

### कोरोना संक्रमण के सक्रिय मामले पांच हजार के पार

**नई दिल्ली।** देशभर में कोराना संक्रमण के 464 सक्रिय मामले बढ़ने के साथ सक्रिय मामलों की संख्या शुक्रवार सुबह बढ़कर 5364 तक पहुंच गयी। पिछले 24 घंटों में संक्रमण से चार और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 55 पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार अभी तक 4724 मरीजों को स्वस्थ्य होने पर अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है। पिछले 24 घंटों में कोराना संक्रमण के कुल 1266 मामले सामने आए हैं। सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं।

### पंजाब में सतर्कता विभाग के एसएसपी निलंबित

**लुधियाना।** पंजाब सरकार ने शुक्रवार को सतर्कता विभाग लुधियाना के एसएसपी जगतप्रीत सिंह को कर्तव्य के प्रति लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया है। पंजाब सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक शेखर ने शुक्रवार को इस संबंध में आदेश जारी किया। सतर्कता विभाग ने लुधियाना पश्चिम सीट के उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार और पूर्व कैबिनेट मंत्री भारत भूषण आशु को पूछताछ के लिए समन भेजा था। एसएसपी के निलंबन को इसी से जोड़कर देखा जा रहा है।

### बीजापुर में नक्सलियों ने ट्रक को आग लगाई

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने गुरुवार देर शाम बीजापुर और गीदम के बीच नेशनल हाइवे में एक ट्रक को आग के हवाले कर इलाके में दहशत फैलाने की कोशिश की। नक्सलियों ने बीजापुर की ओर से जगदलपुर की ओर जा रहे एक ट्रक को भैरमगढ़ के पास रोककर आग के हवाले कर दिया। नक्सलियों के ट्रक में आगजनी से दोनों तरह वाहनों की लंबी कतार लगी रही।

# भगदड़ के जिम्मेदारों पर कार्रवाई शुरू

## आरसीबी और प्रबंधन कंपनी के चार अफसर गिरफ्तार, खुफिया विभाग के एडीजी हटाए गए

**बेंगलुरु, एजेंसी**



• मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव गोविंदराज भी पद से हटाए गए

बेंगलुरु में चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ के मामले में कर्नाटक सरकार ने कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। शुक्रवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और आयोजन का प्रबंधन करने वाली कंपनी डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के चार अधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके अलावा प्रदेश सरकार ने खुफिया विभाग के एडीजी का ट्रांसफर कर दिया। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव गोविंदराज भी हटा दिए गए।

आईपीएल के फाइनल में आरसीबी की जीत के जश्न में भाग लेने के लिए बुधवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमियों के जुटने के बाद मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई और 56 लोग घायल हो गए थे। गिरफ्तार किए गए लोगों में आरसीबी के विपणन एवं राजस्व प्रमुख निखिल सोसले, 'डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड' के सुनील मैथ्यू और किरण कुमार शामिल हैं। गिरफ्तारी के बाद उन्हें पूछताछ के लिए कब्बन पार्क पुलिस थाने लाया गया।

पुलिस ने आरसीबी, डीएनए और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के खिलाफ गुरुवार को प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद यह कार्रवाई की। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने आरसीबी और डीएनए और केएससी के प्रतिनिधियों को तुरंत गिरफ्तार करने का निर्देश दिया था।

इसके साथ कर्नाटक सरकार ने विधान परिषद सदस्य के गोविंदराज को शुक्रवार को मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के राजनीतिक सचिव के पद से मुक्त कर दिया। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक खुफिया विभाग के एडीजी हेमंत निंबालकर का भी तबादला कर दिया गया है। सिद्धरमैया ने बृहस्पतिवार को भगदड़ की घटना के सिलसिले में खुफिया विफलता की बात स्वीकार करते हुए कहा था, इस संबंध में क्या कार्रवाई की जाए, फिलहाल इस बारे में कोई निर्णय नहीं लिया गया है। हमने इस पर चर्चा की है। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने भगदड़ की घटना के सिलसिले में बृहस्पतिवार को बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त बी दयानंद और चार अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया था।

### केएससीए अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई पर रोक

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने शुक्रवार को एक अंतरिम आदेश में प्रदेश पुलिस को निर्देश दिया कि वह भगदड़ के सिलसिले में केएससीए के पदाधिकारियों के खिलाफ अगले आदेश तक कोई दंडात्मक कार्रवाई न करे। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के अध्यक्ष रघुराम भट, सचिव ए शंकर और कोषाध्यक्ष ईएस जयराम ने भगदड़ की घटना के सिलसिले में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने के अनुरोध के साथ हाईकोर्ट का रुख किया था। याचिका पर सुनवाई करने वाले न्यायमूर्ति एसआर कृष्ण कुमार ने केएससीए अधिकारियों को अंतरिम राहत दे दी।

### तहव्वुर राणा की न्यायिक हिरासत नौ जुलाई तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को 26/11 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा की न्यायिक हिरासत नौ जुलाई तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश चंद्रजीत सिंह ने यह आदेश तब पारित किया जब राणा को न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश किया गया। राणा के वकील ने उसकी सेहत को लेकर चिंता जताई थी जिस पर अदालत ने तिहाड़ प्रशासन से नौ जून तक रिपोर्ट मांगी है। राणा, 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मुख्य साजिशकर्ता और अमेरिकी नागरिक डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी का करीबी सहयोगी है। उसे अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा चार अप्रैल को उसकी भारत प्रत्यर्पण के खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिका खारिज किए जाने के बाद भारत लाया गया था।

# कक्षा निर्माण मामले में एसीबी के समक्ष पेश हुए सत्येंद्र जैन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

• भाजपा पर लगाया प्रमुख मुद्दों से ध्यान भटकाने का आरोप

दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन सरकारी स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण में कथित भ्रष्टाचार के मामले में पूछताछ के लिए शुक्रवार को भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) के समक्ष पेश हुए। जैन को दिल्ली सरकार की एसीबी ने पूछताछ के लिए बुलाया था।

एसीबी कार्यालय जाने से पहले जैन ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार ने दिल्ली की शिक्षा में सुधार की दिशा में काम किया, मौजूदा भाजपा नीत सरकार केवल राजनीति कर रही है। जैन ने कहा कि भाजपा प्रमुख मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। जैन ने कहा, पहले मुझे बताएं कि घोटाला शब्द कहां से आया। भाजपा काम नहीं करना चाहती और निजी स्कूलों को फीस बढ़ाने में मदद कर रही है।

उन्होंने कहा, पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने स्कूलों में बेहतरीन काम किया। उन्हें तलब किया गया। ये सब ध्यान भटकाने के हथकंडे हैं। उन्होंने आरोप लगाया, भाजपा कहती थे कि सड़कों पर कुत्ते घूम रहे हैं और हम सड़कें साफ करेंगे। अब उन्हें ये काम करवाने चाहिए, लेकिन वे सिर्फ राजनीति कर रहे हैं।

### नई शुरुआत



जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले के संगलदान में वंदे भारत एक्सप्रेस में सवार सुरक्षाकर्मी। पीएम मोदी ने शुक्रवार को कटरा और श्रीनगर के बीच वंदे भारत सेवा को हरी झंडी दिखाई, जो कश्मीर घाटी और जम्मू क्षेत्र के बीच पहली रेल सेवा है। एजेंसी

## जमानत पर जेल से रिहा हुई इन्फ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनोली

**कोलकाता।** सांप्रदायिक टिप्पणियों वाला वीडियो साझा करने से जुड़े मामले में कलकत्ता उच्च न्यायालय से अंतरिम जमानत मिलने के बाद 'सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर' शर्मिष्ठा पनोली को शुक्रवार को जेल से रिहा कर दिया गया। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पनोली की अंतरिम जमानत याचिका बृहस्पतिवार को मंजूर कर ली थी। अदालत ने कहा था कि पनोली (22) के खिलाफ शिकायत में किसी संज्ञेय अपराध की बात सामने नहीं आई है। कोलकाता पुलिस ने विधि छात्रा पनोली को पिछले हफ्ते हरियाणा के गुरुग्राम से गिरफ्तार कर लिया था। उसके खिलाफ कोलकाता के गार्डन रीच पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराए जाने के बाद यह कदम उठाया गया था।

# कोयला घोटाला : अदालत ने पूर्व कोयला सचिव एचसी गुप्ता समेत कई को बरी किया

**नई दिल्ली।** सीबीआई की एक विशेष अदालत ने कोयला घोटाला मामले में पूर्व कोयला सचिव एच सी गुप्ता, पूर्व संयुक्त सचिव (कोयला) के एस क्रोफा और तत्कालीन निदेशक के सी समारिया को शुक्रवार को बरी कर दिया।

सीबीआई अदालत ने हालांकि जेएएस इन्फ्रास्ट्रक्चर कैपिटल लिमिटेड और उसके तत्कालीन निदेशक मनोज कुमार जायसवाल को धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश का दोषी ठहराया। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश संजय बंसल ने झारखंड के महुगढ़ी कोयला ब्लॉक के संबंध में अपना फैसला सुनाया। इस मामले में सजा पर बहस अब आठ जुलाई को होगी। सीबीआई के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, सीबीआई द्वारा जांचे गए कोयला ब्लॉक आवंटन मामलों में यह 19वीं दोषसिद्धि है। शुरुआत में सीबीआई ने 20 नवंबर, 2014 को मामले में अंतिम रिपोर्ट (क्लोजर) दाखिल की थी।

# राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी पर फिर किया आत्मसमर्पण करने का कटाक्ष

**राजगीर (बिहार), एजेंसी**

• कहा- सीजफायर कराने के ट्रंप के दावों पर कुछ नहीं बोल रहे हैं मोदी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर फिर आत्मसमर्पण वाला कटाक्ष दोहराया, जिस पर हाल ही में भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया जताई थी। कांग्रेस नेता ने यह बात बिहार में आयोजित 'संविधान सुरक्षा सम्मेलन' में कही।

इससे कुछ दिन पहले उन्होंने मोदी पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने झुकने का आरोप लगाया था। गांधी ने नालंदा जिले के राजगीर में कहा, ट्रंप ने कम से कम 11 बार कहा है कि उन्होंने मोदी को मजबूर किया है। हमारे प्रधानमंत्री विरोध में एक शब्द भी नहीं कह पा रहे। कारण यह है कि ट्रंप ने जो कहा है, वही हकीकत है। उल्लेखनीय है कि गांधी ने इस सप्ताह की शुरुआत में भोपाल में दावा किया था कि पाकिस्तान के साथ सैन्य संघर्ष के चरम पर होने पर ट्रंप ने मोदी से कहा था, नरेंदर, सरेंडर। इस टिप्पणी से भाजपा नाराज हो गई थी।

पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने इसे देशद्रोह कहा था। प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया था कि यह बयान हाफिज सईद जैसे आतंकवादियों द्वारा भारत के बारे में कही गई बातों से कहीं अधिक अपमानजनक है। राजगीर में अपने संबोधन में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, मैं आरएसएस से लड़ रहा हूं, वे बहुत आसानी से आत्मसमर्पण कर देते हैं। उन्हें दया याचिका लिखने में ज्यादा समय नहीं लगता। बेशक, आधुनिक तकनीक ने पेन और कागज की जगह व्हाट्सऐप को जन्म दे दिया है।

## ऑपरेशन ब्लूस्टार की बरसी पर खालिस्तान समर्थक नारे

**अमृतसर।** ऑपरेशन ब्लूस्टार की 41वीं बरसी पर शुक्रवार को स्वर्ण मंदिर परिसर स्थित अकाल तख्त पर कट्टरपंथी सिख संगठनों के समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने खालिस्तान समर्थक नारे लगाए। इस दौरान स्वर्ण मंदिर और शहर में शांतिपूर्ण बंद का माहौल रहा। दल खालसा के कार्यकर्ता अपने हाथों में उग्रवादी नेता जरनैल सिंह भिंडरावाले के चित्र वाले पोस्टर और खालिस्तानी झंडे लिए हुए नजर आए। अकाल तख्त के निकट स्वर्ण मंदिर का पूरा परिसर खालिस्तानी समर्थक नारों से गूंज उठा। दल खालसा, पूर्व सांसद सिमरनजीत सिंह मान के नेतृत्व वाले शिरोमणि अकाली दल (अमृतसर) और उनके सहयोगी एवं पूर्व सांसद ध्यान सिंह मंड समेत कई संगठनों के कार्यकर्ताओं ने अकाल तख्त पर नारेबाजी की। ऑपरेशन ब्लूस्टार 1984 में स्वर्ण मंदिर परिसर से उग्रवादियों को बाहर निकालने के लिए चलाया गया सैन्य अभियान था।

# मिट्टी के कणों के जरिए कोविड-19 की जांच पद्धति विकसित की

**नई दिल्ली, एजेंसी**

• आईआईटी गुवाहाटी के शोधकर्ताओं ने हासिल की उल्लेखनीय उपलब्धि

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)-गुवाहाटी के शोधकर्ताओं ने पाया है कि मिट्टी के कण कोविड-19 का कारण बनने वाले वायरस सार्स-कोव-2 की उपस्थिति में अलग तरह से प्रतिक्रिया करते हैं। इस शोध का उपयोग उन्होंने एक सरल, वहनीय जांच विकल्प विकसित करने के लिए किया है।

शोध में पता चला है कि मिट्टी कण वायरस युक्त नमकीन-पानी के घोल में कितनी जल्दी तल पर बैठते हैं। 'एप्लाइड क्ले साइंस' पत्रिका में प्रकाशित शोध में शोधकर्ताओं ने लिखा है, वायरस की उपस्थिति से मिट्टी के कणों के बल में परिवर्तन से मिट्टी की इलेक्ट्रोलाइट प्रणाली की सेडिमेंटेशन दर बदल गई।

टीम ने कहा कि ये निष्कर्ष सार्स-कोव-2 का पता लगाने के लिए फिलहाल उपयोग की जाने वाली जटिल, महंगी विधियों की तुलना में एक सरल और वहनीय विकल्प प्रदान करते हैं। आईआईटी गुवाहाटी के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर और प्रमुख लेखक टी.वी. भरत ने कहा, ''पॉलीमरेज चेन रिएक्शन (पीसीआर) जैसी मौजूदा विधियां अत्यधिक संवेदनशील हैं, लेकिन समय लेती हैं और भारी उपकरणों की आवश्यकता होती है। इसी तरह, एंटीजेन परीक्षण तेज होता है।

## खेल डायरी

### विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा पेरिस डायमंड लीग में लेंगे भाग



**नई दिल्ली :** मौजूदा भाला फेंक विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा 20 जून को स्टेड सेबेस्टियन-चार्लीटी में होने वाली पेरिस डायमंड लीग 2025 में भाग लेंगे। नीरज आठ साल बाद पेरिस डायमंड लीग में वापसी करेंगे। वर्ष 2017 में वह इस स्पर्धा में 84.67 मीटर के थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहे थे। जर्मनी के जोहान्स वेटर ने 88.74 मीटर का थ्रो कर इस स्पर्धा को जीता था। नीरज के 2024 संस्करण में भाग लेने की उम्मीद थी, लेकिन पेरिस ओलंपिक की तैयारी के मद्देनजर वह इस स्पर्धा में भाग नहीं ले सके। मई में दोहा डायमंड लीग में चोपड़ा ने 90.23 मीटर दूर भाला फेंक कर अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोडा था। नीरज का सबसे हालिया प्रदर्शन 23 मई को पोलैंड के चोरजो में जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल में हुआ था।

### न्यूजीलैंड ने रॉब वाल्टर को मुख्य कोच नियुक्त किया

**वेलिंगटन :** न्यूजीलैंड ने गैरी स्टीड के स्थान पर रॉब वाल्टर को अपनी पुरुष क्रिकेट टीम के तीनों प्रारूपों का कोच नियुक्त किया है। वाल्टर जनवरी 2023 से इस साल अप्रैल तक दक्षिण अफ्रीका की वनडे और टी20 टीमों के कोच रहे। इससे पहले वह न्यूजीलैंड के ओटागो प्रांत और सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स एसोसिएशन में पांच साल तक कोच रहे। वाल्टर के कोच रहते हुए दक्षिण अफ्रीका ने वनडे विश्व कप 2023 और इस साल चैंपियंस ट्रॉफी के सैनी फाइनल में जगह बनाई थी। यही नहीं उन्होंने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका को टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचाने में भी अहम भूमिका निभाई थी। स्टीड 2018 से तीनों प्रारूपों में न्यूजीलैंड के मुख्य कोच थे।

### भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर पहले दौर के बाद शीर्ष 10 में

**टेनेरिफ (स्पेन) :** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने स्पेन में शानदार शुरुआत की। वह यहां खेली जा रही लेडीज यूरोपीय टूर की प्रतियोगिता टेनेरिफ महिला ओपन में दो अंडर 70 का स्कोर बनाकर पहले दिन संयुक्त छठे स्थान पर रहीं। दीक्षा शीर्ष पर चल रही आयरलैंड की लॉरेन वाल्श और डेनमार्क की सोफी किब्सगार्ड नीलसन से तीन शॉट पीछे हैं, जिन्होंने पांच अंडर 67 का स्कोर बनाया। इस प्रतियोगिता में भाग ले रही अन्य भारतीय खिलाड़ियों में अवनी प्रशांत (71), हिताशी बक्शी (72), त्वेसा मलिक (73) और स्नेहा सिंह (77) शामिल हैं। भारतीय खिलाड़ियों में दीक्षा के अलावा अवनी प्रशांत ने अच्छा प्रदर्शन किया और वह पहले दौर के बाद संयुक्त 17वें स्थान पर हैं।

### अय्यर की फाल्कंस ने सूर्यकुमार की नाइट्स को चार विकेट से हराया

**मुंबई :** भारतीय टीम के सीमित ओवरों के सितारों के बीच मुकाबले में श्रेयस अय्यर की सोबो मुंबई फाल्कंस ने शुक्रवार को यहां टी20 मुंबई लीग के एक रोमांचक मैच में सूर्यकुमार यादव की ट्रायम्फ नाइट्स मुंबई नॉर्थ ईस्ट को चार विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर नाइट्स की टीम तेज गेंदबाजों की मददगार परिस्थितियों में पांच विकेट पर 145 रन ही बना सकी। फाल्कंस ने चार गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

### गुकेश व कार्लसन नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट खिताब के दावेदार

**स्टावेंजर (नॉर्वे) :** मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के नौवें दौर में चीन के वेई यी को हराकर तीन अंक हासिल किए। वह नॉर्वे के स्टार मैग्नस कार्लसन के साथ खिताब के लिए शीर्ष दावेदार बन गए। अब जब कि केवल एक दौर की बाजी खेली जानी बाकी है तब गुकेश 14.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि पांच बार के विश्व चैंपियन कार्लसन छह खिलाड़ियों के डबल राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट में उनसे केवल आधा अंक आगे हैं। कार्लसन ने हारने की स्थिति से वापसी करते हुए अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना को हराया और पूरे अंक हासिल किए।

### लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलना बहुत बड़ा क्षण: डिविलियर्स

**लंदन :** एबी डिविलियर्स का मानना है कि लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेलना दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट इतिहास का एक बड़ा क्षण है। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया 11 से 15 जून तक विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तीसरे सत्र के फाइनल में खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया गत चैंपियन है। डिविलियर्स ने 'स्टार स्पोर्ट्स' से कहा यह (लॉर्ड्स में फाइनल) दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट के लिए एक बहुत बड़ा पल है। उम्मीद है कि हम जीतने में सफल होंगे। डिविलियर्स ने 114 टेस्ट मैचों में 22 शतकों सहित 8,765 रन बनाए हैं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका को संतुलित टीम करार देते हुए कहा कि वे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उलटफेर करने में सक्षम है।

### भारत ए ने चाय के विश्राम तक तीन विकेट पर 213 रन बनाये

**नॉर्थम्पटन :** सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल की नाबाद 93 रन की पारी के बूते भारत ए ने इंग्लैंड लायंस (ए टीम) के खिलाफ दूसरे अनधिकृत टेस्ट मैच के पहले दिन शुक्रवार को चाय तक तीन विकेट पर 213 रन बना लिए। चाय के विश्राम के समय राहुल के साथ विकेटकीपर ध्रुव जुरेल 37 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। राहुल और जुरेल ने चौथे विकेट के लिए अब तक 87 रन की अटूट साझेदारी कर ली है। पहले सत्र में बारिश के कारण गंवाए गए ओवरों की भरपाई के लिए खेले गए लंबे दूसरे सत्र में भारतीय बल्लेबाजों ने अनुकूल पिच पर अच्छा प्रदर्शन किया। क्रिस वोक्स (30 रन पर तीन विकेट) को छोड़कर लायंस का कोई भी गेंदबाज प्रभाव नहीं छोड़ सका। भारत ने दूसरे सत्र में करुण नायर के रूप में एकमात्र विकेट गंवाया। नायर 40 रन पर वोक्स की गेंद पर पगबाधा हुए।

# बैठकों में सिर्फ पुजारा को आउट करने पर होती थी चर्चा: रोहित शर्मा

**मुंबई, एजेंसी**

चेतेश्वर पुजारा को कैसे आउट किया जाए? यह एक ऐसा सवाल था जिस पर रोहित शर्मा और मुंबई के उनके साथी जूनियर क्रिकेट के दिनों में अक्सर चर्चा करते थे, क्योंकि उन्हें पता था कि सौराष्ट्र का यह बल्लेबाज लगातार दो या तीन दिन बल्लेबाजी करके उनकी उम्मीदों पर सकता है। रोहित ने खुलासा किया कि पुजारा का विकेट अक्सर आयु वर्ग के मैचों में उनकी टीम के लिए जीत या हार का अंतर होता था। यह इस दिग्गज बल्लेबाज के शुरुआती लक्षण थे, जिन्होंने 103 टेस्ट मैचों में 43.60 की औसत तथा 19 शतक और 35 अर्द्धशतक की मदद से 7,195 रन बनाए।

रोहित ने गुरुवार को यहां पुजारा की पत्नी पूजा की किताब 'द डायरी ऑफ ए क्रिकेटर्स वाइफ' के विमोचन के अवसर पर कहा मुझे अब भी याद है कि टीम बैठकें सिर्फ इसी पर केंद्रित होती थीं कि उसे कैसे आउट किया जाए। अगर हम उसे आउट नहीं कर पाते हैं तो हम मैच हार सकते हैं। पूर्व भारतीय कप्तान ने मजाक में कहा कि पुजारा के खिलाफ खेलने से उनका चेहरा इतना बदल जाता था कि उनकी मां भी थोड़ी परेशान हो जाती थीं। उन्होंने कहा मुझे बस इतना याद है कि जब मैं 14 साल का था और मैदान से शाम को जब वापस आता था, तो मेरे चेहरे का रंग बिल्कुल बदल जाता था।

रोहित ने कहा क्योंकि वह पूरे दिन बल्लेबाजी करता था और हमें दो-तीन दिन तक धूप में फील्डिंग करनी पड़ती थी। मुझे अब भी याद है कि मेरी मां ने मुझसे कई बार पूछा था कि जब तुम घर से खेलने जाते हो, तो तुम अलग दिखते हो और जब तुम एक हफ्ते या 10 दिन बाद घर आते हो, तो तुम अलग



रोहित शर्मा।



चेतेश्वर पुजारा।

दिखते हो। रोहित ने कहा मैं कहता था, मां मैं क्या करूं। चेतेश्वर पुजारा नाम का एक बल्लेबाज है। वह तीन दिनों से बल्लेबाजी कर रहा है। पुजारा को लेकर हमारी शुरुआती धारणा यही थी। रोहित ने कहा कि करियर की शुरुआत में दोनों घुटनों में एसीएल (एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट) की चोट के बावजूद 100 से अधिक टेस्ट खेलने का श्रेय पुजारा को दिया। उन्होंने कहा (यह) बहुत बड़ी और बहुत बुरी चोट थी। उसकी दोनों एसीएल चली गई थीं। किसी भी क्रिकेटर, एक खिलाड़ी के लिए यह बहुत मुश्किल होता है जब वह अपनी दोनों एसीएल गंवा देता है। इसके बावजूद वह भारत की तरफ से 100 से अधिक टेस्ट मैच खेलने में सफल रहा। इसका पूरा श्रेय पुजारा को जाता है।

इस अवसर पर पुजारा ने 2016-17 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान

- **पुजारा की पत्नी पूजा की किताब 'द डायरी ऑफ ए क्रिकेटर्स वाइफ' के विमोचन पर बोले- रोहित शर्मा**

**2016-17**
में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को अपने करियर की सबसे मुश्किल सीरीज बताया पुजारा ने

पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को अपने करियर की सबसे मुश्किल सीरीज बताया। पुजारा ने कहा मैं एक घटना का जिक्र कर सकता हूं। भारतीय टीम जब 2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 200 रन के आसपास आउट हो रही थी तो वह मेरे करियर का सबसे मुश्किल दौर था। उन्होंने कहा वह बेंगलुरु में खेला गया दूसरा टेस्ट मैच था। हमारी टीम ने पहली पारी में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था और दूसरी पारी में भी हम परेशानी में थे, लेकिन मैंने अनिल (कुंबले) भाई से नाथन लियोन से निपटने के तरीके के बारे में बात की और उन्होंने तकनीक को लेकर एक सुझाव दिया जिससे मुझे फायदा मिला। पुजारा और रोहित दोनों ने अपने माता-पिता द्वारा उनके करियर को आगे बढ़ाने के लिए किए गए संघर्षों को याद किया। पुजारा ने कहा, ''जब मैं 17 साल का था तब मेरी मां का निधन हो गया था लेकिन जब मैं छोटा था तो मेरे माता-पिता ने मेरा पूरा समर्थन किया। पूजा ने किताब में इसका अच्छी तरह से वर्णन किया है। मुझे याद है कि मेरी मां ने मुझसे कहा था तुम जीवन में जो कुछ भी करो उससे पहले तुम्हें एक अच्छा इंसान बनना पड़ेगा। रोहित ने कहा मुझे मेरे माता-पिता का शुरू से भरपूर समर्थन मिला। मैं जानता हूँ कि उन्होंने मेरे और मेरे भाई के लिए कितने त्याग किए हैं।

# उज्बेकिस्तान और जॉर्डन ने रच दिया इतिहास

## विश्व कप के लिए पहली बार किया क्वालीफाई, चीन हुआ बाहर

**सियोल, एजेंसी**

चीन का 2002 के बाद पहली बार विश्व कप फुटबॉल में जगह बनाने का सपना गुरुवार को इंडोनेशिया के हाथों हार के साथ टूट गया। वहीं, उज्बेकिस्तान और जॉर्डन ने पहली बार इस प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। चीन को जहां करारा झटका लगा वहीं दक्षिण कोरिया ने लगातार 11वीं बार विश्व कप में जगह पक्की की।

विश्व कप फुटबॉल अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में आयोजित किया जाएगा। अबू धाबी में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ उज्बेकिस्तान के लिए ग्रुप ए में ईरान के बाद दूसरा स्वतः क्वालीफिकेशन स्थान हासिल करने के लिए पर्याप्त था। ग्रुप बी में दक्षिण कोरिया ने इराक को 2-0 से हराकर विश्व कप में अपना स्थान पक्का किया। दक्षिण कोरिया की दो गोल के अंतर से जीत जॉर्डन के लिए पहली बार विश्व कप में जगह बनाने



जीत के बाद जशन मनाते उज्बेकिस्तान के खिलाड़ी। ● एजेंसी

के लिए पर्याप्त थी। उसने इससे पहले ओमान को 3-0 से हराकर शीर्ष दो में जगह बनाई थी। जॉर्डन की तरफ से तीनों गोल अली ओलवान ने किए। ग्रुप सी में चीन को जकार्ता में इंडोनेशिया के हाथों 1-0 से हार का सामना करना पड़ा। चीन इस तरह से विश्व कप में क्वालीफाई करने की दौड़ से बाहर हो गया है। वह 2002 में आखिरी बार विश्व कप में खेला था जब इसका आयोजन जापान और दक्षिण कोरिया में किया गया था। इस ग्रुप के एक अन्य मैच में अजीज बेहिच के अंतिम मिनट में किए गए गोल से ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ में पहले से ही क्वालीफाई कर चुकी जापान की टीम को 1-0 से हराया। इससे ऑस्ट्रेलिया की टीम लगातार छठी बार विश्व कप में खेलने के करीब पहुंच गई।

**प्रो लीग का यूरोपीय चरण**

## भारतीय हॉकी टीम की नजरें विश्व कप में सीधे जगह बनाने पर

**एम्सटेलवीन (नीदरलैंड) :** बेल्जियम और नीदरलैंड में अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने की कवायद में भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में अधिकतम अंक जुटाने की कोशिश में होगी।

हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम इस समय प्रो लीग की तालिका में आठ मैचों में 15 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। बेल्जियम और इंग्लैंड के 16 अंक हैं। प्रो लीग के यूरोपीय चरण में अच्छे प्रदर्शन से भारत की अगले साल होने वाले विश्व कप में सीधे क्वालीफाई करने की संभावना बढ़ जाएगी। कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा कि टूर्नामेंट की अहमियत को देखते हुए अनुभव पर भरोसा किया गया है।

उन्होंने कहा यह सभी को पता है कि विश्व कप के लिये सीधे क्वालीफाई करने का यह भी एक रास्ता है। हमारी प्राथमिकता वही है कि यहां से सीधे विश्व कप का टिकट कटाएं।



फ्रेंच टेनिस ओपन के सेमीफाइनल मैच के दौरान इटली के लोरेंजो मुसेट्टी के खिलाफ शॉट लगाते स्पेन के कार्लोस अल्काराज। ● एजेंसी

# कोको गाफ का फाइनल में मुकाबला सबालेंका से

**फ्रेंच ओपन**

**पेरिस, एजेंसी**

अमेरिका की कोको गाफ का सामना शनिवार को फ्रेंच ओपन महिला एकल फाइनल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका से होगा।

तीन साल पहले फ्रेंच ओपन में पदार्पण करने वाली 18 साल की गाफ फाइनल में हार गई थी। उन्होंने इस बार फ्रांस की वाइल्ड कार्डधारी लोई बोइसों को 6-1, 6-2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। सबालेंका ने मई में मैड्रिड ओपन में गाफ को हराया था। इस



कोको गाफ व एरिना सबालेंका।

बार उन्होंने सेमीफाइनल में गत चैम्पियन इगा स्वियातेक को 7-6, 4-6, 6-0 से मात दी।

# टेस्ट में करारी हार होने पर कोहली बदल सकते हैं फैसला: क्लार्क

**नई दिल्ली, एजेंसी:**

आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क का मानना है कि टेस्ट क्रिकेट को सर्वोपरि मानने वाले विराट कोहली इस प्रारूप से संन्यास का फैसला बदल सकते हैं अगर भारत को इंग्लैंड दौरे पर पांच टेस्ट की सीरीज में करारी हार का सामना करना पड़ता है। कोहली ने पिछले महीने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया। उन्होंने 123 टेस्ट खेलकर 30 शतक समेत 9230 रन बनाए। क्लार्क ने 'बियोंड23' क्रिकेट पॉडकास्ट पर कहा मुझे ऐसा लगता है। अगर भारतीय टीम इंग्लैंड में 5 . 0 से हार जाती है तो प्रशंसक यही चाहेंगे कि विराट संन्यास का फैसला बदलकर टेस्ट क्रिकेट फिर खेलें। उन्होंने कहा अगर कप्तान, चयनकर्ता और प्रशंसक ऐसा चाहेंगे तो वह वापसी कर सकता है । उसे अभी भी टेस्ट क्रिकेट से प्यार है। उसके शब्दों में टेस्ट क्रिकेट के लिये उसका जुनून झलकता है। आरसीबी के पहला आईपीएल खिताब जीतने के बाद कोहली ने कहा था कि वह इस जीत को टेस्ट क्रिकेट से पांच पायदान नीचे रखेंगे।



क्लार्क ने कहा रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा। मुझे लगता है कि किसी भी टीम को उसकी कप्तानी की कमी खलेगी । वह शानदार कप्तान था। कोहली ने टेस्ट से संन्यास लिया । यह बहुत दुखद था। वह चैम्पियन है और टेस्ट क्रिकेट को उसकी कमी खलेगी। क्लार्क ने आरसीबी की जीत के जश्न में बेंगलुरू में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई। उन्होंने कहा किसी को चोटिल होते देखना या प्राण गंवाते देखना दुखद है। उम्मीद है कि ऐसा फिर कभी नहीं होगा।

## सात्विक-चिराग की जोड़ी इंडोनेशिया ओपन से बाहर

**जकार्ता :** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल टीम शुक्रवार को यहां क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के मैन वेई चोंग और टी काई वुन से हारकर इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई।

यहां 2023 में खिताब जीतने वाली भारतीय जोड़ी को मलेशियाई जोड़ी के खिलाफ 43 मिनट तक चले मुकाबले में 19-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। मलेशिया की टीम की पांच मुकाबलों में भारतीय जोड़ी के खिलाफ यह पहली जीत है। सात्विक-चिराग की हार के साथ प्रतियोगिता में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गई। भारतीय जोड़ी को अपनी सर्विस और रिटर्न में संघर्ष करना पड़ा।

# पीयूष ने क्रिकेट को कहा अलविदा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

करीब दो दशक लंबे करियर के बाद लेग स्पिनर पीयूष चावला ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है। चावला ने आज सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपने संन्यास लेने के फैसले की जानकारी दी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा दो दशक से अधिक समय तक मैदान पर रहने के बाद अब समय आ गया है कि मैं इस खूबसूरत खेल को अलविदा कहूं। वह 2007 में टी-20 विश्वकप और 2011 एकदिवसीय विश्वकप की विजेता टीम का हिस्सा रहे। उन्होंने कहा कि यह उनके जीवन का आशीर्वाद है इसकी यादें हमेशा उनके दिल में बनी रहेंगी।

उन्होंने कहा ऊपर वाले की कृपा से मैं इतने लंबे समय तक



पीयूष चावला। ● एजेंसी

क्रिकेट खेल सका। यह सफर कभी बेहद चुनौतीपूर्ण रहा, तो कभी बेहद सुकून देने वाला, लेकिन इसके हर पल ने मुझे बहुत कुछ सिखाया और बहुत कुछ दिया। ये वो यादें हैं जो ताउम्र मेरे साथ रहेंगी। मुझे हमेशा से लगता रहा है कि हर चीज का एक सही समय होता है। और आज वही पल है, जब मुझे लगा कि अब निर्णय लेना चाहिए।

पीयूष चावला ने भारत के लिए तीन टेस्ट, 25 एकदिवसीय और सात टी-20 मैच खेले, जिसमें उन्होंने कुल 43 विकेट लिए। वह 2011 में विश्वकप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। यह उनके करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि रही है। उन्होंने अपना आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मुकाबला वर्ष 2012 में इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 मैच खेला था। उन्होंने 137 प्रथम श्रेणी मैचों में 446 विकेट लिए। छह शतकों की मदद से 5486 रन भी बनाए। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में उनका करियर बेहद सफल रहा। उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स टीम में रहते हुए 2012 और 2014 में दो बार खिताबी टीम का हिस्सा रहे थे। उन्होंने आईपीएल में कुल 192 विकेट लिए और वह आईपीएल के इतिहास में संयुक्त रूप से तीसरे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

## भारतीय कंपाउंड तीरंदाज विश्व कप से बाहर

**अंताल्या (तुर्की) :** भारतीय कंपाउंड तीरंदाजों ने शुक्रवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में निराशाजनक प्रदर्शन किया तथा कोई भी खिलाड़ी व्यक्तिगत तथा मिश्रित वर्ग में पदक दौर तक नहीं पहुंच सका। शंघाई में पिछले चरण में दो स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदक के साथ दक्षिण कोरिया के बाद दूसरे स्थान पर रहने वाला भारत यहां अभी तक पदकों का खाता नहीं खोल पाया है। चौथी वरीयता प्राप्त और पिछले विश्व कप की विजेता मधुरा धामनगांवकर को क्वार्टर फाइनल में मैक्सिको की पांचवीं वरीयता प्राप्त मारियाना बर्नल ने हराया।

मधुरा को महिला व्यक्तिगत वर्ग में 152-159 से हार का सामना करना पड़ा। विश्व चैंपियन अदिति स्वामी भी अंतिम आठ चरण में मैक्सिको की दूसरी वरीयता प्राप्त एंड्रिया बेसेरा से 147-152 से हारकर बाहर हो गईं। पुरुष वर्ग में 13वीं वरीयता प्राप्त ऋषभ यादव क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के 28वीं वरीयता प्राप्त निकोलस गिरार्ड से 149-157 से हार गए। यादव ने इससे पहले प्री क्वार्टर फाइनल में अपने सीनियर साथी अभिषेक वर्मा को 157-154 से हराया था। विश्व चैंपियन ओजस देवताले को पहले ही दौर में अमेरिका के जेम्स लुट्ज़ से 157-161 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले भारत रिकर्व और कंपाउंड दोनों वर्गों की टीम स्पर्धाओं से भी बाहर हो गया था।भारत की उम्मीदें कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में भी धराशायी हो गईं।

# मैं कैपिटल्स के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध : स्टार्क

**लंदन, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 10 दिनों के ब्रेक के बाद दोबारा शुरू होने पर उनके वापस नहीं आने का परिणाम चाहे जो भी हो वह अपनी टीम दिल्ली कैपिटल्स के लिए 'पूरी तरह से प्रतिबद्ध' हैं। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में 26 नागरिकों की हत्या के बाद भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों के शिविरों को निशाना बनाकर सैन्य अभियान 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया था। इसके बाद दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव के कारण इस लीग को 10 दिनों के लिए रोकना पड़ा था।

लीग जब 17 मई से दोबारा शुरू हुई तो स्टार्क ने ऑस्ट्रेलिया के अपने ज्यादातर साथी खिलाड़ियों के उलट भारत नहीं लौटने का फैसला किया। दिल्ली कैपिटल्स की गेंदबाजी इकाई के अहम सदस्य रहे स्टार्क ने 11 मैचों में 14 विकेट लिए। वह आठ मई को धर्मशाला में पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले में भी शामिल थे, जब स्टेडियम में अचानक लाइट चली गई और खेल को रोकना पड़ा। स्टार्क की पत्नी और ऑस्ट्रेलिया महिला टीम की कप्तान एलिसा हीली भी उस समय दर्शक दीर्घा में मौजूद थी। धर्मशाला की अंतरराष्ट्रीय सीमा से निकटता के कारण स्टेडियम को तुरंत खाली करना पड़ा। पैंतीस साल के स्टार्क ने कहा कि तनाव को देखते हुए उन्हें दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच होने वाले आईपीएल मैच में खेलने पर संदेह था।

'द एज' ने स्टार्क के हवाले से कहा मैं अपने फैसले और इस पूरी



- **आईपीएल में 10 दिनों का ब्रेक होने के बाद वापस भारत न लौटने पर बोले-मिचेल स्टार्क**

स्थिति को लेकर मैंने जो महसूस किया और जिस तरह से इसे संभाला, उससे मैं सहज हूं। उन्होंने कहा इसीलिए मैंने अपना निर्णय बाद में लिया और यहां (इंग्लैंड) आने से पहले करीब एक सप्ताह तक मेरा ध्यान टेस्ट क्रिकेट की तैयारी पर केंद्रित रहा। बायें हाथ के इस तेज गेंदबाज ने कहा समय ही बताएगा कि इसका क्या नतीजा होगा या फिर उन खिलाड़ियों के साथ क्या होगा जो वापस नहीं लौटे। उस मैच से पहले हालांकि मेरे मन में कुछ सवाल और चिंताएं थीं। जाहिर है कि हमने देखा कि क्या हुआ। उस घटना ने मेरे निर्णय में अहम भूमिका निभाई। स्टार्क ने कहा कि इन्हीं कारणों से उन्होंने इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करने का फैसला किया था।

उन्होंने कहा चैंपियंस ट्रॉफी (पाकिस्तान में) को लेकर मेरे फैसले में कुछ हद तक यही बात थी और फिर जब टूर्नामेंट (आईपीएल) में देरी हुई, तो आप टेस्ट मैच की तैयारी के बारे में सोचना शुरू कर देते हैं। वह 11 जून से लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले जाने वाले ऑस्ट्रेलिया के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल का जिक्र कर रहे थे। स्टार्क ने कहा कि धर्मशाला में अलग-अलग खिलाड़ियों और टीमों के लिए चीजों को अलग-अलग तरीके से संभाला गया। दोनों टीमें प्रसारण दल के साथ पठानकोट से विशेष ट्रेन से दिल्ली लौटी थीं। उन्होंने कहा, '' अलग-अलग खिलाड़ियों और टीमों के लिए चीजों को अलग-अलग तरीके से संभाला गया।

धर्मशाला में पंजाब की टीम से जुड़े लोग भी थे। पंजाब के खिलाड़ियों ने लीग के लिए वापस आने का फैसला किया लेकिन जेक और मैंने ऐसा नहीं करने का फैसला किया। स्टार्क ने कहा यह एक बहुत ही व्यक्तिगत निर्णय था। इसका जो भी परिणाम हो मैं उसके साथ आगे बढ़ने को लेकर खुश रहूंगा।

# संघीय कोर्ट ने हार्वर्ड में विदेशी छात्रों पर ट्रंप के प्रतिबंध पर लगाई रोक

वाशिंगटन, एजेंसी



● हार्वर्ड विश्वविद्यालय ने व्हाइट हाउस की मांगों को अस्वीकार करने के कारण उसके खिलाफ प्रतिशोध की भावना से किया गया कार्य कहा

अमेरिका की एक संघीय न्यायाधीश ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय आने वाले विदेशी छात्रों के देश में प्रवेश पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए प्रतिबंध पर अस्थायी रोक लगा दी है। ट्रंप प्रशासन द्वारा बुधवार को जारी इस घोषणा के कारण देश के सबसे पुराने और सबसे धनी कॉलेज के एक चौथाई छात्रों पर असर पड़ सकता है, जिनमें से अधिकतर हार्वर्ड के शोध और छात्रवृत्ति कार्यक्रम का हिस्सा होते हैं।

इससे कुछ समय पहले हार्वर्ड ने संघीय न्यायाधीश से ट्रंप के आदेश पर रोक लगाने का अनुरोध करते हुए एक याचिका दायर की थी। विवि ने इसे व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) की मांगों को अस्वीकार करने के कारण हार्वर्ड के खिलाफ प्रतिशोध की भावना से किया गया कार्य कहा। गुरुवार को दायर संशोधित मुकदमे में हार्वर्ड ने कहा कि राष्ट्रपति पिछले अदालती आदेश को दरकिनार करने का प्रयास कर रहे हैं। इसके कुछ समय बाद बोस्टन में यूएस डिस्ट्रिक्ट जज एलिसन बरो ने ट्रंप की बुधवार की घोषणा के खिलाफ एक अस्थायी रोक का आदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि हार्वर्ड का कहना है कि मुकदमे में दोनों पक्षों को सुनने से पहले अगर यह रोक लगी तो इससे संस्थान को तत्काल और अपूरणीय क्षति होगी। बरो ने हार्वर्ड में अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के नामांकन को समाप्त करने के प्रशासन के पिछले प्रयास पर लगाई गई अस्थायी रोक को भी बढ़ा दिया। गत माह गृह मंत्रालय ने विदेशी छात्रों को दाखिला देने और उनके वीजा के वास्ते कागजात जारी करने के लिए हार्वर्ड के प्रमाणन को रद किया था, लेकिन बरो ने इसको अस्थायी रूप से रोक दिया था।

# रील में बीत रही जिंदगी रियल में जा रही जान

सोशल मीडिया मंचों के बढ़ते प्रभाव के कारण युवाओं की जिंदगी एक रील की तरह बन गई है। सोशल मीडिया मंचों ने हर व्यक्ति को कलाकार बनने का मौका दे दिया है, , लेकिन रील बनाने का यह जुनून कई बार युवाओं के लिए मौत का कारण भी बन रहे हैं। कुछ पलों की वीडियो में पॉपुलर होने की चाहत लोगों को ऐसे जोखिम उठाने पर मजबूर कर रही है। खुले रेलवे ट्रैक, ऊंची इमारतें, दौड़ती सड़कें – सब अब फेमस होने की पृष्ठभूमि बन चुके हैं। ऐसी कई घटनाएं सामने आई है, जिसमें कई लोगों ने अपनी जान गंवा दी है, सवाल ये है कि आखिर लोग ऐसा रिस्क क्यों ले रहे है, रील बनाकर फेमस होने की चाल में लोग वास्तव में अपनी जान गंवा दे रहे हैं...



## कई गंवा चुके हैं जान

रील्स बनाते समय कई घटनाएं हुई, जिनमें लोगों की जान चली गई। उत्तर प्रदेश के आगरा में 6 बहनों की यमुना नदी में डूबने से मौत हो गई, जो नहाते हुए रील बना रही थीं। मध्य प्रदेश के सिवनी में युवक ट्रैक पर रील बनाते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। मेरठ में युवक पानी की टंकी से गिरा, जबकि आगरा में युवक चौथी मंजिल से गिरकर मारा गया। महाराष्ट्र में महिला इन्फ्लुएंसर जलप्रपात के पास रील बनाते समय गिर गई। ये घटनाएं दर्शाती हैं कि लोग सुरक्षा की अनदेखी कर रहे हैं, जिससे उनकी जान चली जा रही है।

## मनोवैज्ञानिक परिदृश्य

**डोपामिन और तात्कालिक संतुष्टि :** सोशल मीडिया पर लाइक्स और व्यूज मिलने से डोपामिन नामक हार्मोन रिलीज होता है, जिससे व्यक्ति को खुशी महसूस होती है। यह अनुभव व्यक्ति को बार-बार जोखिम लेने को प्रेरित करता है।

**पहचान की खोज :** आज की युवा पीढ़ी आत्मपहचान और सामाजिक मान्यता के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर निर्भर होती जा रही है। कई बार रियल लाइफ में पहचान न मिलने पर वर्चुअल दुनिया में हीरो बनने की लालसा हावी हो जाती है।

**फोमो (फेयर ऑफ मिसिंग आउट) :** दूसरे लोग अगर कुछ अलग और साहसी कर रहे हैं तो खुद को पीछे न समझा जाए, इसलिए लोग बिना सोचे-समझे वही ट्राई करते हैं।

## सामाजिक परिदृश्य

**प्रेरणा के गलत स्रोत :** वायरल वीडियो और फेमस रीलर्स को देखकर लोग सोचते हैं कि बिना खास टैलेंट के भी प्रसिद्धि पाई जा सकती है। यह सोच युवाओं को शॉर्टकट की ओर ले जाती है।

**परिवार और समाज का दबाव :** नौकरी, पढ़ाई या जीवन में असफलता के कारण लोग सोशल मीडिया को सफलता का विकल्प समझने लगते हैं, जहां एक वीडियो उनकी किस्मत बदल सकता है।

**सुरक्षा के प्रति लापरवाही :** रील बनाते समय हेलमेट न पहनना, चलती ट्रेनों के पास जाना या ऊंची जगहों से कूदने की एक्टिंग – सब यह दर्शाते हैं कि सुरक्षा का कोई स्थान नहीं है।

रील्स बनाने लेकर लोगों में काफी उत्साह होता है जो एक समय के बाद समाप्त हो जाता है और लोग खतरा उठा बैठते हैं। एक समय उनको उत्साह की अनुभूति नहीं होती है। इसके पीछे का मुख्य कारण डोपामिन का अनियंत्रित होना और रिवार्ड सर्किट होता है।

**डा. आशीष सिंह, मनोचिकित्सक,** जिला अस्पताल- बरेली

## रील देखने में करते हैं समय बर्बाद

लोग प्रतिदिन औसतन 1 से 1.5 घंटे सिर्फ शॉर्ट वीडियो देखने में ही बिता देते हैं। ऑटो-स्क्रोल फीचर, ट्रेंडिंग कंटेंट और तेज डोपामिन रिलीज होने के कारण लोग लगातार वीडियो देखते रहते हैं, जिससे समय का बड़ा हिस्सा अनजाने में व्यर्थ हो जाता है। यह आदत पढ़ाई, काम और नींद पर नकारात्मक असर डालती है। विशेषज्ञों के अनुसार, स्क्रीन टाइम को सीमित कर, एप्स में टाइम लिमिट सेट कर और जागरूक उपयोग से इस लत को कम किया जा सकता है, जिससे समय का बेहतर उपयोग हो सके।

## एक नजर

### सऊदी-सीरिया के बीच उड़ानें 12 साल बाद बहाल

**रियाद।** सऊदी अरब की कम लागत वाली एयरलाइन 'फ्लाईनास' ने रियाद और दमिश्क के बीच सीधी उड़ानें शुरू की हैं और यह सऊदी अरब और सीरिया की राजधानियों के बीच 12 वर्षों में पहली सीधी हवाई संपर्क सेवा है। एयरलाइन ने गुरुवार से रियाद के किंग खालिद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे और दमिश्क अंतर्राष्ट्रीय ह हवाई अड्डे के बीच नॉनस्टॉप उड़ान सेवा शुरू कर दी है। 'फ्लाईनास' के कार्यकारी अधिकारी बांदर अलमोहन्ना ने कहा, एयरलाइन सीरिया के लिए अपनी उड़ानें फिर से शुरू करने से प्रसन्न है। यह कदम दोनों देशों के बीच संपर्क को मजबूत करने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

### नाटो ने रक्षा निवेश मांग पर जताई सहमति

**ब्रसेल्स।** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव मार्क रूट ने गुरुवार को कहा कि नाटो में अमेरिका के अधिकतर सहयोगी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस मांग का समर्थन करते हैं कि वे अपने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5 प्रतिशत अपनी रक्षा आवश्यकताओं पर निवेश करें और सुरक्षा खर्च को और भी बढ़ाने के लिए तैयार रहें। रूट ने ब्रसेल्स में नाटो रक्षा मंत्रियों की बैठक की अध्यक्षता के बाद कहा, ट्रंप के इस प्रस्ताव को व्यापक समर्थन मिला है। हम वास्तव में बेहद करीब हैं और हमें पूरा विश्वास है कि तीन सप्ताह में होने वाले अगले नाटो शिखर सम्मेलन में इस पर सहमति बन जाएगी।

### क्रूज ने सर्वाधिक छलांग लगाने का बनाया रिकॉर्ड

**लास एंजिलिस।** हॉलीवुड अभिनेता टॉम क्रूज ने जलते हुए पैराशूट से 16 बार छलांग लगाने के साथ ही सर्वाधिक बार ऐसा कारनामा करने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बना लिया है। उन्होंने अपनी नवीनतम फिल्म मिशन : इम्पॉसिबल – द फाइनल रेकनिंग के फिल्मांकन के दौरान ये उपलब्धि हासिल की। जून में दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई इस फिल्म में साहसिक दृश्य दिखाया गया है, जिसमें लाइसेंसधारी स्काईडाइवर क्रूज विमानन ईंधन में भीगे पैराशूट से बंधे हुए एक हेलीकॉप्टर से छलांग लगाते है और उसमें आग लगा देते हैं। उन्होंने यह हैरतअंगेज कारनामा (स्टंट) 16 बार किया।

### रूस के मिसाइल हमले से यूक्रेन में तीन की मौत

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के छह क्षेत्रों को 407 ड्रोन और 44 मिसाइलों से निशाना बनाया, जो तीन साल के युद्ध के सबसे बड़े हवाई हमलों में से एक है। यूक्रेन के अधिकारियों के अनुसार, रात के समय हुए हमले में कीव में आपातकालीन प्रतिक्रिया दल के तीन कर्मी मारे गए। यूक्रेनी वायुसेना के प्रवक्ता युरी इहनात ने बताया कि इस बमबारी में बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों के साथ ड्रोन का भी इस्तेमाल किया गया। यूक्रेनी सेना ने बताया कि उसने 30 क्रूज मिसाइलों और 200 से अधिक ड्रोन को मार गिराया। फरवरी 2022 में रूस द्वारा अपने पड़ोसी देश पर आक्रमण शुरू करने के बाद से यूक्रेनी शहरों पर नियमित रूप से बमबारी की जाती रही है।

### बाल पोर्नोग्राफी : 12 देशों से 20 लोग हुए गिरफ्तार

**ल्योन (फ्रांस)।** बाल पोर्नोग्राफी सामग्री के खिलाफ 12 देशों में चलाए अभियान के दौरान यूरोप और अमेरिका में 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वैश्विक पुलिस संगठन इंटरपोल ने यह जानकारी दी है। इंटरपोल के मुताबिक, स्पेन पुलिस के नेतृत्व में चलाया गया यह अभियान पिछले साल के अंत में शुरू हुआ था, जब पुलिस अधिकारियों ने बाल पोर्नोग्राफी से जुड़ी तस्वीरें प्रसारित करने वाले ऑनलाइन मैसेजिंग समूहों की पहचान की थी।

# मस्क ने अंतरिक्ष कैप्सूल की सेवाएं रद्द करने की पहले दी धमकी, बाद में पलटे

## कुछ घंटों बाद ही अरबपति उद्यमी ने कहा- वह अपनी धमकी पर नहीं करेंगे अमल

वाशिंगटन, एजेंसी



● स्पेसएक्स और स्टारलिंक के ठेकों को रद्द करने की ट्रंप की धमकी का जवाब दिया था एलन मस्क ने

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और एलन मस्क के बीच सोशल मीडिया पर गुरुवार को बहस हुई तो दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर अंतरिक्ष यात्रियों को ले जाने वाले तथा सामान की आपूर्ति करने वाले अंतरिक्ष कैप्सूल की सेवाएं देना बंद करने की धमकी दी। कुछ घंटों बाद मस्क ने कहा कि वह अपनी धमकी पर अमल नहीं करेंगे।

जब ट्रंप ने मस्क की रॉकेट कंपनी स्पेसएक्स और उनकी स्टारलिंक इंटरनेट सैटेलाइट सेवाओं को दिए गए सरकारी ठेकों को रद करने की धमकी दी, तो मस्क ने एक्स पर जवाब देते हुए कहा कि स्पेसएक्स अपने ड्रैगन अंतरिक्ष यान की सेवाएं प्रदान करना तुरंत बंद करेगा। यह स्पष्ट नहीं था कि धमकी कितनी गंभीर है, लेकिन कुछ घंटे बाद एक्स उपयोगकर्ता को दिए उत्तर में उन्होंने कहा कि वह ऐसा नहीं करेंगे। सरकारी ठेके के तहत विकसित किया गया कैप्सूल अंतरिक्ष स्टेशन को संचालित रखने में मुख्य भूमिका निभाता है। नासा अपने अन्य कार्यक्रमों के लिए स्पेसएक्स पर निर्भर है, जिनमें वैज्ञानिक मिशनों का प्रक्षेपण और इस दशक में अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा की सतह पर वापस भेजना शामिल है।

### नासा की बढ़ सकती थीं मुश्किलें

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और एलन मस्क में सोशल मीडिया पर गुरुवार को हुई बहस के बाद सरकारी ठेके के तहत विकसित किया गया कैप्सूल अंतरिक्ष स्टेशन को संचालित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नासा भी अपने अन्य कार्यक्रमों के लिए स्पेसएक्स पर काफी हद तक निर्भर है, जिनमें वैज्ञानिक मिशनों का प्रक्षेपण और इस दशक के अंत में अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा की सतह पर वापस भेजना शामिल है।

**ड्रैगन कैप्सूल :** स्पेसएक्स अकेली अमेरिकी कंपनी है जो अपने चार सदस्यीय ड्रैगन कैप्सूल से अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष स्टेशन तक ले जाने और वापस लाने में सक्षम है। बोइंग का स्टारलाइनर कैप्सूल अब तक सिर्फ एक बार ही अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर उड़ान भर पाया है, पिछले साल की परीक्षण उड़ान इतनी खराब रही कि दो नासा अंतरिक्ष यात्रियों को स्पेसएक्स से धरती पर लौटना पड़ा। स्टारलाइनर का अब उपयोग नहीं हो रहा है, क्योंकि नासा यह तय कर रहा है कि अगली परीक्षण उड़ान में मानव दल भेजा जाए या सिर्फ़ सामान। स्पेसएक्स अपने निजी रूप से संचालित मिशनों के लिए भी ड्रैगन कैप्सूल का उपयोग करता है। ऐसा अगला मिशन अगले सप्ताह उड़ान भरने वाला है, जिसे ह्यूस्टन की कंपनी ऐक्सियम स्पेस ने किराये पर लिया है।

### नासा के लिए दूसरा विकल्प है रूस का सोयूज कैप्सूल

रूस के सोयूज कैप्सूल इस वक्त अंतरिक्ष यात्रयों को अंतरिक्ष स्टेशन तक पहुंचाने के एकमात्र अन्य विकल्प हैं। सोयूज़ कैप्सूल एक बार में तीन लोगों को ले जा सकते हैं। फिलहाल, हर सोयूज़ प्रक्षेपण में दो रूसी अंतरिक्ष यात्री और एक नासा अंतरिक्ष यात्री होते हैं, जबकि हर स्पेसएक्स प्रक्षेपण में एक रूसी अंतरिक्ष यात्री शामिल होता है– यह अदला-बदली व्यवस्था के तहत किया जाता है। इस तरह, किसी आपात स्थिति में जब किसी कैप्सूल को वापस लौटना पड़े, तो उसमें हमेशा एक अमेरिकी और एक रूसी अंतरिक्ष यात्री मौजूद रहता है।




## फ्यूगो का तांडव



ग्वाटेमाला के सैन जुआन अलोटेनैंगो से फ्यूगो ज्वालामुखी के गड्ढे से निकले लावे ने अद्भुत लेकिन खतरनाक नजारा पेश किया। रात के अंधेरे में यह दृश्य प्रकृति की प्रचंड शक्ति का प्रतीक बनकर सामने आया। एजेंसी

# जापान का चंद्र मिशन असफल रहा

तोक्यो, एजेंसी



● निजी लैंडर चंद्रमा पर उतरते समय हुआ दुर्घटनाग्रस्त

जापान का निजी लैंडर शुक्रवार को चंद्रमा पर उतरने का प्रयास करते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। तोक्यो की कंपनी आईस्पेस ने लैंडर से संपर्क टूटने के कई घंटे बाद मिशन को विफल घोषित किया। प्रक्षेपण नियंत्रकों ने संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उन्हें कोई संदेश नहीं मिला जिसके बाद उन्होंने कहा कि वे मिशन को समाप्त कर रहे हैं।

अंतरिक्षयान के मिनी रोवर के साथ चंद्रमा पर उतरने से दो मिनट पहले ही संचार बंद हो गया। उससे पहले तक ऐसा लग रहा था कि चंद्रमा की कक्षा से उतरने की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। आईस्पेस के संस्थापक ताकेशी हाकामादा ने मिशन में योगदान देने वाले सभी लोगों से माफी मांगी। यह आईस्पेस का दूसरा चंद्र मिशन था। कंपनी का चंद्रमा पर पहुंचने का पहला प्रयास भी दो साल पहले विफल रहा था, जिसके बाद लैंडर का नाम रेसिलिएंस रखा गया। रेसिलिएंस चंद्रमा की धूल के लिए रोवर और सतह पर रखने को खिलौनाघर भी लेकर गया था।

# भारत में हाशिये पर पड़े समुदायों के कुछ लोग सर्वोच्च संवैधानिक पदों पर : गवई

लंदन, एजेंसी

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने कहा कि हाशिये पर पड़े समुदायों के प्रतिनिधि आज भारत के कुछ सर्वोच्च संवैधानिक पदों पर हैं, जो डॉ. बीआर आंबेडकर के समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व के दृष्टिकोण के अनुरूप है। गवई ने लंदन के ऐतिहासिक ग्रेज इन में गुरुवार शाम को भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर विशेष व्याख्यान में संविधान निर्माता के रूप में डॉ. आंबेडकर की स्थायी विरासत पर प्रकाश डाला।

आंबेडकर ने एक सदी से भी पहले ग्रेज इन से ही बैरिस्टर की उपाधि प्राप्त की थी। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि आधुनिक इतिहास के सबसे महान विधि विशेषज्ञों में से एक डॉ. आंबेडकर की विरासत पर विचार करना उनके लिए अविश्वसनीय रूप से भावनात्मक क्षण है। उन्होंने कहा कि उनके (सीजेआई के) खुद के करियर में भी इनका गहरा असर रहा है। सीजेआई ने कहा कि आंबेडकर की तरह ही हाशिये पर पड़े दलित सामाजिक पृष्ठभूमि वाले प्रतिनिधि आज देश के कुछ सर्वोच्च संवैधानिक पदों पर विराजमान हैं, जो बाबा साहब के भारतीय समाज के सभी वर्गों के लिए समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए काम कर रहे हैं। गवई ने कहा कि इस ऐतिहासिक संस्थान में खड़े होकर, मुझे डॉ. आंबेडकर द्वारा छोड़ी गई विरासत की याद आती है, जो केवल कानूनी क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की बुनियाद में भी है।



● सीजेआई ने लंदन के ऐतिहासिक ग्रेज इन में डॉ. आंबेडकर की स्थायी विरासत पर प्रकाश डाला

# पाकिस्तान के साथ चीन को नजरअंदाज करना असंभव

वाशिंगटन, एजेंसी

कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि भारत एवं पाकिस्तान के बीच हालिया संघर्ष के परिदृश्य में चीन ऐसा कारक है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। थरूर ने जोर दिया कि भारत और चीन के रिश्तों पर जमी बर्फ पिघलने की कवायद इस संघर्ष से पहले, पिछले कुछ महीनों में अच्छी प्रगति करती प्रतीत हो रही थी।

अमेरिका में संसदीय दल का नेतृत्व कर रहे थरूर ने कहा, हम जानते हैं कि चीन का पाकिस्तान में बहुत बड़ा हित है। उन्होंने भारतीय दूतावास में 'थिंक टैंक' के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। थरूर ने कहा कि बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के तहत सबसे बड़ी एकल परियोजना चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा है और 81 प्रतिशत पाकिस्तानी रक्षा उपकरण चीन से आए हैं।

थरूर ने कहा कि जून 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़पों के बाद से चीन और भारत के बीच तनाव के बावजूद चीन के साथ रिश्तों में जमी बर्फ पिछले साल सितंबर में वास्तव में पिघलने लगी थी और यह कवायद भारत-पाकिस्तान संघर्ष के होने से पहले प्रगति कर रही थी। फिर पाकिस्तान के लिए व्यावहारिक समर्थन के मामले में सुरक्षा परिषद में भी हमने अलग चीन देखा। पड़ोस के संदर्भ में हमारे सामने क्या चुनौतियां हैं, इसे लेकर हमें कोई भ्रम नहीं है लेकिन मैं आप सभी को याद दिलाना चाहता हूं कि भारत ने अपने विरोधियों के साथ भी संवाद के माध्यम खुले रखने का रास्ता हमेशा चुना है।



### ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-चीन के बीच हुई पहली कूटनीतिक वार्ता

**बीजिंग।** विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि भारत और चीन के शीर्ष राजनयिकों ने पिछले वर्ष दोनों देशों के नेताओं के बीच बनी सहमति को लागू करने के लिए द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। चीन में भारत के राजदूत प्रदीप कुमार रावत और चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेदोंग के बीच गुरुवार को हुई बैठक ऑपरेशन सिंदूर के बाद दोनों देशों के बीच पहली कूटनीतिक वार्ता है। चीनी विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया कि दोनों पक्षों ने दोनों देशों के नेताओं के बीच बनी महत्वपूर्ण सहमति को गंभीरतापूर्वक लागू करने के लिए मिलकर काम करने की इच्छा व्यक्त की। बयान में कहा गया है कि दोनों पक्ष सांस्कृतिक संबंधों और पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग को बढ़ावा देने, मतभेदों को उचित रूप से दूर करने और स्वस्थ व स्थायी तौर पर चीन-भारत संबंधों के विकास को बढ़ावा देने के तरीकों पर भी काम कर रहे हैं। दोनों पक्षों ने साझा चिंता के मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया।

# रूस ने ब्रिटिश काउंसिल को किया अवांछनीय घोषित

मॉस्को, एजेंसी

रूस ने ब्रिटिश काउंसिल को अवांछनीय संगठन घोषित करते हुए आरोप लगाया है कि ब्रिटेन की खुफिया सेवा एमआई-6 ब्रिटिश काउंसिल की आड़ में काम करती है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने गुरुवार को जारी बयान में आरोप लगाया कि ब्रिटेन की खुफिया सेवाएं देशों की संप्रभुता को कमजोर करने के उद्देश्य से ब्रिटिश काउंसिल का इस्तेमाल करती हैं।

जखारोवा ने कहा, रूस के सक्षम प्राधिकारियों को जानकारी मिली है कि ब्रिटिश खुफिया सेवाएं स्वतंत्र देशों की संप्रभुता को कमजोर करने के उद्देश्य से अभियानों में ब्रिटिश काउंसिल का इस्तेमाल करती हैं और यह विध्वंसक गतिविधियों में शामिल है। रूसी महाभियोजक के कार्यालय ने ब्रिटिश काउंसिल को अवांछनीय संगठन घोषित किया है, यह 2018 से निष्क्रिय है। जखारोवा ने यूक्रेन अभियान पर कहा कि विशेष सैन्य अभियान की शुरुआत के बाद ब्रिटिश काउंसिल ने ब्रिटेन सरकार के शत्रुतापूर्ण रूसी विरोधी कदमों में साथ दिया। प्रवक्ता ने कहा कि संगठन ने हमारे देश के नेतृत्व की नीति को बदनाम करने और दुनिया के कई क्षेत्रों, विशेष रूप से स्वतंत्र राष्ट्रों के राष्ट्रमंडल में रूसी प्रभाव को कम करने के सामान्य पश्चिमी प्रयास में जोर शोर से मदद की।



# यमुना के प्रदूषण में दिल्ली का योगदान 76 प्रतिशत

**नई दिल्ली।** दिल्ली में यमुना की कुल लंबाई का केवल दो प्रतिशत हिस्सा है, इसके बावजूद नदी में 76 प्रतिशत प्रदूषण के लिए राजधानी जिम्मेदार है। एक अध्ययन में यह बात कही गई है। दिल्ली में यमुना 52 किलोमीटर तक बहती है, जिसमें से 22 किलोमीटर का महत्वपूर्ण हिस्सा- वजीराबाद से ओखला तक- कई नियोजन और नीतिगत प्रयासों का केंद्र बिंदु बन गया है। अनुपचारित और आंशिक रूप से उपचारित मलजल छोड़ा जाना नदी में प्रदूषण का प्राथमिक कारण है। अध्ययन अनुसार शहर में प्रतिदिन 792 मिलियन गैलन (एमजीडी) मलजल उत्पन्न होता है जबकि केवल 618 एमजीडी का उपचार होता है। इस उपचारित जल का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा अब भी निर्धारित निर्वहन मानकों को पूरा करने में विफल रहता है।

नसीहत | तीन सदस्यीय पीठ ने हत्या के चार आरोपियों को जमानत के आदेश को रद्द कर की टिप्पणी

# बिना सोच-विचार किए अग्रिम जमानत न दें

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गंभीर अपराधों से जुड़े मामलों में अग्रिम जमानत बिना सोच-विचार किए नहीं दी जानी चाहिए। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, संजय करोल और संदीप मेहता की तीन सदस्यीय पीठ ने हत्या के एक मामले में चार आरोपियों को अग्रिम जमानत दिए जाने के आदेश को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की।

पीठ ने एक मई के दिए आदेश में कहा, पटना हाईकोर्ट के आदेश में, भारतीय दंड संहिता की धारा 302 और 307 के तहत गंभीर अपराधों से जुड़े मामले में अग्रिम जमानत देने का कोई तर्कपूर्ण आधार नहीं बताया गया है। यह समझ से परे है कि उक्त आदेश क्यों दिया गया और इसमें न्यायिक विश्लेषण का अभाव है। गंभीर अपराधों से जुड़े मामलों में, इस तरह से बिना सोच-विचार किए अग्रिम जमानत देना उचित नहीं है और इसे रद किया जाना चाहिए।

प्राथमिकी और दी गई सामग्री को सरसरी तौर पर पढ़ने पर शीर्ष अदालत ने पाया कि अपीलकर्ता के पिता पर हमला किया गया और उसकी हत्या अपीलकर्ता की उपस्थिति में हुई। शीर्ष अदालत ने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि यह घटना एक रास्ते को अवरूद्ध करने से जुड़े विवाद से उपजी है। जैसा कि प्राथमिकी में कहा गया है, आरोपियों की विशिष्ट भूमिकाएं इस बात का संकेत देती हैं कि पीड़ित (जिसकी बाद में मृत्यु हो गई) के अचेत हो जाने के बाद भी उन्होंने हमला जारी रखा।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट मामले में आरोपों की गंभीरता और प्रकृति को समझने में स्पष्ट रूप से विफल रहा। इसलिए, आरोपी को आठ सप्ताह में आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया जाता है। यह आदेश मृतक के बेटे द्वारा दायर याचिका पर आया, जिसमें अग्रिम जमानत देने के आदेश को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ता के पिता पर, 2023 में पड़ोसियों के बीच विवाद होने के दौरान सरिया और लाठियों से हमला किया गया था।



### पशु कुर्बानी के आदेश पर तत्काल सुनवाई से इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में विशालगढ़ किले में दरगाह पर ईद-उल-अजहा और उर्स पर पशु कुर्बानी की अनुमति देने वाले बंबई हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर शुक्रवार को तत्काल सुनवाई करने से इन्कार कर दिया। किला संरक्षित स्मारक है, जिसका हवाला देते हुए अधिकारियों ने परिसर में पशुओं और पक्षियों के वध पर रोक लगा दी थी। हाईकोर्ट के तीन जून के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ के समक्ष तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया था। वकील ने कहा, कल बकरीद है और हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र के विशालगढ़ में संरक्षित स्मारक में कुर्बानी की अनुमति दी है।